आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
13.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.45
सूर्यास्त 06.06

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी 11:10 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

रविवार, 22 फरवरी 2026, वर्ष 5, अंक 363, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया- 12



■ कारपोरेट सामाजिक दायित्व को राष्ट्र निर्माण की पूंजी बनाने की जरूरत : सीपी राधाकृष्णन - 12



■ सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र - 13



■ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तिलक और सूर्यकुमार को संभालना होगा मोर्चा - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, त्योहार में मनमुटाव दूर कर लगाएं अपनों को गले व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

# ट्रंप ने 24 घंटे के भीतर ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% किया

● राष्ट्रपति बोले- भारत से ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ 10% से बढ़ाकर 15% करने का ऐलान किया है। उन्होंने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर यह जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने शुक्रवार रात सभी देशों पर 10% टैरिफ लगाने की बात कही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने व्यापक शुल्क आदेशों को उच्चतम न्यायालय की तरफ से रद्द कर दिए जाने के बाद नया वैश्विक शुल्क लगाने की घोषणा की है। अब भारत को अब पहले के 25 प्रतिशत के बजाय केवल 15 प्रतिशत के जवाबी सीमा शुल्क का ही सामना करना होगा।



ट्रंप की इस घोषणा के मुताबिक, यह अस्थायी आयात शुल्क 15 प्रतिशत का होगा। आयात शुल्क वह कर है जो कोई देश अन्य देशों से आयात की गई वस्तुओं पर लगाता है। आयातक को यह शुल्क सरकार को चुकाना होता है। आमतौर पर कंपनियां यह शुल्क अंतिम उपयोगकर्ता या उपभोक्ता पर डाल देती हैं। इस वजह से आयातित वस्तुएं उस देश में महंगी हो जाती हैं। जहां तक जवाबी शुल्क का सवाल है तो इस कर को अमेरिका ने पहली बार लगाया था। अप्रैल, 2025 में अमेरिका ने भारत सहित लगभग 60 देशों पर यह शुल्क लगाया था, ताकि अमेरिकी निर्यातकों को समान अवसर मिल सके। उदाहरण के लिए, यदि कोई देश अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उस देश की वस्तुओं पर उतना ही शुल्क लगाएगा। यह मौजूदा शुल्कों के अतिरिक्त लगाया जाता है। भारत के संदर्भ में अमेरिका ने अप्रैल, 2025 में 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। जुलाई में यह 25 प्रतिशत कर दिया गया और अगस्त में रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क लगाया गया। इस तरह भारतीय उत्पादों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया।

फरवरी की शुरुआत में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने के बाद अमेरिका ने कहा कि भारत पर यह शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत किया जाएगा और अतिरिक्त 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क हटा दिया जाएगा। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

## भारतीय मूल के वकील नील ने अवैध टैरिफ के खिलाफ दलील दे पलटा ट्रंप का खेल



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक प्रभाव वाले वैश्विक टैरिफ को निरस्त करने संबंधी ऐतिहासिक फैसले के केंद्र में एक भारतीय मूल के वकील नील कात्याल हैं, जिन्होंने अमेरिका की शीर्ष अदालत में इन शुल्कों की अवैधता के खिलाफ दलील दी। भारतीय प्रवासी के पुत्र और राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में पूर्व अमेरिकी सॉलिसिटर जनरल रहे नील कात्याल ने छोटे व्यवसायों की ओर से इस महत्वपूर्ण टैरिफ मामले में बहस की और जीत हासिल की। फैसला आने के तुरंत बाद कात्याल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विजय। कात्याल ने एक साक्षात्कार में कहा, आज जो कुछ हुआ है वह अमेरिकी प्रणाली में बेहद खास है। मैं प्रवासी माता-पिता का बेटा हूं, मैं अदालत में गया और अमेरिका के छोटे व्यवसायों की ओर से यह दलील दी, देखिए, राष्ट्रपति अवैध तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना पक्ष रखने में सक्षम था, उन्होंने मुझसे बेहद कठिन सवाल पूछे। यह बहुत ही तीखी और गहन मौखिक बहस थी, और अंत में उन्होंने मतदान किया और हम जीत गए। उन्होंने आगे कहा, इस देश की यही बात असाधारण है। हमारे पास एक ऐसी व्यवस्था है जो स्वयं को सुधारती है, जो हमें यह कहने की अनुमति देती है कि आप दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हो सकते हैं, लेकिन फिर भी आप संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। कात्याल का जन्म शिकागो में चिकित्सक मां और अभियंता पिता के घर 1970 में हुआ था। उनके माता पिता भारत से यहां आये थे।

## ब्रीफ न्यूज

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाएं आरंभ

**रामनगर।** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गईं। पहले दिन इंटरमीडिएट में ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा में प्रदेशभर के विभिन्न केंद्रों से 635 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन की परीक्षा में कोई नकलची नहीं पकड़ा गया। हाईस्कूल की परीक्षाएं 23 फरवरी से शुरू होंगी। इस बार हाईस्कूल में 1,12,266 और इंटरमीडिएट में 1,02,986 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। दोनों बोर्ड की परीक्षाएं 20 मार्च तक संचालित होंगी। (विस्तृत पेज-3)

### अंतर्राज्यीय नशा तस्करी गिरोह के 5 सदस्य पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्मैक की आपूर्ति करने वाले एक अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं निवासी अमीन खान (24) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान खान ने खुलासा किया कि वह बदायूं के आपूर्तिकर्ताओं से स्मैक खरीदता था।

### नवजात की तस्करी वाले गिरोह का भंडाफोड़

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने गोद लेने की सुविधा प्रदान करने के बहाने नवजात शिशुओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पंजाब से दो लोगों को गिरफ्तार किया है तथा एक अन्य को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि अभियान के कांगड़ा पुलिस की एक टीम ने एक नाबालिग को भी बचाया। देहरा के पुलिस ने बताया कि रोहित राणा ने मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

# भारत-ब्राजील रिश्तों को नई मजबूती 20 अरब डॉलर का व्यापार समझौता

## प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा के बीच खनिज, सुरक्षा को लेकर हुई वार्ता

● मोदी बोले- लातिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है ब्राजील

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा शनिवार को व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अगले पांच वर्ष में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने रक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा एवं डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना सहित कई अन्य क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने का भी संकल्प लिया, और साथ ही अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति से निपटने के लिए भारत-ब्राजील के बीच गहन रणनीतिक जुड़ाव पर जोर दिया।

मोदी ने कहा, भारत और ब्राजील इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद और उसके समर्थक मानवता के दुश्मन हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। राष्ट्रपति लूला पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। उनकी यह यात्रा 18 फरवरी से शुरू हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेना और मोदी के साथ वार्ता करना है। वर्ष 2024-25 में भारत-ब्राजील व्यापार 12 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय निर्यात 6.77 अरब अमेरिकी डॉलर और ब्राजील से आयात 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। मोदी ने कहा कि जब भारत-ब्राजील मिलकर काम करते हैं, तो 'ग्लोबल साउथ' की आवाज मजबूत होती है।



नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

### राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमलों की निंदा की

वहीं, लूला ने अपनी टिप्पणियों में पहलगाम में हुई आतंकी हमलों की निंदा की और कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि अशांत वैश्विक माहौल के लिए भारत और ब्राजील को अपने रणनीतिक संबंधों को गहरा करने की आवश्यकता है तथा दोनों शक्तियों के बीच संवाद सर्वोत्तम स्तर की बातचीत है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ 'ग्लोबल साउथ' के दो सबसे बड़े लोकतंत्र ही नहीं हैं। यह एक डिजिटल महाशक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति का मिलन है। हम दोनों ही अत्यधिक विविधता वाले देश हैं और हम दोनों ही बहुपक्षवाद एवं शांति के समर्थक हैं।

### विकसित भारत के लिए 'मेड इन इंडिया' चिप अत्यंत महत्वपूर्ण : मोदी

**ग्रेटर नोएडा।** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम 'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति शृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# कुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : धामी



हरिद्वार कुंभ के लिए 234 .55 करोड़ के अवसंरचना कार्यों का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

संवाददाता, हरिद्वार

● मुख्यमंत्री धामी ने हरिद्वार में की कुंभ मेला तैयारियों की विस्तृत समीक्षा

● कहा-दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक होगा कुंभ मेला, समयबद्ध हों सभी काम

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार में उच्चस्तरीय बैठक में कुंभ मेला-2027 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेला दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक होगा। मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा, सुगमता और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस महाआयोजन की व्यवस्थाओं में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कुंभ मेले से संबंधित कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें और लिए गए निर्णयों का अविलंब अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुई कार्रवाई तथा वर्तमान में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए मेले से संबंधित सभी कार्य आगामी अक्टूबर माह तक पूरे करने के निर्देश दिए। कहा कि मेले के लिए सभी प्रमुख स्थायी कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा अस्थायी कार्यों के प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर उन्हें भी समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए। जोन एवं सेक्टर स्तर पर की जाने वाली तैयारियों को तय लक्ष्यों और समयसीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने व निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग हेतु थर्ड पार्टी ऑडिट भी कराने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुंभ मेले के सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन के लिए साधु-संतों, अखाड़ों, जनप्रतिनिधियों तथा धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का सहयोग लिया जाए और उनके सुझावों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाएं।

उन्होंने कुंभ मेले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। साथ ही साइबर सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था तथा रेस्क्यू कार्यों के लिए दक्ष कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

### 234.55 करोड़ के 34 अहम कार्यों का शिलान्यास

**हरिद्वार :** मुख्यमंत्री धामी ने कुंभ मेले को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए 234 .55 करोड़ रुपये की लागत से 34 प्रमुख अवसंरचना कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप कुंभ मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के साथ-साथ हरिद्वार शहर के दीर्घकालीन विकास को सुदृढ़ करने में यह अवस्थापना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

# शिक्षा निदेशक और विधायक समर्थकों में मारपीट

● दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

**देहरादून।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में शनिवार को उस समय अराजकता की स्थिति बन गयी जब शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल तथा रायपुर क्षेत्र से भाजपा विधायक उमेश शर्मा के समर्थकों में मारपीट हो गई। मारपीट की इस घटना में नौडियाल को एक आंख के पास चोटें भी आयीं जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

नौडियाल का आरोप है कि विधायक एक प्राथमिक स्कूल का नाम बदलने के संबंध में जानकारी के लिए आए थे और जब उन्होंने यह बताया कि मामला शासन स्तर पर लंबित है तो विधायक और उनके समर्थक भड़क गए तथा उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के आरोपों से इंकार करते हुए विधायक उमेश शर्मा ने कहा कि एक स्कूल बनाने के लिए निःशुल्क अपनी जमीन देने वाले परिवार की इच्छा है कि स्कूल का नाम उनके परिवार के बुजुर्ग पद्मसिंह रावत के नाम पर रख दिया जाए। परिवार इस मांग को लेकर पिछले सात-आठ माह से स्कूल तथा निदेशालय के चक्कर काट रहा है। नौडियाल ने परिवार को बताया था कि वह इस संबंध में शासन को चिट्ठी भेज चुके हैं। हालांकि, जब उन्होंने खुद प्रारंभिक शिक्षा सचिव को वहीं से कॉल कर पूछा तो उन्होंने ऐसी कोई फाइल आने से इंकार किया। इस पर उन्होंने अधिकारी के कार्यालय जाकर उनसे उस चिट्ठी की प्रति मांगी जो शासन को भेजी गई थी। अधिकारी ने चिट्ठी देने की बजाय अपने कमरे में कुछ लोग बुला लिए जिसके बाद मारपीट शुरू हो गयी। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि उनके साथ गनर थे और अगर वे लोग उन्हें न रोकते तो उन पर भी हमला हो सकता था। अधिकारी को लगी चोट के बारे में शर्मा ने कहा कि चोट के बारे में तो वे लोग बताएंगे, जिन्होंने मारा है क्योंकि हम तो रोक रहे थे।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश

● यौन शोषण मामले में एडीजे (पॉक्सो एक्ट) ने दिया आदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज की एक विशेष अदालत ने ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद गिरी के खिलाफ यौन शोषण के आरोपों के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) विनोद कुमार चौरसिया ने पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज कर विधिवत विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। अदालत के आदेश के बाद झूंसी थाने में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यह अर्जी शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173(4) के तहत दाखिल की गई थी। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है और सच्चाई सबके सामने आ जाएगी।

# जसपुर में बाघ ने बालक को मार डाला

संवाददाता, जसपुर

● दोपहर बाद घर के बाहर पशुओं को चारा डालने गया था अमरीक

**अमृत विचार:** मानव-वन्य जीव संघर्ष की एक और दुखद घटना में शनिवार को बाघ बालक को घर की चौखट से खींचकर ले गया और उसे मौत के घाट उतार दिया।



अमरीक उर्फ बब्बू

जानकारी के अनुसार, ग्राम तीरथ नगर स्थित सुंदर नगर कॉलोनी निवासी किसान शैलेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र अमरीक सिंह उर्फ बब्बू दोपहर बाद घर के बाहर पशुओं को चारा डालने गया था। इसी दौरान घात लगाए बाघ ने उस पर हमला कर उसे घसीट लिया। बालक की चीख सुनकर परिजन बाहर आए, लेकिन उसे नहीं पाया। तलाश में घर के पास ही उसका शव बरामद हुआ। अमरीक कक्षा आठ का छात्र था और परिवार में सबसे छोटा था।

उसका एक भाई और बहन हैं। वहीं, घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। कोतवाल राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डीएफओ पीसी आर्या ने कहा कि, घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बाघ को ट्रेंकुलाइज करने के लिये उच्च स्तर से अनुमति मांगी गई है। शासनादेश अनुसार मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### पीपलपड़ाव रेंज में हाथी की मौत

**दिनेशपुर।** पीपलपड़ाव रेंज के तिलपुरी गांव डाम अंदर क्षेत्र में शनिवार को जंगली हाथी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिला है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। रेंज अधिकारी पीसी जोशी और एसडीओ शशि देव सिंह ने बताया कि मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**बढ़ते कदम** | केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- दुनिया भर के देशों ने 'सभी के कल्याण और सभी की खुशी' के सिद्धांतों को मान्यता दी

# भारत के विजन पर 88 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● हस्ताक्षर करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के घोषणापत्र पर कुल 88 देशों एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, चीन, डेनमार्क और जर्मनी भी शामिल हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभावों पर आयोजित शिखर सम्मेलन को मिले वैश्विक समर्थन को दर्शाता है। इस घोषणा का मूल सिद्धांत 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' यानी 'सबके कल्याण के लिए, सबकी खुशी के लिए है। वैष्णव ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के मानव-केंद्रित एआई की दृष्टि को वैश्विक स्तर पर स्वीकार किया गया है। एआई संसाधनों, सेवाओं और प्रौद्योगिकी को समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाने का लक्ष्य सभी देशों ने स्वीकार किया है। उन्होंने यह भी कहा कि आर्थिक वृद्धि के साथ सामाजिक भलाई को संतुलित करने को प्राथमिकता दी जा रही है। वैष्णव ने कहा, सिर्फ आर्थिक वृद्धि ही नहीं, सामाजिक सामंजस्य पर भी ध्यान देना जरूरी है। सुरक्षा और भरोसा इस योजना के केंद्र में हैं और इन्हें मुख्य बिंदुओं में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि घोषणापत्र के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार और मानव संसाधन के विकास पर भी जोर दिया गया है। वैष्णव ने कहा, इन सभी क्षेत्रों में मिलकर काम करने पर सभी देशों ने सहमति जताई है। एआई इंपैक्ट समिट में केवल एआई से संबंधित बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से अधिक का निवेश सुनिश्चित किया गया।



### घोषणा को समर्थन में यह देश

इस घोषणा का 86 देशों और दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने समर्थन किया है। इनमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भूटान, ब्राजील, कनाडा, डेनमार्क, एस्टोनिया, इथियोपिया, जापान, इटली, इजराइल और आयरलैंड शामिल हैं। समर्थन देने वाले अन्य देशों में इंडोनेशिया, ईरान, हंगरी, यूनान, जर्मनी, फिनलैंड, मेक्सिको, म्यांमार, नेपाल, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, ओमान, फिलीपींस, पेरू, रोमानिया, रवांडा, सेनेगल, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, तंजानिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और यूक्रेन शामिल हैं। इसके अलावा यूरोपीय संघ (ईयू) और अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के रूप में दो अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भी इस घोषणा का समर्थन किया है।

## स्टेट ब्रीफ

### अंतिम छोर तक पहुंचें स्वास्थ्य सेवाएं

**देहरादून:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पीपलकोटी स्थित स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने अस्पताल प्रबंधन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, आधुनिक उपकरणों तथा मरीजों को प्रदान की जा रही उपचार सेवाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के अंतिम छोर तक रहने वाले नागरिकों को भी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों और इस दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### दो श्रमिकों का किया एसडीआरएफ ने रेस्क्यू

**देहरादून:** देहरादून स्थित एकता विहार कॉलोनी में निर्माणाधीन भवन में टैंक बनाने के लिए गड्ढा खोदते समय मिट्टी की डांग गिरने से शनिवार को दो श्रमिक दब गए। एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मेहनत के बाद दोनों को सकुशल निकाल लिया। एसडीआरएफ के कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने बताया कि दोनों श्रमिक नरेंद्र एवं विजय निवासी बिहार को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

# सीमांत क्षेत्रों के निवासी देश के प्रहरी: सीएम

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली में जनजाति समागम कार्यक्रम को किया संबोधित, कई घोषणाएं कीं

संवाददाता, चमोली



बिरही में जनजाति समागम में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, जनजातीय समाज ने सदियों से अपनी परंपराओं और प्रकृति संरक्षण की भावना को पहचान दिलाने का काम किया है, हमारे सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय भाई देश के सजग प्रहरी भी हैं।

शनिवार को बिरही (बेडूबगड़) में नीति-माणा जनजाति कल्याण समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय जनजाति समागम के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने नीति घाटी भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास एवं अन्य भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण करने के साथ कई घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, एकलव्य आदर्श विद्यालय समेत जनजातीय समाज के लिए कई कल्याकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। माणा को देश के अंतिम गांव की जगह देश के प्रथम गांव की संज्ञा दी और उनके इसी विचार और मार्गदर्शन से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार भी उत्तराखंड के जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। समाज के अन्तिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, जनजाति समाज के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने हेतु प्राइमरी से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। प्रदेश में 16 स्थानों में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भी संचालित किए जा रहे हैं। जनजाति समुदाय की बेटियों की शादी के लिए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है। जनजातीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रत्येक वर्ष जनजातीय महोत्सव एवं खेल महोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। टिम्मरसैंण महादेव के सौंदर्यीकरण और पहुंच मार्ग के लिए 26 करोड़, हीरामणि मंदिर के लिए 75 लाख और मलारी गांव के सामुदायिक स्थल के लिए 34 लाख की राशि जारी की चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, जनजातीय समुदाय ने सदियों से अपनी परंपराओं, लोकज्ञान और प्रकृति-संरक्षण की भावना से हमारी सभ्यता को मजबूती प्रदान की है। विशेषकर सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले हमारे जनजातीय भाई-बहनों का जीवन हमेशा से संघर्ष, अनुशासन और सामूहिकता की अनुपम मिसाल रहा है। आज आवश्यकता है कि हमारी इस महान जनजातीय परंपरा के पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय उत्पादों और प्राकृतिक संसाधनों को सहेजा जाए। इस मौके पर थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गैरसैंण में बजट सत्र की तैयारियों की हुई समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून



विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी।

**अमृत विचार:** ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराणीसैंण में नौ मार्च से विधानसभा बजट सत्र शुरू होने वाला है, इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने शनिवार को देहरादून स्थित विस भवन में तैयारियों की समीक्षा की।

प्रस्तावित पांच दिवसीय सत्र की तैयारियों संबंधित इस बैठक में विस अध्यक्ष ने विधानसभा सचिवालय और पुलिस विभाग को सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कहा कि विस की गरिमा और सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सत्र अवधि में विस के कर्मचारी भी बिना विधिवत जारी वाहन प्रवेश पत्र के परिसर में अपने वाहन प्रवेश नहीं कर सकेंगे। विधायकों की संस्तुति पर एक तथा मंत्रियों की संस्तुति पर अधिकतम दो आगंतुकों को ही प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे, जिससे अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

अध्यक्ष ने सत्र के दौरान विद्यालय एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सदन की कार्यवाही देखने के आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में तय हुआ कि सत्र की कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग और वेबकास्टिंग सूचना तथा लोक संपर्क विभाग तथा आईटी विकास अभिकरण द्वारा की जाएगी, ताकि आमजन भी पारदर्शिता के साथ सदन की कार्यवाही से जुड़ सकें। विस अध्यक्ष ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत की स्थिति उत्पन्न न हो। स्पष्ट किया कि यह बजट सत्र राज्य के विकास, जनहित के मुद्दों एवं नीतिगत निर्णयों पर गंभीर चिंतन-मनन का महत्वपूर्ण अवसर है, अतः इसकी गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि वे सत्र के संचालन के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे तथा सभी व्यवस्थाएं समय से की जाएंगी।

# दुश्मन सा व्यवहार कर रही कांग्रेस

संवाददाता, हल्द्वानी

- विधायक बंशीधर भगत ने बोला कांग्रेस पर बड़ा हमला



**अमृत विचार:** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 में कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है।

विधायक बंशीधर भगत ने देश के विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि यूनाइटेड किंगडम, सिओल और फ्रांस के बाद भारत में आयोजित हुए एआई समिट जो एक गंभीर वैश्विक इवेंट है, जिसमें विश्व लीडर्स और टेक दिग्गजों ने हिस्सा लिया और भारत ने विश्व में अपनी एआई क्षमता का प्रदर्शन कर अपनी मजबूती विश्व को दिखाई, ऐसे में विपक्ष ने अव्यवस्था, प्रबंधन की कमी जैसे आधारहीन आरोप लगाकर वैश्विक स्तर पर देशवासियों को शर्मिंदा करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, यह समिट दुनिया के लिए भारत की डिजिटल शक्तियों की क्षमता का प्रदर्शन साबित हुआ है। आरोप लगाया कि, कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी मानसिकता ने अंतर्राष्ट्रीय समिट को मजाक और जोक जैसी संज्ञा देकर दुश्मन देश के जैसा व्यवहार किया है। विश्व में चर्चा के विषय बने दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट से बौखलाया विपक्ष राजनीतिक बौखलाहट में प्रबंधन की कमी का रोना रोकर सिर्फ सुर्खियां बटोरना चाहता है। भाजपा विधायक ने कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आयोजन, जिसमें तीन लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन, सुंदर पिचाई, सैम ऑल्टमैन जैसे वैश्विक लीडर्स की भागीदारी और "नई दिल्ली डिक्लेरेशन" की घोषणा करने वाले महत्वपूर्ण मंच, जहां से भारत एआई के क्षेत्र में निवेश ,इनोवेशन और अपनी इंटरनेशनल स्टैंडिंग की छाप छोड़ रहा है, ऐसे महत्वाकांक्षी मंच की आलोचना करना कांग्रेस पार्टी एवं उसके नेताओं का चरित्र दर्शाता है। देश की जनता कांग्रेस पार्टी को उसकी नकारात्मक राजनीति का फल उनको एक दशक से विपक्ष में बैठाकर बखूबी दे रही है। कहा कि, अब तक के सबसे बड़े एआई समिट की ऐतिहासिक सफलता से भारत एआई के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित हुआ है जो विपक्ष को रास नहीं आ रहा है और वह अपनी राजनीति से बाज नहीं आ रहा।

# तीन दुकानों से नमूने लिए, दो को नोटिस

**नैनीताल:** होली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग ने विभिन्न दुकानों से खाद्य सामग्री के सेंपल लिए। सेंपल भरने को लेकर व्यापारियों ने विरोध भी दर्ज कराया। टीम ने तीन दुकानों से नमूने जांच के लिए भेजे हैं, जबकि अनियमितता पर दो दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं।

शनिवार को सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत के नेतृत्व में टीम तल्लीताल स्थित प्रकाश जनरल स्टोर पहुंची। यहां सेंपल लेने पर कुछ व्यापारियों ने विरोध जताते हुए कहा कि विभाग पंजीकृत दुकानदारों पर ही कार्रवाई करता है। व्यापारियों ने बिना पंजीकरण कारोबार करने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की। काफी देर तक चली बहस के बाद टीम ने दुकान से पनीर का सेंपल लिया। इसके बाद मल्लीताल स्थित प्रतिदिन डेयरी से दही और साह जनरल स्टोर से टोजो के नमूने भरे गए।

# खेल संस्कृति की पहचान बने खेल विविः राज्यपाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून



खेल विवि की प्रबंध परिषद की बैठक को संबोधित करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

**अमृत विचार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) की अध्यक्षता में शनिवार को लोक भवन में उत्तराखंड क्रीड़ा विश्वविद्यालय, प्रबन्ध परिषद की प्रथम बैठक आयोजित की गई।

राज्यपाल ने कहा कि खेल विवि केवल डिग्री प्रदान करने का केंद्र न होकर उत्कृष्ट खेल संस्कृति के निर्माण का सशक्त संस्थान बने। राज्य में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित प्रशिक्षण, आधुनिक संसाधन और सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराने की है। विश्वविद्यालय की कार्य योजना ऐसी होनी चाहिए, जो युवाओं को ''ग्राम से ओलंपिक'' तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करे।

उन्होंने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्हें पहचानकर व्यवस्थित प्रशिक्षण और अवसर उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। कहा कि राज्य में खेल संस्कृति की मजबूत नींव रखी जानी चाहिए, जिससे युवाओं में खेलों के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित हो सके। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को देश के अन्य खेल विश्वविद्यालयों एवं खेल संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश दिए, ताकि प्रशिक्षण, शोध, तकनीक और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने विवि के सफल संचालन के लिए वाइस चांसलर की स्वायत्तता को अनिवार्य बताया ताकि वे बिना किसी बाहरी प्रभाव के निर्णय ले सकें। इसके लिए उन्होंने पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी बताया। हल्द्वानी में है विवि का मुख्यालय बैठक में कुलपति, आईपीएस अमित कुमार सिन्हा ने विवि की स्थापना, शैक्षणिक योजनाओं, प्रशासनिक ढांचे, मानव संसाधन, प्रस्तावित पाठ्क्रम एवं अवस्थापना विकास से संबंधित विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। बैठक में विवि के शिक्षण एवं प्रशासनिक पदों के सृजन पर विचार विमर्श के उपरांत, औचित्य सहित प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराए जाने पर विचार किया गया। कुलपति सिन्हा ने बताया कि, विवि की परिकल्पना वर्ष 2022 में की गई थी, अधिनियम मार्च, 2025 में पारित हुआ तथा 5 मई, 2025 को राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय का मुख्यालय गौलापार, हल्द्वानी में स्थापित है जिसे ''मिशन ओलंपिक 2036'' के लक्ष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। बैठक में विवि के कुलसचिव डॉ. आशीष चौहान, अपर सचिव मनुज गोयल, अपर सचिव नवनीत पांडे आदि रहे।

# विधायक काऊ से जवाब तलब करेगी भाजपाः भट्ट

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा ने शिक्षा निदेशक के साथ हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की है। संगठन घटना में आरोपी विधायक का मामले में जवाब तलब करेगी। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने शनिवार को जारी बयान में स्पष्ट किया कि पार्टी किसी भी तरह की अराजकता और हिंसा के पूर्णतया खिलाफ है।

उन्होंने कहा कि जनसमस्या उठाना एक पहलू हो सकता है, लेकिन उसके लिए किसी को भी कानून के उल्लंघन की इजाजत नहीं दी जा सकती हैं। फिलहाल संज्ञान में आई इस घटना को पार्टी ने पूरी तरह गंभीरता से लिया है। इस संदर्भ में शीघ्र पार्टी अपने रायपुर विधायक उमेश काऊ से प्रकरण को लेकर ज़बाब तलब करेगी जिसमें उन तमाम परिस्थितियों को लेकर भी विस्तार से जानकारी ली जाएगी, जिसके चलते यह सब घटित हुआ। वहीं, इस पूरे प्रकरण में कानून अपना कार्य करेगा, जो भी दोषी पाए जाएंगे उनपर सख्त कार्रवाई के पक्ष में पार्टी है। प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षा कर्मियों से भी संयम बरतने की अपील की। कहा कि बोर्ड परीक्षाओं पर घटना का कोई असर न पड़े, इसके लिए शिक्षक समुदाय को संयम दिखाना होगा। पार्टी संगठन इस घटना के बाद आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की पक्षधर है और कानूनी कार्यवाही के साथ छात्रों के भविष्य पर सोचना भी जरूरी है।

# गढ़वाल व कुमाऊं में बनेंगे सिल्क पार्क

मुख्य संवाददाता, देहरादून



रेशम मेले का शुभारंभ करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

**अमृत विचार:** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सहसपुर में आयोजित रेशम कृषि मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि, शीघ्र ही गढ़वाल और कुमाऊं में एक एक सिल्क पार्क विकसित किए जाएंगे।

इस अवसर पर मंत्री जोशी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य बहुमूल्य प्रजाति के बाईवोल्टीन रेशम कोया उत्पादन के लिए देशभर में प्रसिद्ध है, जिसकी गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की है। उन्होंने बताया कि राज्य के मैदानी एवं तराई क्षेत्र बाईवोल्टीन प्रजाति के कोया उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। पर्वतीय एवं सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां भारी उद्योग स्थापित करना संभव नहीं है, वहां उपलब्ध श्रमशक्ति का उपयोग करते हुए किसानों को वन्या रेशम जैसे ओक टसर, मूगा एवं एरी रेशम उत्पादन से जोड़ा जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। कहा कि वर्ष 2025-26 में राज्य कैबिनेट द्वारा रेशम कोयों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पारित किया गया है, जिससे किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त होगा। साथ ही, विभागीय औद्यानिक कार्यों में लगे दैनिक श्रमिकों की मजदूरी 195 रुपये प्रतिदिन से बढ़ाकर 480 रुपये प्रतिदिन की गई है, जिससे श्रमिकों को आर्थिक रूप से अधिक लाभ मिल रहा है।

इससे उत्तराखण्ड न केवल आत्मनिर्भर बना है, बल्कि भविष्य में अन्य राज्यों को भी रेशम कीट बीज उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, निदेशक रेशम प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# अपात्रों की पेंशन बंद करने पर सीएम ने लगाई मुहर

संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री ने प्रकरण की जांच कर प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारण तथा विधिक कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार के सरकारी पेंशन प्राप्त कर रहे वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन के संदिग्ध 1377 पेंशनर्स का जनपदों से सत्यापन कराते हुए सभी अपात्रों की पेंशन बन्द करते हुए उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने का अनुमोदन प्रदान करते हुए प्रत्येक स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करने के निर्देश प्रदान किए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके कड़े निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के स्तर पर सरकारी पेंशन प्राप्त करने वालों द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन आदि का भी लाभ प्राप्त करना नियमों के प्रतिकूल है। ऐसे कृत्यों की गहनता से की गई जांच में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं, भविष्य में इस प्रकार के मामलों की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए भी सजकता से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

# बेस में दिनभर ठप रही अल्ट्रासाउंड सेवा

**हल्द्वानी :** बेस अस्पताल में शनिवार को अल्ट्रासाउंड सेवा ठप रही। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को अल्ट्रासाउंड नहीं होने से परेशान होना पड़ा। एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण सभी मरीजों को निराश लौटना पड़ा।

बेस अस्पताल में रोजाना 40-50 मरीज अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचते हैं। अस्पताल में दो रेडियोलॉजिस्ट तैनात हैं, जिनमें एक अवकाश पर चल रहे हैं। जबकि दूसरे रेडियोलॉजिस्ट भी शनिवार को अधिकारिक कार्य के चलते अस्पताल में नहीं पहुंचे। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केएस दताल ने बताया कि एक रेडियोलॉजिस्ट पहले से छुट्टी पर चल रहे हैं। जबकि दूसरे रेडियोलॉजिस्ट को ऑफिशियल कार्य के चलते कोर्ट में जाना पड़ा, जिससे अल्ट्रासाउंड कार्य दिनभर बंद रहा।

## तैयारी

### मौसम और संभावित आपदाओं की जानकारी पहले से मिल जाने से शासन-प्रशासन से समय से कर सकेगा बचाव के उपाय

# आपदा नियंत्रण को प्रदेश में स्थापित होंगे एडब्ल्यूएस व डॉप्लर रडार

मुख्य संवाददा, देहरादून



यूएसडीएमए की बैठक लेते आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन।

**अमृत विचार:** अगले कुछ माह में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आधुनिक तकनीक आधारित उपकरण स्थापित होंगे, जिससे मौसम और संभावित आपदाओं की जानकारी पहले से मिल सकेगी और जनहानि व नुकसान कम हो सकेगा।

दरअसल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) द्वारा राज्य में आपदा जोखिम को कम करने तथा समय पर सटीक चेतावनी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अर्ली वार्निंग सिस्टम को सशक्त करने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी क्रम में शनिवार को राज्य के सभी 13 जिलों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने भारत सरकार के एनडीएमआईएस पोर्टल पर आपदा मद में हुए खर्च का पूरा विवरण शीघ्र अपलोड करने के निर्देश देते हुए कहा कि समयबद्ध तरीके से डेटा अपडेट करना बेहद जरूरी है, ताकि योजनाओं की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में आपदाओं के दौरान लापता व्यक्तियों को मृत घोषित किए जाने से जुड़े मामलों पर भी चर्चा की गई। सचिव ने कहा कि जिन मामलों में कार्यवाही लंबित है, उनके प्रस्ताव जल्द शासन को भेजे जाएं, जिससे प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सके।

इस दौरान वर्ष 2025 में हुई आपदाओं के दौरान मृत नेपाली मूल के लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। सचिव ने सभी जनपदों को निर्देश दिए कि ऐसे सभी लंबित प्रकरणों की विस्तृत रिपोर्ट शासन को भेजी जाए, ताकि केंद्र सरकार के स्तर पर आगे की कार्यवाही के लिए पैरवी की जा सके।

### यहां-यहां लगेंगे एडब्ल्यूएस

सचिव ने बताया कि रक्षा भू-स्थानिक अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) द्वारा राज्य के 10 जनपदों में ऑटोमेटेड वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) स्थापित किए जाएंगे। बताया कि सबसे अधिक आठ एडब्ल्यूएस उत्तरकाशी और टिहरी जनपद में लगाए जाएंगे। इसके अलावा पौड़ी में 7, देहरादून में 5, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर में तीन-तीन, अल्मोड़ा में 2 तथा नैनीताल और हरिद्वार में एक-एक एडब्ल्यूएस स्थापित किए जाएंगे। इन उपकरणों के माध्यम से मौसम से जुड़ी सटीक और त्वरित जानकारी प्राप्त होगी, जिससे समय रहते चेतावनी जारी की जा सकेगी।

### यहां लगाए जाएंगे डॉप्लर रडार

सचिव के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा देहरादून, अल्मोड़ा, चम्पावत और चमोली जनपदों में से किन्हीं तीन जनपदों में डॉप्लर रडार लगाए जाएंगे। डॉप्लर रडार के माध्यम से वर्षा, बादल और मौसम की गतिविधियों पर रियल टाइम निगरानी संभव होगी, जिससे आपदा प्रबंधन में और अधिक मजबूती आएगी। सभी संबंधित जनपदों को एडब्ल्यूएस तथा डॉप्लर रडार लगाए जाने हेतु भूमि चयनित कर शीघ्र प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।



नैनीताल में शनिवार को आसमान में छाए बादल। • अमृत विचार

### नैनीताल में दिन भर चला धूप-छांव का खेल

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शनिवार का धूप और छांव का खेल पूरे दिन चला। तापमान सामान्य बने रहा। ठंड का एहसास देर शाम को शुरू हुआ। नगर में धूप और बादलों की आंख मिचौली सुबह से शुरू हो गई थी, जो पूरे दिन जारी रही। शाम के समय कुछ देर को हल्का कोहरा छा गया, जो जल्द ही छंट गया। जिस कारण ठंड में अधिक बढ़ोतरी हो गई और लोगों को आग व हीटर का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी मौसम शुष्क बना रहेगा। सोमवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर दो दिन बने रहने की संभावना है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जबकि न्यूनतम 11 रहा। आद्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

## सिटी ब्रीफ

### तेज रफ्तार थार का कहर बुलेट सवार को उड़ाया

**हल्द्वानी :** किशनपुर रैक्वाल दौलतपुर चोरगलिया निवासी दीपक बेलवाल पुत्र चंदन बेलवाल ने बताया कि बीती 19 फरवरी को अपने घर से हल्द्वानी स्थित एक हॉस्पिटल जाने के लिए निकले थे। घर से कुछ ही दूरी पर तेज रफ्तार थार ने बुलेट सवार दीपक को चपेट में ले लिया। घायल के मुताबिक थार को विवेक रावत नाम का व्यक्ति चला रहा था। थानाध्यक्ष हरपाल ने बताया कि घायल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### विकास परिषद ने लगाया दिव्यांगों के लिए शिविर

**हल्द्वानी :** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से शनिवार को पीएसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार दिव्यांगों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, ग्राम प्रधान त्रिवेणी गयाल, बीटीसी सदस्य गौरव बिष्ट रहे।

### रोजेदारों ने की अल्लाह की इबादत

**हल्द्वानी :** पवित्र रमजान-उल-मुबारक माह के तीसरे दिन शनिवार को अल्लाह की इबादत के साथ तीसरा रोजा रखा। मस्जिदों में तरावीह हुई और रोजेदारों ने इफ्तार किया। शहर काजी शेख मुफ्ती मुहम्मद आजम कादरी ने बताया कि रोजेदारों ने भी तमाम दुनियावी चीजों को कुर्बान कर पूरी शिद्दत से रोजा रखा। मस्जिदों के साथ साथ घरों में भी इफ्तारियों का दस्तरख्वान सजा। रोजे पर जामा मस्जिद, बंजारन मस्जिद, नमरा मस्जिद, मस्जिद उमर सुनहरी मस्जिद, लाल मस्जिद, एक मिनार मस्जिद, रजा मस्जिद, ख्वाजा मस्जिद में नमाज के दौरान मस्जिदों में भीड़ रही।

### शिविर लगाकर सुनीं जनसमस्याएं

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम की टीम ने शनिवार को गैस गोदाम रोड, जयपुर बीसा और वार्ड नंबर 56 में विशेष शिविर लगाए। इन शिविरों में अधिकारियों ने सीधे जनता से संवाद किया और उनकी शिकायतों को सुना। ग्रामीण बड़ी संख्या में बिजली बिल, मीटर में खराबी, लो-वोल्टेज और नए कनेक्शन जैसी समस्याओं के साथ पहुंचे। अधिकारियों ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। ग्रामीण खंड के ईई एसके गुप्ता ने बताया कि ऊर्जा निगम का उद्देश्य लोगों को बेहतर सेवा देना है।

---

लोनिवि, पर्यटन विभाग की भूमि बना रहा है केंद्र, धाम का भी होगा सौंदर्यीकरण

# कैंचीधाम में बनेगा स्पिरिचुअल मेडिटेशन सेंटर

- नौ सौ वर्ग मीटर के केंद्र में एक साथ 30 श्रद्धालु एक साथ लगा सकेंगे ध्यान, पाथवे, डिस्पेंसरी, हाईटेक शौचालय भी बनेगा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



प्रस्तावित स्पिरिचुअल मेडिटेशन सेंटर। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद नैनीताल के भवाली स्थित कैंचीधाम में श्रद्धालु अध्यात्मिक ऊर्जा से भी सरोबार हो सकेंगे। वे बाबा के दर्शन के बाद ध्यान भी लगा सकेंगे इसके लिए कैंचीधाम में एक अध्यात्मिक मेडिटेशन सेंटर बनाया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, कैंचीधाम में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। अमूमन देखा गया है कि दर्शन के बाद श्रद्धालु ध्यान लगाने के लिए यहां-वहां बैठते हैं। मंदिर परिसर, नदी किनारे ध्यान लगाते हैं इसको ध्यान में रखते हुए लोनिवि कैंचीधाम में पर्यटन विभाग की भूमि पर 900 वर्ग मीटर में स्पिरिचुअल मेडिटेशन सेंटर बना रहा है, इस सेंटर में एक बार में 30 श्रद्धालु एक साथ ध्यान लगा सकेंगे। झोपड़ीनुमा आकार में बनने वाला यह केंद्र हरियाली से भरपूर होगा ताकि अध्यात्मिक के साथ मानसिक-शारीरिक ऊर्जा भी प्राप्त हो सके। इसके अलावा कैंची धाम में डिस्पेंसरी, पाथवे, हाईटेक शौचालय और एक पुलिस आउटपोस्ट का भी निर्माण किया जा रहा है। 17.59 करोड़ की लागत के इस प्रोजेक्ट से कैंचीधाम में श्रद्धालुओं को स्तरीय सुविधाएं, सुरक्षा व सहूलियत मिलेगी।

लोनिवि ईई रत्नेश सक्सेना ने बताया कि चैलेंज बेस्ड डिवोशनल डेस्टिनेशन (सीबीडीडी) योजना से कैंचीधाम को संवारा जा रहा है। इसके अंतर्गत कैंचीधाम में मेडिटेशन सेंटर, डिस्पेंसरी, पाथवे, हाईटेक शौचालय और पुलिस चौकी का निर्माण किया जाएगा।

---

# पीपलसाना में अवैध कॉलोनी ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



रामनगर के पीपलसाना में कॉलोनी के मुख्य मार्ग को ध्वस्त करती जेसीबी।

> जिलाधिकारी के बहुद्देश्यीय शिविर में अवैध कॉलोनी की शिकायत आई थी। जांच के बाद कॉलोनी स्वामी को नोटिस भेजा गया लेकिन एक सप्ताह बाद भी जवाब नहीं मिलने पर कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया है। कॉलोनी में दो मकान बने हैं जिन्हें सील कर दिया गया है। साथ ही रेरा को भी चालान भेजा गया है। **-विजय नाथ शुक्ला,** सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण

**अमृत विचार :** जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने रामनगर के पीपलसाना में बिना नक्शा स्वीकृत कराए बसाई गई अवैध आवासीय कॉलोनी ध्वस्त कर दी। कॉलोनी में दो मकान बने थे जिन्हें सील कर दिया गया है जबकि एंट्री की मुख्य सड़क जेसीबी से ध्वस्त की गई है।

डीएम ललित मोहन रयाल के हाल ही में रामनगर की जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार बहुद्देश्यीय शिविर में पीपलसाना में अवैध कॉलोनी बसाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसको संज्ञान लेते हुए जिला स्तरीय प्राधिकरण की टीम ने जांच की। पड़ताल में सामने आया कि काशीपुर निवासी मोहम्मद अशरफ और आदिल पीरूमदार के समीप पीपलसाना में अमरदेव ग्रीन सिटी बसा रहे हैं। इस कॉलोनी का कोई भी ले आउट स्वीकृत नहीं कराया गया है, न ही रेरा (रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी) के मानकों का पालन किया गया है। इस पर प्राधिकरण की ओर से नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद प्राधिकरण ने उक्त कॉलोनी के मेन एंट्री गेट की सड़क को जेसीबी लगाकर तोड़ दिया और घरों को सील कर दिया। इस कॉलोनी का चालान बनाकर रेरा को भेजा है।

---

# हर 15 दिन में होगी यूयूएसडीए प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

एडीबी के लंबित प्रोजेक्ट्स को लेकर बैठक, अधूरे कामों में तेजी लाने को सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाने के दिए निर्देश

- सीवर-पेयजल लाइन, सड़क चौड़ीकरण, चौराहे सुधारीकरण, जमरानी डैम प्रोजेक्ट्स आदि की समीक्षा की गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की।

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूयूएसडीए) की एशियन विकास बैंक से वित्त पोषित प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। इसमें लंबित पड़े सभी प्रोजेक्ट्स की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

शनिवार को हल्द्वानी सभागार में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने सड़क चौड़ीकरण के लंबित प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा। इस अवसर पर सड़क चौड़ीकरण में आ रही तकनीकी व व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इनका सर्वसम्मति व आपसी समन्वय के जरिए समाधान निकाला गया और लंबित प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए काम की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद सीवर व पेयजल लाइन बिछाने की योजनाओं की समीक्षा की।

सीवर एवं पेयजल योजना में सड़क निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की। निर्देश दिए कि समयबद्ध ढंग से लंबित सड़कों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाए तथा योजनाबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किया जाए। यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिह ने कहा कि वर्तमान में 275 किमी सड़कों में 142 किमी का पुर्ननिर्माण कर दिया गया है। सिर्फ 92 किमी सड़कों पर सरफेसिंग करने के बाद डामरीकरण शुरू कर दिया गया है। सीवरप्रोजेक्ट में मुख्य सड़कों पर ट्रंक सीवर लाइन बिछाई जा रही है। इस मौके पर जमरानी बांध प्रोजेक्ट में आ रही दिक्कतों पर भी मंथन हुआ और संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही शहर के चौराहों के सुधारीकरण में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही तय हुआ कि हर 15 दिन में समीक्षा बैठक की जाएगी।

इस दौरान लोनिवि, बिजली, जल संस्थान आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## लंबित प्रोजेक्ट्स में गति लाएंः सुमित



आवास पर यूयूएसडीए अधिकारियों के साथ बैठक करते विधायक सुमित हृदयेश। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विधायक सुमित हृदयेश ने शनिवार को आवास विकास स्थित कैंप कार्यालय व आवास पर यूयूएसडीए प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह के साथ बैठक की। इसमें हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र में नये जुड़े वार्ड संख्या 34, 35, 36, 37, 48, 49 एवं 50 की जनता भी मौजूद रहीं।

बैठक में विभिन्न वार्डों की जनता ने विभिन्न समस्याएं जैसे अधूरे पेयजल लाइन बिछाने एवं सड़क निर्माण, ड्रेनेज, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज सिस्टम आदि गिनाईं। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े सभी मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित एवं अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र गति बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी विस क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड का संतुलित एवं समुचित विकास उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान महेशानन्द, शंकर लाल, ऋषु, जगदीश भारती, खीमानन्द पांडे, लक्ष्मीकान्त, संजू उप्रेती, मन्नू गोस्वामी, बच्ची सिंह बोरा, एनबी गुणवन्त, नवीन पांडेय, विनोद दानी, मुकुल बल्यूटिया आदि रहे।

---

## 230 परीक्षार्थियों ने दी ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा

**हल्द्वानी :** इंटरमीडिएट की ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा के साथ उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हुई। जिसमें जिले के 9 परीक्षा केंद्रों में इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जिले में कुल 234 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 230 ने परीक्षा दी, जबकि 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में नकलविहीन और शांतिपूर्वक परीक्षा संपन्न हुई।

जिले में जीआईसी ज्योलिकोट, जीआईसी कटघरिया, जीआईसी लामाचौड़, जीजीआईसी हल्द्वानी, महात्मा गांधी इंटर कॉलेज, दौलिया इंटर कॉलेज, जीआईसी नौकुचियाताल, जीआईसी मंगोली, मोहन लाल साह बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल में परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शहर के कालाढूंगी रोड स्थित पीएमश्री बालिका इंटर कॉलेज में 9 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर में अधिकांश प्रश्न आसान और पढ़े हुए आए थे। इंटरमीडिएट की छात्रा पायल ने बताया कि पेपर में मुगल शैली, राजस्थानी और पहाड़ी शैली की विशेषता पर प्रश्न पूछे गए थे। उन्होंने बताया कि पेपर आसान था।

---

# सवर्णों ने यूजीसी के विरोध में निकाली रैली




रामलीला मैदान में आक्रोश रैली को संबोधित करते संयोजक प्रकाश हर्बोला।

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्णों ने रैली निकाल कर आक्रोश जताया। उन्होंने एक सुर में जाति भेदभाव को बढ़ाने वाले इस कानून को खत्म करने की मांग की। अंत में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन डीएम को सौंपा गया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, शनिवार को सवर्ण शक्ति संगठन के बैनर तले सवर्ण समाज के सदस्य रामलीला मैदान में इकट्ठा हुए। यहां संयोजक प्रकाश हर्बोला ने कहा कि सवर्ण संगठन अभी सरकार को केवल चेताया है। यूजीसी कानून-2026 केवल एससी एसटी ओबीसी छात्रों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों की सुरक्षा नजरअंदाज की गई है। रोहित वेमूला केस में गाइड लाइन बनाने को कहा गया लेकिन सरकार ने ओबीसी को भी जोड़ दिया। जांच पैनल में एक भी सवर्ण को नहीं लिया गया है जो कि सवर्णों के लिए घातक है। सह संयोजक भुवन भट्ट ने कहा की सवर्ण समाज को अब नींद से जागना चाहिए, बच्चों में भेदभाव वाला कानून नहीं चाहिए। समानता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए यह जाति के आधार पर भेदभाव करते हैं। इक्विटी बोर्ड में एससी एसटी ओबीसी महिला व दिव्यांग का अनिवार्य प्रतिनिधित्व है जबकि सामान्य वर्ग के लिए कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है। यह समाज को बांटने और जाति भेदभाव को बढ़ाने वाला काला कानून है।

इसके बाद उन्होंने रामलीला मैदान से नैनीताल रोड से होते हुए डीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली और इस एक्ट को समाप्त करने की मांग को लेकर डीएम ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपा। वोट बैंक के खातिर काला कानून को लाया गया है, जिसका भरपूर विरोध किया जाएगा। अभी यह शुरुआत है, जल्द ही महासम्मेलन किया जाएगा। इस दौरान तेज सिंह कार्की, तरुण वानखेडे, लखन निगल्टिया, सीमा बत्रा, ज्योति अवस्थी, प्रताप जोशी, अनिता जोशी, काजल खत्री, बबीता जोशी, प्रभा खनका, परमजीत कौर, सुरेंद्र नरूला, अमर सिंह ऐरी, कंचन रौतेला, पूरन भट्ट, दरबान सिंह, योगेश शर्मा, शेखर ऐरी, आरपी सिंह, मनोज अग्रवाल, योगेंद्र भट्ट, हर्षवर्धन पांडे, कैलाश जोशी, जीवन कार्की, नवीन पंत, सुरेंद्र नेगी, प्रमोद पंत, गोपाल भट्ट, राजेंद्र गुप्ता, मनोज जोशी, रवि जोशी, गौरव तिवारी, योगेंद्र बिष्ट, कीर्ति तिवारी आदि रहे।

---

## काठगोदाम से मुंबई को चलेगी विशेष ट्रेन

**हल्द्वानी :** होली को लेकर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए इज्जतनगर मंडल ने मुंबई से काठगोदाम के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से मुंबई-सेंट्रल-काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन कुल 5 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

ट्रेन 25 फरवरी, 4 मार्च, 11, 18 और 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से सुबह 10:55 बजे प्रस्थान करेगी। अगले दिन दोपहर 2:30 बजे काठगोदाम पहुंचेगी। वापसी में काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन 26 फरवरी और 5 मार्च, 12, 19 और 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को शाम 5:30 बजे काठगोदाम से चलेगी और मार्ग के प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव करते हुए अगले दिन रात्रि 9:00 बजे मुंबई पहुंचेगी।

---

# फ्रिज में धमाके से लगी आग, महिला हुई बेहोश

संवाददाता, हल्द्वानी



शार्ट सर्किट से जला फ्रिज।

**अमृत विचार :** कठघरिया क्षेत्र के कृष्णा विहार कॉलोनी में शनिवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर में रखे फ्रिज में शार्ट सर्किट से आग लग गई। कुछ ही पलों में फ्रिज जोरदार धमाके के साथ फट गया। अचानक हुए विस्फोट और तेज आवाज से घर में मौजूद महिला बदहवास हो गई। घर में धुंआ भरने से महिला बेहोश हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना नंदनपुर गांव स्थित कृष्णा विहार कॉलोनी की है, जहां भुवन पांडे अपने परिवार के साथ किराए पर रहते हैं। बताया गया कि शनिवार की शाम भुवन पांडे काम पर गए हुए थे। उनकी पत्नी रेखा पांडे घर पर अकेली थीं। इसी दौरान रसोई के पास रखे फ्रिज में अचानक शार्ट सर्किट हुआ और उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फ्रिज फट गया। धमाके के साथ फ्रिज से गैस निकलने लगी, जिससे पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई। घटना के बाद कॉलोनी में हड़कंप मच गया। इस बीच घर में फंसी रेखा धुंए की वजह से बेहोश हो गई।

---

# बनभूलपुरा में ड्रोन से होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** रेलवे बनाम बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में फैसले की घड़ी एक बार फिर नजदीक आ रही है और जिस तरह से हाल में बनभूलपुरा में एक बर्खास्त शिक्षक के घर से एके-47 के कारतूस समेत कुल 17 कारतूस और तमंचे मिले थे, उसने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बड़ी बात यह है कि इस बार पुलिस इलाके में फ्लैग मार्च करने के बजाय ड्रोन की मदद से बनभूलपुरा की हलचल पर नजर रखेगी।

रेलवे लाइन किनारे बसे बनभूलपुरा के एक बड़े हिस्से पर रेलवे का दावा है। हालांकि बनभूलपुरावासी इसे अपनी जमीन बता रहे हैं। इस मामले पर हाईकोर्ट फैसला सुना चुकी थी। जिसके बाद बनभूलपुरावासियों ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुनवाई हुई और अब 24 फरवरी को इस मसले पर अंतिम फैसला प्रस्तावित है। फैसले से पहले पुलिस ने बनभूलपुरा इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करनी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बनभूलपुरा के आसमान पर 24 घंटे निगरानी के लिए 2 ड्रोन उड़ाए जाएंगे। इससे यह देखा जाएगा कि बनभूलपुरा में किस तरह की गतिविधियां चल रही हैं। इसके अलावा बनभूलपुरा कोतवाली के 31 हिस्ट्रीशीटर की तलाश शुरू कर दी गई है। सभी की परेड कराने की तैयारी की जा रही है। साथ ही उन 90 लोगों को भी तलाशा जा रहा है, जो लगभग दो साल पहले बनभूलपुरा हिंसा के आरोप में जेल गए थे। इस मामले का मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक अब भी जेल में हैं। हिंसा के कई आरोपी भी बंद हैं। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल का कहना है कि ड्रोन से निगरानी के साथ हिस्ट्रीशीटर की परेड कराने के लिए कोतवाल बनभूलपुरा डीएस फर्त्याल को निर्देश दिए गए हैं।

---

जांच-पड़ताल

अभी तक यह भी साफ नहीं कि किस देश से भेजे गए धमकी भरे ई-मेल

# न्यायाधीशों को धमकी में भारतीय इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं

- डिजिटल फुट प्रिंट में उलझी पुलिस अब आईएसपी की ली जा रही मदद
- राज्य के कई जिलों में मिला था अदालतों को बॉम्ब थ्रेट

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** पहले जिला जजों और फिर हाईकोर्ट को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी देने वाला कौन है, कहां है... फिलहाल अभी सब अंधेरे है। पुलिस तो अभी तक डिजिटल फुट प्रिंट भी ट्रेस नहीं कर पाई है। हालांकि इतना तो साफ हो गया है कि धमकी भरे ई-मेल भेजने वाले ने भारत में इस्तेमाल होने वाले इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं किया। इसका सीधा मतलब यह है कि धमकी देने वाला कहीं भारत के बाहर बैठा है या फिर भारत में ही रहकर उसने विदेशों में इस्तेमाल होने वाले इंटरनेट का इस्तेमाल किया है।

बता दें कि बीती 16 फरवरी को नैनीताल जिले के जिला जजों को उनकी आधिकारिक ई-मेल पर धमकी मिली थी। मेल में लिखा था कि उन्होंने जिला जजों के कोर्ट रूम में आरडीएक्स लगाए हैं और वो सवा 12 बजे फट जाएंगे। पुलिस इस धमकी से उबर पाती कि अगले ही दिन फिर धमकी भरे ई-मेल आए। तीसरे दिन भी ऐसा ही हुआ और अबकी हाईकोर्ट को ही बम से उड़ाने की धमकी दी गई।

पुलिस ने ई-मेल के आईपी एड्रेस चेक करने शुरू किए तो कई आईपी एड्रेस सामने आए, जिन्हें ट्रेस करना मुश्किल था। हालांकि यह जरूर साफ हो गया कि पुलिस को जो आईपी एड्रेस मिले हैं, वो भारत नहीं बल्कि भारत के बाहर से संचालित होने वाले सर्वर से जुड़ा है। बाहरी सर्वर को खंगालने के लिए अब पुलिस को विदेशों में मौजूद इंटरनेट सर्विस प्रॉवाइडर (आईएसपी) की मदद ले रही है।

जिसके बाद पुलिस ने डिजिटल फुट प्रिंट तलाशने शुरू किए, लेकिन एक भी फुट प्रिंट नहीं मिले। अभी तक इतना साफ हो गया था कि धमकी की गुत्थी को सुलझाना आसान नहीं है। भारत में इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने वाले सभी इंटरनेट प्रॉवाइडर से पुलिस ने बात की।

सामने आया कि मेल भेजने वाले ने जिस इंटरनेट का इस्तेमाल किया, उसे भारतीय इंटरनेट सर्विस प्रॉवाइडर से नहीं भेजा गया। संभावना जताई जा रही है कि मेल भेजने के लिए वीपीएन का इस्तेमाल किया गया और अगर ऐसा है तो इस अनसुलझी गुत्थी को सुलझाना लगभग नामुम्किन है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि टीमें धमकी की गुत्थी सुलझाने में लगी हैं। इसके लिए एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है।

---

## साइबर ठग ने खाली कर दिया बैंक खाता

**हल्द्वानी :** साईपुरम निवासी गौरव तिवारी ने पुलिस को बताया कि बीती 4 फरवरी को प्ले स्टोर से बैंक की एप डाउनलोड करनी चाही लेकिन नहीं हुई। अगले दिन उनके मोबाइल पर टैक्सट मैसेज में एक लिंक आया। 6 फरवरी को गौरव ने लिंक पर क्लिक किया तो उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप में एक लिंक दिया गया, जिस पर उन्होंने क्लिक किया तो लिंक उन्हें प्ले स्टोर पर फर्जी योनो एप पर ले गया। जो भी जानकारी मांगी गई, गौरव ने दे दी। उसी शाम मोबाइल पर ओटीपी आने लगे और पहला ट्रांजेक्शन 50 हजार का हुआ। 6- 7 फरवरी में खाते से 1,87,286.64 रुपए निकाल लिए गए। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सिटी ब्रीफ

## नौडियाल पर हमले के दोषियों की गिरफ्तारी हो

**रामनगर :** निदेशक प्रारंभिक शिक्षा उत्तराखंड अजय कुमार नौडियाल के साथ शनिवार को देहरादून निदेशालय में मारपीट की घटना हुई है वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना है। रायपुर विधायक उमेश शर्मा काउ की मौजूदगी में उनके समर्थकों द्वारा निदेशक पर उनके कार्यालय के भीतर किया। हमला इस बात की बानगी है कि प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर उनको कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग की है।

## पीआरडी जवान ने होमगार्ड को पीटा

**नैनीताल :** मल्लीताल मस्जिद तिराहा पर यातायात ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड से नशे में धुत पीआरडी जवान ने मारपीट कर दी। मेडिकल परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात मल्लीताल कोतवाली में संबद्ध एक होमगार्ड मस्जिद तिराहा क्षेत्र में यातायात ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान वहां शराब के नशे में उसका पूर्व परिचित पीआरडी जवान पहुंचा। इस दौरान अनावश्यक बहस करने के साथ वह उसको परेशान करने लगा। इस बीच मामला बढा तो दोनों के बीच हाथापाई हो गई। सूचना पर कोतवाली से पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर मामला शांत किया।

# गुस्साए भाजपाइयों ने कांग्रेस का पुतला फूंका

### एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए प्रदर्शन से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप

- कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल ने शनिवार को मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में मल्लीताल स्थित पंत पार्क में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन से देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया। मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि भारत में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई समिट 2026 देश की प्रतिभा और तकनीकी क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संकीर्ण राजनीतिक सोच के कारण इस आयोजन को विवादित बनाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह रवैया देशहित के खिलाफ है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया



नैनीताल पंत पार्क में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा देश की प्रगति और तकनीकी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए राष्ट्रीय हितों की अनदेखी कर रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर इस तरह के प्रयासों का विरोध करने का संकल्प लिया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, विक्रम राठौर, आयुष भंडारी, विकास जोशी, भरत महरा, हेमंत बेदी, अमिता साह, रेखा



कालाढूंगी तिराहे पर कांग्रेस का पुतला फूंकते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जोशी, शैलेंद्र बरगली, विक्रम रावत, संतोष कुमार, मनोज पवार और नीरज साह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से भी मांग की कि इस तरह के विवादित प्रदर्शनों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि देश की अंतरराष्ट्रीय छवि प्रभावित न हो।

## गुस्साई भाजयुमो ने फूंका कांग्रेस का पुतला

**हल्द्वानी :** भाजयुमो ने शनिवार को एआई समित के दौरान युवा कांग्रेस के नग्न होकर किए प्रदर्शन के विरोध में कांग्रेस का पुतला फूंका। जिलाध्यक्ष चंदन बिष्ट व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी गौरव जोशी गवी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कालाढूंगी रोड तिराहे पर इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एआई समित जैसे वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विश्व भर से भारत की सराहना हो रही है, वहीं युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नग्न होकर विरोध जताया जोकि बेहद शर्मनाक था। राजनीति में इस तरह की अराजकता और अश्लील प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विरोध दर्ज कराने के अनेक लोकतांत्रिक और सभ्य तरीके होते हैं किंतु इस प्रकार का प्रदर्शन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रतिकूल है। गुस्साए लोगों ने कांग्रेस का पुतला फूंका। इस दौरान उदित पंत, विशु शर्मा, उदित चौधरी, हर्ष राजौर, तनिष्क शर्मा, ध्रुव दरमवाल, रक्षित तिवारी, विमल कांडपाल, कमल रावत, भरत वल्दिया, शैलेन्द्र मिश्रा, गौरव सम्मल मौजूद रहे।

# भाजयुमो ने कांग्रेस के खिलाफ निकाला मार्च



रामनगर में कांग्रेस के पुतले के साथ मार्च निकालते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** एआई इंपैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई अराजकता एवं देश की छवि धूमिल करने के प्रयास के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व मे शहीद स्मारक से लखनपुर चुंगी तक मार्च निकलकर लखनपुर चुंगी पर कांग्रेस का पुतला दहन किया गया।

पुतला धन के उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा चन्दन सिंह बिष्ट ने कहा कि जब देश वैश्विक मंच पर तकनीकी प्रगति और नवाचार के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। तब इस प्रकार का अव्यवस्थित और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में व्यवधान डालना न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन है, बल्कि इससे देश की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचता है। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रहित में एकजुट रहने का संकल्प लिया तथा शांति और अनुशासन के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश आर्या, युवा मोर्चा पीरूमदारा मंडल अध्यक्ष अर्जुन रावत, नगर महामंत्री नवीन करगेती, शलभ मित्तल, मदन जोशी , सत्यप्रकाश शर्मा, कपिल रावत, यतिन रोतेला, रोहित मेहरा, छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, नितेश शर्मा, रोहित बिष्टानिया, आकाश कश्यप, कंचन पांडेय रहे।

# 30वें फागोत्सव की तैयारियां पूरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** श्री राम सेवक सभा द्वारा आयोजित होने वाले 30वें फागोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसका आयोजन आगामी 23 फरवरी से 4 मार्च तक किया जाएगा, जिसमें कुमाउनी होली की पारंपरिक संस्कृति से जुड़े विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

सभा के महासचिव जगदीश बवाड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि फागोत्सव का शुभारंभ 23 फरवरी को महिला होली जुलूस एवं स्वांग के साथ तल्लीताल से किया जाएगा। इसके बाद 24 फरवरी को महिला होली दलों की प्रस्तुतियां होंगी, जबकि 25 फरवरी को महिला होली का विशेष आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को स्वर्गीय नवीन लाल साह की स्मृति में स्कूली बच्चों की



फागोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक करते आयोजन समिति के सदस्य।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। 27 फरवरी को रंग धारण, चीर बंधन एवं आमल एकादशी कार्यक्रम संपन्न होगा। 28 फरवरी को बाल कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ पुरुष होली का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में 1 मार्च को होली एकल गायन प्रतियोगिता आयोजित होगी। वहीं 2 मार्च को होली रंग जुलूस एवं चीर दहन कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। फागोत्सव का समापन 4 मार्च को सभा भवन में आयोजित होली आशीष कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। इस वर्ष फागोत्सव में कुल 24 टीमें प्रतिभाग करेंगी। स्वांग प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही कुर्मांचल बैंक के सहयोग से फोटोग्राफी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि फागोत्सव का मुख्य उद्देश्य कुमाऊंनी होली और लोक विरासत को संरक्षित व प्रोत्साहित करना है।

# कूड़ा बिखेरने वालों पर अंकुश लगाने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** इन दिनों ठंड के मौसम के बीच हल्द्वानी से तड़के लगभग तीन बजे कूड़ा और कबाड़ बीनने वाले लोग भीमताल पहुंच रहे हैं। ये लोग सड़कों और गलियों में घूम-घूमकर कबाड़ बीनते हैं, जिससे न केवल अव्यवस्था फैल रही है, बल्कि चोरी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार सड़क किनारे रखा सरिया व अन्य सामान भी यह लोग उठा ले जाते हैं। इसके साथ ही नगर में जगह-जगह कूड़ा फैलाकर गंदगी फैलाई जा रही है। हाल ही में बाईपास मार्ग पर रात में सब कुछ सामान्य था, लेकिन सुबह वहां कूड़े का ढेर दिखाई दिया। जांच करने पर



सड़क किनारे बिखरा कूड़ा।

पता चला कि कूड़ेदानों से कचरा निकालकर यहां लाया गया और उपयोगी सामान छांटने के बाद शेष कचरा वहीं छोड़ दिया गया। इससे नगर का वातावरण दुर्गंधयुक्त हो रहा है और नगर पालिका द्वारा स्वच्छता को लेकर चलाई जा रही मुहिम भी प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि इस समस्या से पर्यटन छवि को भी नुकसान पहुंच रहा है।

# शीघ्र होगा लंबित देयकों का भुगतान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद नैनीताल के प्रतिनिधिमंडल ने प्रारंभिक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) हर्ष बहादुर चंद से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने विकासखंडों में शिक्षकों के लंबित देयकों के समय पर भुगतान न होने पर गहरी चिंता जताई। संगठन ने कहा कि यदि बजट कालातीत होता है तो संबंधित पटल सहायक एवं आहरण-वितरण अधिकारी की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। पदोन्नति के विषय में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निदेशालय से निर्देश मिलने के बाद ही कार्रवाई किए जाने की बात कही गई, जिस पर संगठन ने असंतोष



जिला शिक्षा अधिकारी से वार्ता करते शिक्षक प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

व्यक्त किया। संगठन का तर्क था कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा बिना टीईटी के पदोन्नति पर कोई रोक नहीं लगाई गई है और निदेशालय द्वारा नियमों की गलत व्याख्या की जा रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने पदोन्नति सूची शीघ्र जारी करने, वित्तीय वर्ष के अंतर्गत सभी लंबित देयकों का भुगतान करने, जनपद के सभी शिक्षकों का स्थायीकरण करने, औपबंधिक व शिक्षामित्रों को बोनस देने, सभी विद्यालयों में मानक के अनुरूप शिक्षकों की तैनाती तथा दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को सुगम क्षेत्र में स्थानांतरण की मांग रखी। जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठन को आश्वस्त किया कि मार्च से पूर्व सभी अवशेष देयकों का भुगतान कर दिया जाएगा तथा पदोन्नति के लिए निदेशालय स्तर पर आवश्यक दबाव बनाया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष मनोज तिवारी, जिला महामंत्री बंशीधर कांडपाल, जिला कोषाध्यक्ष नवीन चंद मौजूद रहे।

## भाकपा ने सरकार पर साधा निशाना

**हल्द्वानी:** शनिवार को शहर में आयोजित प्रेस वार्ता में इंद्रेश मैखुरी, राज्य सचिव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) ने राज्य व केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय न मिलने का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की।

उन्होंने प्रदेश में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव और कमजोर कानून-व्यवस्था पर चिंता जताई तथा कहा कि सरकार को भाईचारे का माहौल बनाए रखना चाहिए। स्वतंत्रता सेनानी चंद्र सिंह गढ़वाली का उल्लेख करते हुए उत्तराखंड की पहचान सौहार्द बताई। प्रेस वार्ता में डॉ. कैलाश पांडेय, केके बोरा और आकाश भारती मौजूद रहे।

# पर्यावरण सुरक्षा के लिए जैव विविधता को बचाना जरूरी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने एमएमटीटीसी द्वारा आयोजित पर्यावरण विभाग के रिफ्रेशर कोर्स में "पर्यावरण एवं जैव विविधता" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने जैव विविधता संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

अपने संबोधन में प्रो. तिवारी ने बताया कि भारत विश्व के 12 मेगा जैव-विविधता संपन्न देशों में शामिल है तथा यहां 25 जैव विविधता हॉटस्पॉट पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लगभग 4000 आवृतबीजी (एंजियोस्पर्म) पौधों की प्रजातियां पाई जाती हैं, जो प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता का प्रमाण हैं। वहीं विश्व स्तर पर 34 प्रमुख हॉटस्पॉट ऐसे हैं, जहां स्थानिक प्रजातियों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता से वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष लगभग 26 ट्रिलियन डॉलर की आय होती है, जिससे इसकी आर्थिक महत्ता भी स्पष्ट होती है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण पौधों के पुनर्जनन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जो भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

## 54 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**भीमताल :** रामलीला ग्राउंड में आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 54 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता और समाजसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

शिविर में स्थानीय नागरिकों के साथ फार्मेसी एवं मैनेजमेंट विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी सहभागिता की। शिविर में एकत्र रक्त को श्री बालकृष्ण देवकी जोशी चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम द्वारा संकलित किया गया। इस कार्य में प्रकाश मेहता, नीलम चंद, लोकेश नेगी और पंकज भट्ट ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में सभासद नीरज रैकुनी, उमेश पाठक, शरद पांडेय, सुनीता शरद पांडेय, भूतपूर्व चेयरमैन देवेंद्र सिंह चुनोतिया, सभासद शिप्रा जोशी, शुभम नैणवाल, नरेश पंत तथा आशीष बिष्ट आदि रहे।

# सामाजिक न्याय का महत्व बताया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** एचजी डिग्री कॉलेज भीमताल में गुरुवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सामाजिक न्याय के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या डॉ. मुक्ता ने बताया कि विश्व सामाजिक न्याय दिवस प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य गरीबी, बेरोजगारी, मानवाधिकार और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का स्पष्ट



विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

उल्लेख है। साथ ही भारत में इस दिन सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत में सामाजिक न्याय की नींव डॉ. भीमराव आंबेडकर ने रखी थी।

कार्यक्रम में डॉ. मंजू नेगी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वर्ष 2026 की थीम "सामाजिक विकास और सामाजिक न्याय के लिए नवीनीकृत प्रतिबद्धता" है। कार्यक्रम में डॉ. बीना नेगी चौधरी, राजेन्द्र सिंह खाती, गणेश चन्द्र, शीतल सिंह मौर्य, शालिनी भारती, मुकेश आर्य, डॉ. बिनीता राय, पूजा आर्या, डॉ. दीपक देशवाल, डॉ. भारती, डॉ. सुषमा सिंह, दिगम्बर, नेत्र प्रसाद गौतम, नितिन भगवाल, भूवन और दीपा सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

## बीमार वृद्धा ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**रामनगर :** पीरुमदारा क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

शनिवार सुबह गोपाल सिंह बिष्ट पुत्र स्व. मोहन सिंह बिष्ट, निवासी पार्वती कुंज फेस-2, पीरुमदारा ने चौकी में सूचना दी कि उनकी माता शांताबाई बिष्ट (70 वर्ष) ने घर में फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां महिला का शव दरवाजे की चौखट से दुपट्टे के सहारे लटका हुआ मिला। मृतका शांताबाई बिष्ट पत्नी स्व. गोपाल सिंह बिष्ट अपने पुत्र के साथ रहती थीं। परिजनों के अनुसार वह लंबे समय से बीमार थीं और अवसाद (डिप्रेशन) से भी पीड़ित चल रही थीं।

उदासीनता | उत्तराखंड में उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में मील का पत्थर मानी जा रही यह परियोजना वर्षों बाद भी प्रारंभिक अवस्था से आगे नहीं बढ़ सकी

# सवाल ! रामगढ़ में आखिर कब बनेगा विश्वभारती सैटेलाइट कैंपस

दान सिंह लोधियाल, धानाचूली

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड स्थित टैगोर टॉप पर प्रस्तावित विश्वभारती विवि का सैटेलाइट कैंपस आज भी उम्मीद और हकीकत के बीच अटका नजर आ रहा है। उत्तराखंड में उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में मील का पत्थर मानी जा रही यह परियोजना वर्षों बाद भी प्रारंभिक अवस्था से आगे नहीं बढ़ सकी है।

टैगोर जयंती पर जिस परियोजना को ऐतिहासिक शुरुआत बताकर प्रचारित किया गया था, उसके तीन वर्ष बाद भी कैंपस स्थल पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थिति यह है कि परिसर में साफ-सफाई तक नहीं हो सकी है। जमीन पर






बंजर पड़ा पुराना भवन और भूमि पूजन का शिलापट। ● अमृत विचार

झाड़ियां जस की तस खड़ी हैं और केवल सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की मार्किंग कर औपचारिकता पूरी कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परियोजना कागजों में लगातार आगे बढ़ रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस गतिविधि दिखाई नहीं दे रही है। अब तक सरकार या संबंधित विभागों की ओर से निर्माण कार्य शुरू होने की कोई स्पष्ट समय-सीमा भी सार्वजनिक नहीं की गई है। भूमि पूजन के समय राज्य सरकार द्वारा 45 एकड़ भूमि विश्वविद्यालय को

### पर्यटन और साहित्य का साझा अवसर

फिलहाल टैगोर टॉप क्षेत्र में कवयित्री महादेवी वर्मा का मीरा कुटीर और गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर का निवास स्थल ही साहित्य प्रेमियों को आकर्षित कर रहे हैं। जानकारों का सुझाव है कि यदि पर्यटन और उच्च शिक्षा विभाग समन्वय से कार्य करें, तो रामगढ़ को टैगोर–महादेवी वर्मा साहित्य सर्किट के रूप में विकसित कर शिक्षा के साथ–साथ पर्यटन को भी नई दिशा दी जा सकती है।

### भूमि पूजन और उद्घाटन

टैगोर की जयंती पर वर्ष 2022 में परियोजना का भूमि पूजन किया गया था। इस दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में भाग लेकर टैगोर को श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

### शोध केंद्र के रूप में देखी गई थी उम्मीद

विश्वभारती सैटेलाइट कैंपस को उत्तराखंड, विशेषकर कुमाऊं क्षेत्र के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा, शोध और रोजगार के केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना थी।

सौंपने की घोषणा की गई थी। वहीं केंद्र सरकार से पहले चरण में 150 करोड़ रुपये की डीपीआर को मंजूरी मिलने की प्रक्रिया की बात कही गई थी। बावजूद इसके, वर्तमान हालात में ये दावे केवल फाइलों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं। परियोजना की प्रगति का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि एक खंडहरनुमा भवन पर अस्थायी बोर्ड लगाकर रास्ता बताने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय बुद्धिजीवियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्य में तेजी नहीं लाई गई, तो यह महत्वाकांक्षी परियोजना अधर में लटक जाएगी।

### प्रस्तावित चार शैक्षणिक केंद्र

- सामाजिक विज्ञान एवं ग्रामीण विकास अध्ययन केंद्र
- भाषा केंद्र (संस्कृत, हिंदी एवं विलुप्तप्राय भाषाएं)
- लोक नीति एवं सुशासन अध्ययन केंद्र
- हिमालय अध्ययन केंद्र




शैक्षिक भ्रमण के तहत नैनीताल पहुंचे चौधरी चरण सिंह विवि के छात्र–छात्राएं।

## कुमाऊं विवि में शैक्षिक भ्रमण पर पहुंचे छात्र-छात्राएं

**नैनीताल, अमृत विचार :** चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद (हरियाणा) के एमएससी वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने शनिवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभाग के हर्बेरियम, हाइड्रोपोनिक्स इकाई, जैव विविधता अनुभाग, ग्लास हाउस एवं विभागीय गार्डन का अवलोकन कर महत्वपूर्ण वैज्ञानिक जानकारी प्राप्त की। उन्हें नैनीताल एवं उत्तराखंड क्षेत्र में पाई जाने वाली विभिन्न वनस्पति प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही विभाग में संचालित शोध कार्यों एवं अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। शैक्षिक भ्रमण में कुल 25 विद्यार्थी अपने प्राध्यापकों के साथ शामिल रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. नवीन पांडे, डॉ. प्रभा पंत एवं डॉ. हेम जोशी ने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय तथा विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों से अवगत कराया। भ्रमण दल की ओर से डॉ. अजय कुमार, डॉ. दीपक बामल, डॉ. पवन, मोनिका, भारती, सुमन सहित अन्य विद्यार्थी रहे।

## सिटी ब्रीफ

### रिटायर्ड क्रीड़ाधिकारी का निधन, शोक

**हल्द्वानी :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी स्वर्गीय घनश्याम लाल शाह ( 79 वर्ष ) के आकस्मिक निधन से खेल जगत में शोक की लहर फैल गई है। उनके निधन से खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को गहरा आघात पहुंचा है। खेलों के विकास में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट कोच त्रिलोक सिंह जीना सहित प्रशिक्षकों व अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम की सदस्या पुष्पा देवी का निधन

**हल्द्वानी :** आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम परिवार की सदस्या पुष्पा देवी निवासी नई बस्ती, काठगोदाम के निधन पर समिति ने शोक जताया। पदाधिकारियों ने बताया कि वह 16 जनवरी 2021 से आश्रम परिवार का अटूट हिस्सा थीं। इन बीते वर्षों में वे केवल एक निवासिनी नहीं बल्कि हम सबके लिए एक मार्गदर्शक और ममता की मूरत थीं। उनकी सादगी और उनका स्नेह हमेशा कानों में गूंजता रहेगा। अंत में दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### अर्जुन उक्रांद के कोटाबाग ब्लॉक के अध्यक्ष बने




**हल्द्वानी :** उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल जिला इकाई के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने गुलजारपुर बांकी निवासी अर्जुन सिंह को कोटाबाग ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर संस्थापक सदस्य खड़क सिंह बगड़वाल, अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती, संरक्षक काशी सिंह ऐरी, नारायण सिंह जंतवाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष भुवन जोशी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जिला महामंत्री उत्तम बिष्ट, केंद्रीय प्रवक्ता अशोक सिंह बोरा, रवि बोरा ने शुभकामनाएं दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यूओयू में अब 26 तक ले सकेंगे प्रवेश

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने अकादमिक सत्र जनवरी के लिए ऑनलाइन प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। अब इच्छुक प्रवेशार्थी 26 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने सभी अध्ययन केंद्रों और विद्याशाखाओं को निर्देश दिये हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के शिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए प्रेरित करें।

### सहायक निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास ने आगामी एसआईआर को लेकर अधिकारियों की बैठक में दिए जरूरी निर्देश, बोले-लापरवाही बर्दाश्त नहीं

# एसआईआर में किसी का भी फार्म रद्द करने से पहले एक मौका अवश्य दें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयोग ने अप्रैल से शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदाताओं की मैपिंग की बारीकियां सिखाई गई हैं।

शनिवार को सहायक निर्वाचन अधिकारी मस्तूदास ने राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में एसआईआर को लेकर विशेष बैठक की। उन्होंने कहा कि अप्रैल में प्रदेश में एसआईआर शुरू हो जाएगा इसलिए अधिकारी एवं कर्मचारी निर्वाचन में कोई भी लापरवाही नहीं करें। सभी के समन्वय के साथ कार्य कर


राजकीय मेडिकल कॉलेज सभागार में एसआईआर को लेकर हुई बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

एसआईआर की प्रक्रिया को अन्तिम रूप देना है। आगामी एसआईआर की तैयारियों को लेकर प्रदेशभर में बीएलओ की ओर आउटरीच अभियान के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाताओं की मैपिंग की जा रही है। जनपद नैनीताल में मैपिंग का प्रतिशत 80 प्रतिशत है, जिसे 28 फरवरी तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने इस संबंध में सभी से सहयोग की अपील की।

इस बैठक में उन्होंने वर्ष 2003 की मतदाता सूची वर्ष 2025 की मतदाता सूची में मैपिंग प्रगति की समीक्षा, मतदाता सूची में धुंधली, अस्पष्ट, गलत त्रुटिपूर्ण फोटो, मकान नम्बर चिन्हिकरण, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की ओर से बीएलए के नियुक्ति की भी समीक्षा की। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसआईआर के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए इसके लिए प्रत्येक मतदाता तक पहुंच, समन्वय और संवाद कर अभियान चलाया जाए।

एसआईआर के पीछे उद्देश्य हर पात्र को मतदाता सूची में शामिल करना है। जनपद में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के नियुक्त बीएलए के साथ ही ईआरओ एवं एईआरओ की ओर से बीएलओ को सप्ताहिक प्रशिक्षण दिया जाए तथा इसकी मॉनीटरिंग संबंधित एआरओ की ओर से की जाए। दास ने विधानसभा क्षेत्र लालकुआं, हल्द्वानी एवं कालाढूंगी में मैपिंग का प्रतिशत कम होने पर संबंधित से जानकारी ली। बीएलओ ने बताया गया कि विधान सभाओं में वर्ष 2003 में लोग निवास करते थे, अतिक्रमण हटाने के बाद के वे लोग अन्यत्र शिफ्ट हो गए हैं। इस पर उक्त व्यक्तियों को सूचना देने के साथ ही नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए गए। एसआईआर के दौरान किसी भी व्यक्ति का फार्म रद्द करने से पूर्व संबंधित व्यक्ति को एक मौका कमियां पूर्ण करने का अवश्य दें तथा उक्त व्यक्ति को दूरभाष से भी सूचित करें ताकि कोई पात्र व्यक्ति नाम मतदाता सूची से नहीं कट पाए।

बैठक में उपजिला निवार्चन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक राय ने बताया कि जनपद में आगामी एसआईआर से 80 प्रतिशत मैपिंग पूर्ण कर ली गई है आगामी माह 28 फरवरी तक 90 प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएगी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, विपिन पंत, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी एचडी पांडे आदि मौजूद रहे।

# होली: कहीं राजशाही के 'निशान' तो कहीं रंगों की 'चीर'

### कुमाऊंनी होली में चीर बंधन की विशेष परंपरा, होलिकाष्टमी पर मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर बांधी जाती है चीर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** कुमाऊंनी होली की परंपरा में चीर या निशान बंधन का विशेष महत्व है। होलिकाष्टमी के दिन मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर होल्यारों के साथ चीर बांधने की परंपरा होती है। इसके साथ ही घर-घर जाकर खड़ी होली गायन शुरू हो जाता है, जिससे पूरा वातावरण रंगों और गीतों से होलीमय हो जाता है।

कुमाऊं के गांवों में प्रत्येक घर से नए कपड़ों के रंग-बिरंगे टुकड़े 'चीर'के रूप में लंबी डंडी पर बांधे जाते हैं। इसके साथ ही 'कैलै बांधी चीर हो रघुनन्दन राजा' और 'सिद्धि को दाता गणपति बांधी चीर हो' जैसी होलियों का गायन किया जाता है।

कुछ गांवों में चीर की जगह लाल निशान भी प्रयोग होता है, जो प्राचीन समय में राजशाही की निशानी के रूप में होली में सजाया जाता था। चीर को चोरी से बचाने के लिए दिन-रात पहरा रखा जाता है, और चोरी हो जाने पर अगली वर्ष होली की परंपरा बंद हो जाती है। होलिका दहन के दिन इस चीर को दहन स्थल पर लाया जाता



कुमाऊं में चीर की रक्षा और पहरा रखने की परंपरा से सामाजिक अनुशासन की शिक्षा भी मिलती है। यह दर्शाता है कि हमारी संस्कृति में सम्मान, भक्ति और सामूहिक जिम्मेदारी कितनी महत्वपूर्ण रही है। **-राकेश भट्ट,** इतिहासकार

लाल निशान कुमाऊं में प्राचीन राजाओं से प्राप्त निशानी है। कई गांव इसे अब भी परंपरागत रूप से होलियों में सजाते हैं। यह न केवल सांस्कृतिक प्रतीक है बल्कि गांव की सामाजिक प्रतिष्ठा और गौरव का भी प्रतीक है। **-प्रदीप भट्ट,** इतिहासकार

चीर बंधन सिर्फ होली का उत्सव नहीं है। इसमें संगीत, भक्ति और सामुदायिक समरसता का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलता है। यह हमारी लोकधरोहर और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखता है। **-डॉ. मनीषा पंत,** लोककला विशेषज्ञ

चीर बंधन हमारी संस्कृति, हमारी एकता और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। यह परंपरा केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी पहचान को बचाए रखने का माध्यम है। नई पीढ़ी इसे देखकर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ती है। **-हरिदत्त नेगी,** ग्रामीण

है और प्रसाद के रूप में बांटा जाता है, जिसे लोग अपने घरों के द्वार पर बांधते हैं। ऐसा मान्यता है कि इससे घर में बुरी शक्तियों का प्रवेश नहीं होता और सुख-शांति बनी रहती है। इस वर्ष 27 फरवरी को होने वाले चीर बंधन को लेकर गांवों में उत्साह का माहौल है। यह परंपरा कुमाऊंनी होली की सांस्कृतिक धरोहर को और मजबूत करती है और नए पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ती है।

## 27फरवरी को चीर बंधन 4 मार्च को खेला जाएगा रंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में होली के पारंपरिक कार्यक्रमों की शुरुआत 27 फरवरी से होगी। होली ग्राउंड में चीर बंधन के बाद 2 मार्च को होली जलाई जाएगी। शुक्रवार को रामलीला मैदान में रामलीला कमेटी संचालन समिति की एक बैठक नगर मजिस्ट्रेट एवं कमेटी के संरक्षक एपी बाजपेयी के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में आगामी होली पर्व को मनाने की रूपरेखा तय की गई और विद्वान ब्राह्मणों के परामर्श के बाद कार्यक्रमों की तिथियों की विधिवत घोषणा की गई। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, होली के पारंपरिक कार्यक्रमों की शुरुआत 27 फरवरी से होगी। इस दिन सुबह 9 बजे होली ग्राउंड (सिंधी चौराहा) और पटेल चौक पर चीर बंधन का अनुष्ठान किया जाएगा। इसके बाद 2 मार्च को

- **2 मार्च को पूरी परंपरा के साथ होगा होलिका दहन**

शाम 5 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार भक्ति रस की वर्षा करेंगे। इसी दिन रात्रि 8:30 बजे सिंधी चौराहा स्थित होलिका दहन स्थल पर विधि-विधान से होलिका पूजन एवं दहन संपन्न होगा। अंत में 4 मार्च को पूरे शहर में रंगों की होली खेली जाएगी। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से मनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के व्यास पंडित गोपाल दत्त भट्ट, विवेक शर्मा और गणेश जोशी ने शास्त्रीय पक्ष रखते हुए तिथियों पर अपनी सहमति दी। बैठक में मनोज गुप्ता, बिंदेश गुप्ता, एनबी गुणवन्त, तनुज गुप्ता, योगेश शर्मा, विवेक कश्यप, दिनेश गुप्ता, अमित जोशी, अरुण अग्रवाल और भवानी शंकर, नीरज मौजूद रहे।

### उत्थान मंच मनाएगा कुमाऊंनी होली महोत्सव

**हल्द्वानी :** कुमाऊंनी लोक संस्कृति और पारंपरिक रंगों को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच इस वर्ष भी अपने परिसर में कुमाऊंनी होली महोत्सव का आयोजन करने जा रहा है। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण महिलाओं की विशेष होली गायन प्रतियोगिता होगी, जो 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करना और कुमाऊंनी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि महिला होली गायन प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक टीमों को 24 फरवरी तक अपनी प्रविष्टि ( रजिस्ट्रेशन) अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। प्रतियोगिता के तहत प्रत्येक टीम को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रस्तुति में पारंपरिक होली गीत, नृत्य और स्वांग को शामिल करना अनिवार्य होगा। एक टीम में अधिकतम 10 प्रतिभागी ही सम्मिलित हो सकेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

### सीसीएल स्वीकृत नहीं होने पर डीएम को पत्र

**हल्द्वानी :** जिले के कोटाबाग और रामनगर ब्लॉक में शिक्षिकाओं की सीसीएल (बाल्य देखभाल अवकाश) स्वीकृत नहीं हो रही हैं। अवकाश स्वीकृत नहीं होने के कारण शिक्षिकाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शिक्षिकाओं के अनुसार इन दिनों उनके बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। इसके बावजूद सीसीएल के लिए आवेदन करने के बाद भी रामनगर के खंड शिक्षाधिकारी की ओर से अवकाश स्वीकृत नहीं किया जा रहा है। राजकीय शिक्षक संगठन ने इसे लेकर डीएम ललित मोहन रयाल को पत्र भेजा है। संगठन ने बताया कि कोटाबाग और रामनगर दोनों ब्लॉकों का प्रभार वर्तमान में हवलदार प्रसाद के पास है, जिन पर शिक्षिकाओं की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लग रहा है। जबकि जिले के अन्य ब्लॉकों में शिक्षिकाओं की सीसीएल स्वीकृत की जा चुकी हैं। कोटाबाग में 11 और रामनगर ब्लॉक में 7 शिक्षिकाएं इससे प्रभावित हैं। राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी ने पत्र के माध्यम से बताया कि कई बार सीईओ और बीईओ से अनुरोध के बाद अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने मामले में डीएम से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा को लेकर उत्साह

- **पहले दिन इंटरमीडिएट कला का पेपर शांतिपूर्वक संपन्न**
- **अधिकांश छात्रों ने प्रश्नपत्र को सरल और संतुलित बताया**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं शनिवार से प्रदेशभर में शुरू हो गईं। पहले दिन इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों की कला विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जो शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुचारु रहीं। प्रश्नपत्र समय पर वितरित किए गए और अनुशासन व्यवस्था भी संतोषजनक रही। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया। पहले दिन परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में हल्की


नैनीताल में परीक्षा देने के बाद बाहर आईं छात्राएं आपस में प्रश्नपत्र मिलातीं हुईं।

घबराहट जरूर देखने को मिली, लेकिन परीक्षा समाप्त होने के बाद अधिकांश छात्रों ने प्रश्नपत्र को सरल और संतुलित बताया। छात्रा नम्रता चंद्रा ने बताया कि पेपर अच्छा था और सभी प्रश्नों के उत्तर लिख पाए।

खुशबू आर्य ने कहा कि प्रश्न समझने में आसान थे, जिससे परीक्षा अच्छी रही। वहीं निहारिका सिंह ने बताया कि पहले पेपर को लेकर घबराहट थी, लेकिन प्रश्नपत्र देखकर आत्मविश्वास बढ़ गया। बोर्ड परीक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए शिक्षा विभाग और प्रशासन सतर्क रहा। अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में भी तय कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से कराई जाएंगी।

# हाइडिल गेट में तीन दिन से पानी की आपूर्ति ठप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** हाइडिल गेट इलाके में पिछले तीन दिन से पानी की आपूर्ति ठप है। पानी की आपूर्ति होने वाले ओवरहेड टैंक वाल्व खराब होने के कारण इलाके में नियमित पानी की सप्लाई बाधित हो गई है। करीब चार हजार से अधिक लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं।

पार्षद प्रतिनिधि विक्रम अधिकारी ने बताया कि कई बार अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन तक नहीं उठाए जा रहे हैं। बार-बार कॉल करने के बावजूद कोई उचित जवाब नहीं मिला। अधिकारी पर्याप्त मात्रा में पानी के टैंकर भी नहीं भेज रहे हैं, जिससे जनता की परेशानी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा टैंक के वाल्व की मरम्मत तत्काल होनी चाहिए और इलाके में पर्याप्त पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। जनता को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लगातार पानी की आपूर्ति मिलना जरूरी है। इस समस्या के चलते हाइडिल गेट के लोग पानी के लिए दूर-दूर से टैंकर और अन्य साधन जुटाने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल संस्थान को पुराने टैंकों और वाल्व की नियमित जांच करनी चाहिए, ताकि आगे ऐसे संकट से जनता परेशान न हो। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार का कहना है कि ओवरहेड टैंक वाल्व को ठीक कर दिया गया है, आज से पानी की आपूर्ति नियमित कर दी जाएगी।

# बिड़ला में बताए 'सीक्रेट ऑफ हेल्थ'

- **शिक्षकों के लिए मनोविज्ञान-योग आधारित सेमिनार का आयोजन**
- **दैनिक जीवन सहजता से जीने की कला सिखाई गई**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** आर्यमान विक्रम बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग, हल्द्वानी में शिक्षकों के लिए 'सीक्रेट ऑफ हेल्थ' विषय पर विशेष मनोविज्ञान-योग आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया।

मुंबई के हेल्थ साइकोलॉजिस्ट मुनेश मुनी ने योग एवं विपश्यना ध्यान के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के संतुलन पर विस्तृत प्रकाश डाला और सभी को अभ्यास कराया। सेमिनार में मन और शरीर पर नियंत्रण, अवचेतन मन की शक्ति, दीर्घकालिक रोगों में मानसिक भूमिका तथा दैनिक जीवन के


सीक्रेट ऑफ हेल्थ वर्कशॉप में प्रतिभाग करते प्रधानाचार्य एवं सहयोगी। ● अमृत विचार

आवश्यक कार्यों को सहजता से करने जैसे विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। प्रतिभागी शिक्षकों ने सत्र को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।

कार्यक्रम की मेजबानी विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा के मार्गदर्शन में की गई। उपप्रधानाचार्य प्रकाश कुमार एवं प्रधानाध्यापिका वंदना टम्टा की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। मंच संचालन कविता परगाईं ने प्रभावी ढंग से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मोनिका धौलाखंडी द्वारा दिया गया। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

## खेल-खिलाड़ी

### गोल्डी मलिक की शतकीय पारी ने दिलाई जीत, रामराज क्रिकेट क्लब ने 205 रनों से सीनियर लीग का फाइनल जीता

# रामराज क्रिकेट क्लब बना सीनियर लीग का विजेता

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर की ओर से आयोजित जिला सीनियर क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला शनिवार को एमएस मैदान गौलापार में रामराज क्रिकेट क्लब और आर वन क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए रामराज ने अपने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 312 रन बनाए।

रामराज की ओर से गोल्डी मलिक ने 63 गेंदों में शानदार नाबाद 104 रन की शतकीय पारी खेली, जिसमें 12 छक्के और 3 चौके शामिल थे। इसके अलावा आदित्य सिंह ने 38 और रोहित ने



ट्राफी के साथ राम राज क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

35 रन बनाये। आर वन क्रिकेट क्लब की तरफ से श्रीकांत ने 3, जबकि अमन और अध्ययन ने 2-2 विकेट लिए। आर वन का लक्ष्य पीछा करने उतरी टीम 31 ओवर में 107 रन पर ऑल आउट हो गई। उत्कर्ष ने 34 और अध्ययन ने 15 रन बनाए। रामराज के गेंदबाज हितैष नौला ने 4 और साद ने 2 विकेट लिएरामराज क्रिकेट क्लब ने 205 रनों के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। गोल्डी मलिक को शानदार शतक के लिए मैन ऑफ द मैच और बागनाथ क्रिकेट क्लब के अभिषेक को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। फाइनल में अन्य पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर योगेश काण्डपाल, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रोहित, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक कमलेश रावत और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आर वन क्रिकेट क्लब के अरुण रहे। क्रिकेट एसोसिएशन आफ बागेश्वर ने पूर्व क्रिकेटर जगदीश परिहार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि दीपेंद्र सिंह कोश्यारी और दीपक मेहरा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल पपनै, सचिन वेलवाल, भूपेन्द्र कनौजिया, किशन अनेरियाआदि उपस्थित रहे।

### बिजली बकायेदारों से 12.5 लाख वसूले

**हल्द्वानीः** लंबे समय से बकाया बिलों की वसूली के लिए ऊर्जा निगम इन दिनों शहर में सख्त अभियान चला रहा है। शहरी क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान निगम की टीम ने 12.5 लाख रुपये की वसूली की और नियम विरुद्ध 21 कनेक्शनों को मौके पर ही काटा दिया।

शहरी क्षेत्र के अधिशासी अभियंता (ईई) प्रदीप कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि विभाग का मुख्य ध्यान उन उपभोक्ताओं पर है, जिन्होंने बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद बिजली बिल जमा नहीं किए। टीम ने विभिन्न बस्तियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जांच कर बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान जिन उपभोक्ताओं पर अधिक बकाया पाया गया या अनियमितताएं मिलीं, उनके कनेक्शन काटे गए।

# कुत्तों के पंजीकरण को 29 घरों का निरीक्षण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शहर में आए दिनों कुत्तों के काटने के मामले सामने आ रहे हैं। जिनमें अभी तक कई लोग घायल हो चुके हैं। नगर निगम ने अब पालतू कुत्तों व अन्य जानवरों के पंजीकरण के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। निगम की टीम शहर में बिना पंजीकरण वाले कुत्तों की पहचान कर रही है।

नगर आयुक्त के निर्देश पर टीम ने शनिवार को शहर में पालतू कुत्तों के पंजीकरण के लिए विशेष स्थलीय निरीक्षण अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने किया। टीम ने पीलीकोठी क्षेत्र के परमानंद विहार में कुल 29 घरों का निरीक्षण किया। इस दौरान 3 भवनों में पालतू कुत्ते पाए गए। इनमें से 2 कुत्ते नगर निगम में पंजीकृत पाए गए, जबकि एक जर्मन शेफर्ड ब्रीड का कुत्ता पंजीकृत नहीं था। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने मौके पर ही संबंधित स्वामी को चेतावनी देते हुए शीघ्र पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने शहरवासियों से अपील की है कि जिनके पास पालतू कुत्ते या अन्य पालतू जानवर हैं, वे उनका नगर निगम में पंजीकरण कराएं। बताया कि आगे भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे और पंजीकरण नहीं पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ 500 से 2500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

# शिक्षा निदेशक के साथ बदसलूकी पर आक्रोश

## सीईओ कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन, रायपुर विधायक पर जल्द कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

- विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने जताया विरोध

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** देहरादून के प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक अजय कुमार नौडियाल के साथ रायपुर विधायक उमेश शर्मा (काऊ) द्वारा बदसलूकी किए जाने से अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षक संगठनों का आक्रोश भड़क गया है। इससे नाराज अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षक संगठनों ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया और प्रदर्शन किया। साथ ही रविवार को आंदोलन की चेतावनी दी है।

शनिवार को देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय में निदेशक के साथ बदसलूकी के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक संगठनों के लोग मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष एकत्रित हुए। इस दौरान वक्ताओं ने घटना पर नाराजगी जताते हुए राजपुर विधायक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

वहीं शिक्षक संगठनों ने इस आशय का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को प्रेषित किया है। इस अवसर पर राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक गदरपुर, अध्यक्ष रुद्रपुर हुकुम सिंह नयाल, मंत्री कमल भाटिया, कोषाध्यक्ष तरूण कालरा, राजकीय शिक्षक संघ ब्लाक मंत्री आलोक राय, गिरीश शर्मा, रवींद्र पांडे, प्रमोद पांडे, सुमन व्यास, गायत्री पांडे समेत कई लोग मौजूद रहे।



सीईओ कार्यालय रुद्रपुर में धरना देते अधिकारी, कर्मचारी व शिक्षक संगठन के लोग।



खटीमा में ज्ञापन सौंपते प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के शिक्षक। • अमृत विचार

### शिक्षा निदेशक एवं कर्मियों के साथ हुई घटना से संघ आक्रोशित

**जसपुर :** देहरादून में निदेशक प्राथमिक शिक्षा कार्यालय में शिक्षा निदेशक अजय कुमार नौडियाल एवं कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट, तोड़फोड़ की घटना से उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ में आक्रोश है। संघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच एवं शिक्षक कर्मचारियों की सुरक्षा की मांग की है। शनिवार को विमल चौहान प्रांतीय प्रवक्ता राजकीय शिक्षक संघ ने बताया कि निदेशक कार्यालय में घटी घटना ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। आरोप लगाया कि प्राथमिक शिक्षा निदेशक अजय नौटियाल एवं विभागीय कर्मचारियों के साथ विधायक रायपुर की उपस्थिति में उनके समर्थकों द्वारा मारपीट एवं तोड़फोड़ की घटना सही नहीं है। राजकीय शिक्षक संघ इससे नाराज है। संघ ने सीएम से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। साथ ही चेताया कि आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो प्रदेश के शिक्षक, कर्मचारी संगठन संयुक्त रूप से तालाबन्दी एवं कार्य बहिष्कार को बाध्य होंगे।

### खटीमा में प्राइमरी शिक्षकों ने की घटना की निंदा

**खटीमा :** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशक अजय नौटियाल के कार्यालय में उपद्रवी तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ और अभद्र व्यवहार की कड़ी निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।एसोसिएशन के शाखाध्यक्ष कमान सिंह सामंत के नेतृत्व में प्राइमरी शिक्षक तहसील कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन एसडीएम कार्यालय में लिपिक को सौंपा। उन्होंने कहा कि देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के कार्यालय में घुसे लोगों ने मारपीट, अभद्रता और तोड़फोड़ की, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कृत्यों को बर्दाशत नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन देने वालों में भुवन उप्रेती, दिनेश बगोटी, रघुबर भाटिया, रमेश रावत, ईश्वर मौर्य, हरीश भट्ट, बब्बी जोशी, जितेंद्र यादव, नितिन चौहान, महेश रौतेला, इरशाद हुसैन, गौरी शंकर जोशी, रंजना ठकुराठी, रजनी गंगवार, प्रदीप शर्मा, अजय गंगवार, राकेश राणा, नवीन राणा, मुकेश राणा रहे।

# डीएम ने ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाने के दिए निर्देश

- नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ हो दंडात्मक कार्रवाई
- डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में सड़क सुरक्षा एवं जनपद में हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने ओवरलोडिंग को दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण बताते हुए परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से सघन प्रवर्तन अभियान चलाने, प्रमुख मार्गों एवं चेकपोस्टों पर नियमित जांच करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

शनिवार को कैंप कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने एआरटीओ व एसपी क्राइम को निर्देश देते हुए कहा कि तेज गति से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही स्पीड मॉनिटरिंग बढ़ाने, प्रभावी चालान करने के निर्देश दिए। मदिरा पान कर वाहन चलाने की घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि नियमित रूप से ब्रीथ एनालाइजर जांच अभियान चलाए जाए। ऐसे मामलों में तत्काल कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

उन्होंने पूर्व में संचालित सत्यापन अभियान को पुनः आगामी सोमवार से प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस व्यापक सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से अवांछित व्यक्तियों की पहचान जा सकेगी। अवैध अतिक्रमण जैसे प्रकरणों का भी संज्ञान लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि अभियान को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में होली एवं रमजान जैसे पवित्र त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार उपाध्याय, एसपी क्राइम जितेंद्र चौधरी, सीओ प्रशांत कुमार, एआरटीओ मोहित कोठारी, प्रभारी खनन अधिकारी मनीष कुमार आदि उपस्थित थे। जबकि उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह व अन्य संबंधित उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# डीएम से मिले मुस्लिम समाज के लोग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** साफ-सफाई व्यवस्था सहित कई मुद्दों को उठाते हुए सुन्नी जामा मस्जिद का प्रतिनिधिमंडल डीएम से मिला। उन्होंने ईदगाह की काबिज भूमि पर रमजान की नमाज पढ़ने का मुद्दा भी उठाया और कौमी एकता कायम रखने का आह्वान किया।

शनिवार को जामा मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधिमंडल जाहिद रजा रिजवी की मौजूदगी में डीएम से मिला। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी से पाक-ए-रमजान का माह प्रारंभ हो चुका है। ऐसे में रोजा इफ्तार को देखते हुए 24 घंटे विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने, पानी आने के समय में बढ़ोतरी करने, मस्जिदों के समीप लाइट व्यवस्था बेहतर बनाने, मस्जिदों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाने की मांग की। इसके अलावा शुक्रवार की नमाज के लिए सर्विस रोड पर नमाज की अनुमति, जामा मस्जिद के समीप स्थित होटलों को रात्रि तीन बजे से सुबह पांच बजे तक खुलने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन द्वारा काबिज खेड़ा स्थित ईदगाह की भूमि पर नमाज पढ़ने की अनुमति देने का भी मुद्दा उठाया। इस अवसर पर मुफ्ती दानिश मिस्बाही, इरशाद अंसारी, हाजी रईस खान, मोहम्मद आरिफ, साहिब खां, हाजी खुर्शीद, तालिब खान, छोटू भाई, फैजान खान आदि मौजूद रहे।

### सितारगंज में 614 छात्रों ने दी कला की परीक्षा

**सितारगंज :** सितारगंज के 21 परीक्षा केंद्रों में पहले दिन करीब 614 छात्रों ने कला की परीक्षा दी। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने सचल दल के साथ डीएस इण्टर कॉलेज, कुंवरपुर सिसैया का औचक निरीक्षण किया। पहले दिन आठ परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट के कुल 680 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें से 614 छात्रों ने कला की परीक्षा दी। जबकि, 66 छात्र अनुपस्थित रहे। वहीं, डीएस इण्टर कॉलेज में कुल पंजीकृत 143 छात्र-छात्राओं में से 136 छात्रों ने परीक्षा दी। सभी केंद्रों में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हुई।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०, चम्पावत

E-Mail; eepmgsychampawat@gmail.com

पत्रांक : 214/अधि०अभि०/10-पी०एम०जी०एस०वाई०/निविदा/ दिनांक : 11/02/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना 04/अधि०अभि०/2025-26**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-04 के अन्तर्गत स्वीकृत निम्न नव मोटर मार्गों के सर्वेक्षण एवं डी०पी०आर० गठन हेतु यू०आर०आर०डी०ए०, देहरादून में पंजीकृत ऐजेन्सी / संस्थाओं से दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 02.00 बजे तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी कार्य दिवस में अपरान्ह 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदादाता एवं उनके जनप्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्य दिवस में कय की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | लम्बाई | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू०) | जमानत धनराशि 02 प्रतिशत (रू०) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मंच से बकौड़ा मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 16,665 | 1000.00+ 18% GST | 20000.00 | ऐजेन्सी / संस्थाओं यू०आर०आर० डी०ए०, देहरादून में पंजीकृत होना अनिवार्य है। |
| 02 | ज्याड़ा से रौकुंवर-भण्डारबोरा मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 13,650 | 1000.00+ 18% GST | 16500.00 | |
| 03 | सतकुला से रूईया मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 9,625 | 1000.00+ 18% GST | 11500.00 | |
| 04 | दुयूरी-बगेडी से फुर्कियाझाला मोटर मार्ग, स्टेज-1 | 15,500 | 1000.00+ 18% GST | 18600.00 | |

नोट :- निविदा की शर्तें किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में नोटिस बोर्ड में देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, पी०एम०जी०एस०वाई०
चम्पावत


# परीक्षा केंद्रों के 100 गज की परिधि में धारा 163 लागू

- आदेश का उल्लंघन करने पर धारा 223 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकल विहीन वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी परीक्षा केंद्रों और उनके चारों ओर 100 गज की परिधि में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू कर दी गई है। डीएम नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर सभी उप जिलाधिकारियों ने सभी परीक्षा केंद्रों पर धारा 163 लागू की है।

शनिवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट, राहुल शाह, ऋचा सिंह, अमृता शर्मा, अभय प्रताप सिंह, गौरव पांडे, रविंद्र जुवाठा एवं तुषार सैनी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों उसके 100 गज की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर बाहर भी कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। यह प्रतिबंध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों, अधिकारियों, सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति नकल करने व नकल कराने में मदद नहीं करेगा, परीक्षा केंद्रों के अंदर परीक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री, सैलुलर फोन, पेपर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार एवं लाठी डंडा नहीं ले जायेगा। उन्होंने कहा की यह आदेश परीक्षा की समाप्ति होने तक प्रभावी रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसका यह कृत्य भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होगा। उन्होंने कहा कि संबंधित प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर भारतीय नागरिक संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करेंगे।



काशीपुर में बोर्ड परीक्षा के दौरान चेकिंग करता सचल दल। • अमृत विचार

### उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा पहले दिन हुआ इंटर का ड्राइंग पेपर

**काशीपुर :** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद की परीक्षाओं के पहले दिन इंटर का ड्राइंग का पेपर सकुशल सम्पन्न हो गया। काशीपुर में पेपर समाप्त होने के बाद छात्रों में खुशी देखने को मिली। परीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग के सचल दल की टीम ने विभिन्न विद्यालय में जाकर परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं की चेकिंग की। सचल दल के सदस्यों की टीम का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र कुमार साहू कर रहे थे। उन्होंने बताया कि किसी भी तरह का नकल का कोई मामला परीक्षाओं के पहले दिन सामने नहीं आया है। काशीपुर में 04 केन्द्रों पर इंटरमीडिएट की ड्राइंग एंड पेंटिंग की परीक्षा संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक इस दौरान मुस्तैद रहे।

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**रुद्रपुर :** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने क्रांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला भी दहन किया। शनिवार को ऊधमसिंह नगर के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत (बिट्टू चौहान) के नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता गाबा चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि कहा कि देश आज विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। ऐसे समय में जब विश्व के विभिन्न देशों से विदेशी मेहमान भारत आए हुए थे। इसी उसी दौरान दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किए गए, जिन्हें उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है लेकिन देश की अंतरराष्ट्रीय छवि और राष्ट्रीय सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भारत युवाशक्ति के बल पर निरंतर प्रगति कर रहा है। राष्ट्रहित के विरुद्ध किसी भी गतिविधि का लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जारी रहेगा। जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, मंडल अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, अशोक नेगी, जय प्रताप भंडारी, विशाल सिंह, अभिषेक, रचित, केके त्रिपाठी, मनीष गोस्वामी, नवजोत सिंह समेत कई भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गाबा चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंकने के दौरान नारेबाजी करते भाजयुमो कार्यकर्ता।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

**सूचना**

मेरा पुत्र अतुल व उसकी पत्नी हिमानी, विपिन व उसकी पत्नी सुरभि आये दिन मेरे साथ झगड़ा, गाली गलौच करते हैं। इनके गलत व्यवहार से आहत होकर अपने पुत्र अतुल तथा विपिन से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में अपने द्वारा किये गये कृत्यों एवं लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का इससे कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। - **चन्द्र प्रकाश पुत्र चेतराम, निवासी ग्राम निवाड़ मुण्डी, थाना जसपुर, जिला ऊधमसिंह नगर।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम करन कुमार राय (पुराना नाम) से बदलकर करन राय (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे करन राय पुत्र रामबाबू राय के नाम से जाना पहचाना जाए। **ग्राम- सिसैया, पो.- खाली महुवट, खटीमा, उधम सिंह नगर**


# सांसद निधि के कार्य समय पर हों पूरे

संवाददाता, रुद्रपुर



समीक्षा बैठक को संबोधित करते पीडी हिमांशु जोशी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** ग्राम्य विकास विभाग की ओर से जनपद में संचालित ग्राम्य विकास योजनाओं मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), ग्रामोत्थान (रीप), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, सांसद निधि आदि की विस्तृत समीक्षा की गयी। इसमें सभी खंड विकास अधिकारियों एवं उप कार्यक्रम अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। वहीं अधिकारियों को सांसद निधि योजना के स्वीकृत कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये।

शनिवार को विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी ने मनरेगा योजना के प्रमुख बिंदुओं मानव दिवस सृजन, कार्य पूर्ति दर, आधार आधारित भुगतान प्रक्रिया एवं अमृत सरोवरों पर आजीविका की गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही मानव दिवस बढ़ाने और अमृत सरोवरों पर आजीविका से संबंधित गतिविधियों को संचालित किए जाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित समय में आवास पूर्ण कराने का कार्य करेंगे। नये सर्वे में चेक करेंगे कि कोई अपात्र व्यक्ति सूची में सम्मिलित न हो।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समय पर लक्ष्य पूर्ति करते हुए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आर्थिक उन्नयन एवं सामाजिक स्तर को बढ़ाने के लिए उनको जागरूक करते हुए आमदनी में बढ़ोतरी किया जाना जरूरी है। सीएलफ आईटीआर जसपुर, काशीपुर, खटीमा 1-1 पेंडिंग है। 23 तक शत-प्रतिशत किये जाने के निर्देश दिए गये। साथ ही बाजपुर मंडी, पेस्टिसाइड लाइसेंस और सितारगंज पेस्टिसाइड लाइसेंस 25 फरवरी तक पूरी करने और डिजिटल आजीविका रजिस्टर में शत-प्रतिशत एंट्री किये जाने के निर्देश दिए गये। इसी तरह अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, परियोजना अर्थशास्त्री शैलेंद्र श्रीवास्तव, जिला थीमेटिक एक्सपर्ट सौरभ सक्सेना, प्रोग्रामर विपिन राणा, खंड विकास अधिकारी केके कांडपाल, कमल किशोर पांडे, शेखर जोशी, अतिया परवेज, असित आनंद, सीआर आर्य, ग्राम्य विकास विभाग से संबंधित योजनाओं के डीपीओ मनरेगा, ब्लॉक मिशन मैनेजर एनआरएलम एवं रीप परियोजना के कार्मिक उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

### अधिवक्ताओं ने की सिविल कोर्ट भवन निर्माण की मांग

**सितारगंज** : अधिवक्ता एसोसिएशन की बैठक में सिविल कोर्ट भवन निर्माण की मांग की गई। शनिवार को सितारगंज के अधिवक्ताओं की बैठक में सिविल कोर्ट सितारगंज के भवन निर्माण को लेकर चर्चा हुई। सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिवक्ताओं को निशुल्क सदस्यता देने पर सहमति हुई। बैठक में सिविल कोर्ट सितारगंज के बिल्डिंग निर्माण में शीघ्रता लाने के लिए शिष्ट मंडल जिला जज से मिलने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहां उपाध्यक्ष रवि सक्सेना, सचिव महेंद्र चौधरी, उपसचिव अमित रस्तोगी, कोषाध्यक्ष भगवन्त सिंह, लेखा परीक्षक जीएस बेदी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य कमल जिंदल, कार्यकारिणी सदस्य ललित रस्तोगी, सुरजीत सिंह, मनोरमा गुप्ता, प्रदीप्त बिसेन, प्रकाश ढाली रहें।

### डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

**सितारगंज** : लापरवाही और तेजी से डंपर चलाने के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव मैदना, न्यूरिया (पीलीभीत) निवासी रामचंद्र ने बताया कि 18 फरवरी को उनका पुत्र अमर सिंह (22) और भतीजा मोहन (13) बाइक से हल्द्वानी से घर लौट रहे थे। तभी सितारगंज में कल्याणपुर मीनिंग चेक पोस्ट के पास एक डंपर ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को उप जिला अस्पताल, सितारगंज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं, भतीजे मोहन को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया। मामले में पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जांच जारी है।

### पुलिस ने 9 हजार लीटर लहन नष्ट किया

**बाजपुर** : चौकी प्रभारी बरहैनी संदीप शर्मा ने कांस्टेबल सुरेश बिष्ट के साथ मिलकर बरहैनी जंगल क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध शराब बनाने के लिए तैयार लगभग 9 हजार लीटर लहन को नष्ट कर दिया। एसएसआई विक्रम धामी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और क्षेत्र में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब का निर्माण या बिक्री होती दिखाई दे तो इसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### 6.81 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को दबोचा

**सितारगंज** : रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 6.81 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। शुक्रवार रात को गांव अरविंदनगर निवासी अमृत मल्लिक (28) को पुलिस ने शेखूफार्म को जाने वाले रास्ते से 6.81 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है। करीब दो साल से स्मैक का नशा कर रहा है। बताया कि उसने पिपलिया निवासी जस्सू के जीजा से स्मैक खरीदा था। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 28 पाउच शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बाजपुर** : पुलिस ने अवैध कच्ची शराब की बिक्री के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 28 पाउच कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह के अनुसार महिला ने अपना नाम पूजा निवासी सुभाषनगर, वार्ड नंबर-8, बाजपुर बताया। महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# शेयर ट्रेडिंग का झांसा दे हड़पे 37.85 लाख रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

- मोटा मुनाफा कमाने का दिया ऑफर, साइबर क्राइम सेल ने किया मुकदमा दर्ज

**अमृत विचारः** ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग का झांसा देकर एक व्यक्ति से लाखों रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। साइबर क्राइम सेल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से गांव मिलक बाद शाहपुर नौगांवा सादात अमरोहा व हाल निवासी राजारानी बिहार हल्द्वानी निवासी नृपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 2 नवंबर 2025 को उसकी फेसबुक आईडी पर शेयर डायग्नोस्टिक रिपोर्ट ऑन आई आरएफसी को लेकर एक लिंक आया। जब क्लिक किया तो सिया वर्मा की युवती ने बातचीत शुरू कर दी और ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग की जानकारी दी। साथ ही प्रलोभन दिया कि कम निवेश पर




ज्यादा मुनाफा मिलेगा। जिस पर विश्वास करते हुए उसने 22 जनवरी से लेकर 6 फरवरी तक बताए खाते में 37.85 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। कई दिनों बाद भी शेयर ट्रेडिंग से होने वाला लाभ नहीं मिला तो कॉल की गई, लेकिन कॉलर को मोबाइल फोन बंद आने लगा। साइबर क्राइम सेल ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे युवा व्यापारी ध्रुव को मां गुड़गांव के एक हायर सेंटर के मना करने पर वापस रुद्रपुर लाई

# हायर सेंटर का इलाज से इंकार, मां की उम्मीदों ने नहीं छोड़ा हौसला

फॉलोअप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** शहर के युवा व्यापारी ध्रुव चावला की जिंदगी इस समय नाजुक मोड़ पर खड़ी है। एक ओर पुलिस घटना की परतें खोलने में जुटी है, तो दूसरी ओर अस्पताल के आईसीयू में ध्रुव जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

बताया जा रहा है कि गुरुवार रात करीब 10 बजे सिविल लाइंस स्थित किकस विला शू शोरूम के स्वामी 25 वर्षीय ध्रुव चावला दुकान के भीतर गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले थे। उनके सिर में 0.32 बोर की गोली लगी थी। घटनास्थल से एक अवैध



युवा व्यापारी ध्रुव चावला।

पिस्टल और चार जिंदा कारतूस भी बरामद हुए। परिजन उन्हें तत्काल शहर के विभिन्न अस्पतालों में लेकर दौड़े। डॉक्टरों की सलाह पर उन्हें गुड़गांव के एक हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी हालत में अपेक्षित सुधार न होने पर वहां भी उपचार से इंकार कर दिया गया। यह सुनते ही मां एकता चावला की आंखों के सामने जैसे अंधेरा छा गया। डॉक्टरों ने जब कहा कि ध्रुव में कोई खास हलचल नहीं दिख रही, तो मां का कलेजा कांप उठा। लेकिन मां की ममता हार मानने को तैयार नहीं थी। अपने इकलौते बेटे को बचाने की उम्मीद थामे वह उसे वापस रुद्रपुर ले आईं और एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल के बाहर हर बार जब डॉक्टर बाहर आते हैं, मां की धड़कनें थम सी जाती हैं। इकलौती बहन का इकलौता भाई और मां का एकमात्र सहारा ध्रुव के लिए पूरे परिवार की दुआएं एक आस बनकर खड़ी हैं। पिछले 24 घंटों से अधिक समय से ध्रुव जीवन की जंग लड़ रहा है। शहर में हर जुबां पर एक ही प्रार्थना है कि वह जल्द स्वस्थ होकर अपने घर लौटे।

### आखिर क्या हुआ जानने को हर कोई है व्याकुल

घटना ने शहर के व्यापारिक जगत को झकझोर दिया है। आखिर यह हादसा कैसे हुआ। क्या ध्रुव ने खुद को गोली मारी या फिर किसी ने साजिशन वारदात को अंजाम दिया। 24 घंटे बीत जाने के बाद भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के ध्रुव की किसी से व्यक्तिगत रंजिश सामने नहीं आई है। आर्थिक रूप से भी वह मजबूत माने जाते थे। ऐसे में इस घटना ने व्यापारियों और परिचितों को गहरे असमंजस में डाल दिया है। हर कोई सच्चाई जानना चाहता है और पुलिस से लगातार जानकारी लेने की कोशिश कर रहा है।

### जांच की दिशा: आत्महत्या की आशंका

प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस की जांच आत्महत्या के प्रयास की दिशा में आगे बढ़ती दिख रही है। बताया जा रहा है कि घटना के समय शोरूम का शीशा तोड़कर अंदर प्रवेश किए जाने के संकेत मिले हैं, जबकि कैमरों में कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर नहीं आया। कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) भी अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं दे सकी है। हालांकि पुलिस ने अभी आधिकारिक रूप से कुछ स्पष्ट नहीं किया है और मामले की गहन जांच जारी है। फिलहाल, अस्पताल के बाहर टिकी निगाहें और जुड़ी हथेलियां यही दुआ कर रही हैं कि ध्रुव इस कठिन परीक्षा से उबरकर नई सुबह देख सके।

# चंद पैसों के लिए भतीजे ने ही की थी ताई जानकी की गला घोंटकर हत्या

## खटीमा में 18 फरवरी को हुई जानकी चंद की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे में ही किया खुलासा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** देवभूमि कॉलोनी में हुई वृद्धा की हत्या का पुलिस ने 72 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उसके ही सगे भतीजे ने पैसों की लालच में की थी।



जानकी चंद (फाइल)।

आरोपी ने मफलर से वृद्धा का मुंह ढककर और गला घोंटकर हत्या की।

कोतवाली परिसर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बताया कि 18 फरवरी की देर रात पुलिस को 112 पर सूचना मिली कि सितारगंज रोड स्थित देवभूमि धर्मशाला कॉलोनी में वृद्ध महिला जानकी चंद (65) पत्नी स्व. हरीश चंद का खून से



खटीमा में हत्याकांड का खुलासा करते एसएसपी अजय गणपति, गिरफ्त में हत्यारोपी।

लथपथ शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फील्ड यूनिट और आरएफएसएल कुमाऊं यूनिट के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फिंगर प्रिंट सहित अन्य साक्ष्य जुटाए। मृतका के पुत्र प्रेम चंद की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। एसएसपी गणपति ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीओ विमल रावत के निर्देशन में 60-70 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान मृतका के भतीजे रवि चंद पुत्र स्व. जगदीश चंद निवासी आदर्श कॉलोनी, डिग्री कॉलेज रोड का नाम सामने आया।

मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने रवि चंद को झनकट से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा के नांगल कस्बे में एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। पैसों की जरूरत के चलते 17 फरवरी की शाम वह मफलर बांधकर अपनी ताई के घर गया और भोजन के बाद मौका पाकर उनका मुंह और गला दबा दिया। संघर्ष के दौरान वृद्धा फर्श पर गिर गई और उनका नाक-मुंह से खून बहने लगा।

आरोपी ने अलमारी से पर्स निकालकर नकदी और अन्य सामान ले लिया। शक से बचने के लिए उसने मकान के बाहर ग्रिल पर ताला और दरवाजे की कुंडी बंद कर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा आरोपी की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया गया।

एसएसपी गणपति ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपी अपनी ताई के साथ बैंक भी गया था, जहां उन्होंने कुछ पैसे निकाले थे। हत्या का 72 घंटे के अंदर खुलासा करने वाली टीम में सीओ विमल रावत, प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, एसआई अशोक कांडपाल, किशोर पंत, जीवन चुफाल, ललित बिष्ट, भूपेंद्र रंसवाल, भुवन गहतोड़ी, आरक्षी मोहन बोरा, कमल पाल, नवीन खोलिया शामिल थे।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

**काशीपुरः** सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल महिला को अस्पताल भेज कर, वाहनों को कब्जे में ले लिया। वहीं शव को मोर्चरी भेज दिया है। आईटीआई कोतवाली क्षेत्र में शनिवार शाम डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि बाजपुर रोड स्थित परमानंदपुर मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्राला ने मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। मोटरसाइकिल चालक की पहचान किशन लाल निवासी मिलक ताजखान के रूप में हुई है। किशन लाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठी महिला रजनी हादसे में गंभीर घायल हो गई। उसे आसपास के लोगों ने तत्काल उपचार के लिए एंबुलेंस से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक रवि सैनी ने बताया की दुर्घटना में किशन लाल की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उनके परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** पहेनियां-कुटरी बाईपास पर बिगराबाग चौराहे के पास मॉर्निंग वॉक पर निकले एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घायल अवस्था में उसे नागरिक अस्पताल



मनोज कुमार (फाइल)।

लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार कंजाबाग पटिया निवासी मनोज कुमार (25) पुत्र स्वर्गीय गंगा प्रसाद सुबह घर से टहलने निकला था। वह बिगराबाग बाईपास पर मॉर्निंग वॉक कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने पर घायल को 108 एंबुलेंस की सहायता से नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घर पर परिजन चाय के लिए मनोज का इंतजार करते रहे। काफी देर तक वापस न लौटने पर उन्होंने खोजबीन शुरू की। इसी दौरान किसी ने बताया कि बाईपास पर एक दुर्घटना हुई है और घायल को अस्पताल ले जाया गया है। परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां शव की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में परिजनों को सौंप दिया। मनोज तीन भाइयों में मंझला था और अविवाहित था। बड़ा भाई राजकुमार और छोटा भाई प्रमोद कुमार विवाहित हैं। मां सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नंबर प्लेट से होगी वाहन की पहचान

दुर्घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जिस स्थान पर मनोज को टक्कर मारी गई, वहीं वाहन की नंबर प्लेट टूटकर गिर गई थी। पुलिस ने नंबर प्लेट कब्जे में लेकर संबंधित वाहन की पहचान की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी वाहन चालक को चिन्हित कर कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

# शराब की होम डिलीवरी का पर्चा बांटने वाला गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर में शराब की होम डिलीवरी का पर्चा बांटने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त परिसर में शराब की होम डिलीवरी करता था और धंधा बढ़ाने के उद्देश्य से पर्चा बांट होम डिलीवरी का प्रचार कर रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया है।

पंतनगर थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत ने बताया कि पिछले कुछ दिन समाचार पत्रों के माध्यम से पंतनगर विश्वविद्यालय के छात्रावास व आवासीय कॉलोनी में पर्चा वितरण किया गया था। समाचार पत्रों के अंदर आपत्तिजनक कार्ड के अलावा फास्ट डिलीवरी, एन्जॉय ए ड्रिंक एट द कंफर्ट एंड सेफ्टी ऑफ युअर होम, वीआर जस्ट ए कॉल अवे लिखा हुआ था। यानी तेज होम डिलीवरी शराब के साथ मनोरंजन करने का ऑफर दिया गया था। जानकारी मिलते ही पुलिस ने प्रकरण की तफ्तीश शुरू की। बताया कि जांच में गांव टैगोर नगर शक्ति फार्म सितारगंज निवासी देवाशीष विश्वास का नाम सामने आया। बताया जा रहा है कि देवाशीष अंग्रेजी शराब की सप्लाई अवैध तरीके से करता है और पंतनगर विवि परिसर में भी गोपनीय तरीके से शराब की सप्लाई करता है। उसका मकसद परिसर में निवास कर रहे लोगों को घर में शराब पहुंचाना था।

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, मौत

**बाजपुरः** ग्राम बरहैनी में बन्नाखेड़ा मार्ग स्थित नई सड़क चौराहे के निकट एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बरहैनी निवासी कृष्णा देवी (60), पत्नी सुखराम सिंह, सड़क पर पैदल जा



कृष्णा देवी (फाइल)।

रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। आसपास लोग उन्हें एक निजी चिकित्सालय में ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें काशीपुर रेफर कर दिया। काशीपुर में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पीपलपड़ाव में हाथी की संदिग्ध हालात में मौत

- वन विभाग के अधिकारियों ने कराया शव का पोस्टमार्टम

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** तराई केंद्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर की पीपलपड़ाव रेंज के अंतर्गत तिलपुरी गांव डाम अंदर क्षेत्र में एक जंगली हाथी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिला है।

शनिवार को ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रेंज अधिकारी पुरान चंद्र जोशी और एसडीओ शशि देव सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग ने घटना स्थल को सील कर साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए



दिनेशपुर के पीपलपड़ाव रेंज में मिला हाथी का शव। ● अमृत विचार

हैं। विभाग द्वारा पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

घटना स्थल पर डीएफओ उमेश चंद तिवारी, एसडीओ शशि देव सिंह, पीपलपड़ाव रेंज अधिकारी पुरान चंद जोशी, प्रियांशु पांडे, वन दरोगा रवि खुल्बे, पशु चिकित्सा अधिकारी रवि पाठक, जनप्रतिनिधि चंदन सिंह नयाल, समाजसेवी कैलाश शर्मा, पूर्व सूबेदार लाल सिंह नयाल, मनोज कोरंगा, जितेंद्र नयाल, महेंद्र डोगरा, जयराम राजभर, आनंद सिंह नयाल, चंचल सिंह देऊपा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत

हाथी की मौत की खबर से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और वन क्षेत्र की ओर अनावश्यक रूप से न जाने की अपील की है। फिलहाल, मौके पर वन विभाग की टीम तैनात की गई है।

### वन अधिकारियों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हाथी की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। वन विभाग हर पहलू पर जांच कर रहा है। शुरुआती जांच में हाथी की मौत बीमारी, आपसी संघर्ष या अन्य किसी कारण से हुई होने का अंदेशा है।

आक्रोश

## लेवड़ा नदी पर बन रहा है पुल, इंदिरा कॉलोनी के लोगों ने प्रशासन से शीघ्र निर्माण की मांग की

# पुल के निर्माण में हो रही देरी से लोग नाराज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बेरिया रोड स्थित लेवड़ा नदी पर बन रहे पुल के निर्माण में देरी के कारण इंदिरा कॉलोनी के लोगों में आक्रोश देखा गया। उत्तराखंड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन के अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि के नेतृत्व में शनिवार को स्थानीय लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की।

अनिल वाल्मीकि ने कहा कि लेवड़ा पुल का निर्माण बेहद धीमी गति से चल रहा है। जून में मानसून आने वाला है और यदि समय पर कार्य पूरा नहीं हुआ, तो क्षेत्रवासियों को बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया



लोनिवि की टीम के सामने आक्रोश जताते लोग। ● अमृत विचार

कि निर्माण के दौरान आ रहे पीपल के पेड़ को हटाने के लिए शासन से अनुमति मिल चुकी है, लेकिन कुछ लोग इसे राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं और पेड़ हटाने का विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अस्थाई पुल की दीवार गिर चुकी है, जिसके ऊपर रात में भारी वाहनों का गुजरना जारी है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दीवार क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि दीवार को जल्द दुरुस्त कराया जाए और बाहरी भारी वाहनों पर रोक लगाई जाए। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता नेहा शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे। शासन से प्राप्त एनओसी और अनुमति के आधार पर पुल के बीच में आ रहे पीपल के पेड़ को जेसीबी से हटाया गया। अधिकारियों ने कहा कि पेड़ हटते ही निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी। एसडीएम अमृता शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुल निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बरसात से पहले कार्य पूर्ण करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है, ताकि क्षेत्रवासियों को बाढ़ की समस्या से राहत मिल सके। इस मौके पर पहलवान सूरज यादव, मतलूब मसीह, जाफर अली रहे।

### रात्रि में लुटेरों ने राहगीर से लूटी नकदी-मोबाइल

**रुद्रपुर** : कोतवाली इलाके में खाकी से बेखौफ रात्रि लुटेरा गिरोह सक्रिय हो चुका है। यहां कुछ बदमाशों ने एक राहगीर को डरा धमकाकर नगदी और मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चुकटी देवरिया किच्छा निवासी यक्षेंद्र सिंह ने बताया कि वह 19 फरवरी की रात्रि साढ़े 8 बजे गांधी पार्क के सामने स्थित ट्रेवल्स वाले के पास खड़ा था। अपने परिचित राजेंद्र कुमार से मिलकर पैदल ही घर लौट रहा था। इस बीच त्रिशूल चौक की तरफ से अचानक तेजी के साथ एक व्यक्ति आया और उसे जोर से धक्का देकर बायीं तरफ नाली किनारे फेंक दिया। उन्होंने बताया कि बदमाश ने धारदार चाकू निकालकर हत्या करने की धमकी दी और डरा धमकाकर एक महंगा मोबाइल और चार हजार की नगदी लूट ली। जिसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

# चरस बेचने के दोषी को 12 वर्ष का कारावास, 1.10 लाख का जुर्माना

संवाददाता, रुद्रपुर

- वर्ष 2015 में परचून की दुकान में चरस बेचने का है मामला
- विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सुनाया फैसला

**अमृत विचारः** खटीमा के ग्राम रतनपुरा में परचून की दुकान पर चरस बेचने के मामले में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी को 12 साल की कारावास और 1.10 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतने के आदेश दिए है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता दीपक अरोरा ने बताया कि 28 फरवरी 2015 को खटीमा कोतवाली पुलिस टीम गश्त करते हुए पहेनिया चौराहा की तरफ जा रही थी। इस दौरान मुखबिर ने एएसआई नरेश पाल को सूचना दी कि एक व्यक्ति ग्राम रतनपुरा में अपनी परचून की दुकान पर चरस बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान में बैठे व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम ग्राम रतनपुर जसारी खटीमा निवासी आनंद सिंह राणा पुत्र बादाम सिंह बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो सौ ग्राम चरस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत में हुई। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट आशुतोष कुमार मिश्र की अदालत ने 12 साल की कारावास और 1.10 लाख रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## सिटी ब्रीफ

### जर्जर ट्रैक में दौड़ रहा खिलाड़ी गिरकर हुआ चोटिल

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम के जर्जर मिट्टी के ट्रैक में दौड़ना एक खिलाड़ी को भारी पड़ गया। शनिवार को दिन में दौड़ की प्रैक्टिस कर रहा संतराम दौड़ते समय ऊबड़ खाबड़ ट्रैक में पैर मुड़ने से गिर पड़ा। जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। आनन-फानन में स्टेडियम के एथलेटिक्स कोच सरफराज चौधरी संतराम को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां एक्स रे में संतराम के पैर की हड्डी टूटी मिली। जिसके बाद खिलाड़ी को प्लास्टर चढ़ाया गया। यहां बता दें कि स्टेडियम के मिट्टी के रनिंग ट्रैक की जगह सिंथेटिक ट्रैक बनाने की खिलाड़ियों की मांग लंबे समय से लंबित पड़ी है।

### 41 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने कच्ची शराब की तस्करी में लिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 41 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का आबकारी अधिनियम में चालान किया है। टांडा चौकी पुलिस ने ढकिया गुलाबो रोड से ग्राम बिंदुखेड़ा रुद्रपुर व हाल ग्राम ढकिया गुलाबो निवासी मलकीत सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 31 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। वहीं, कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने एसआरएफ फैक्ट्री के पास स्थित अंडर पास के शांति नगर ग्राम रम्पुरा निवासी चरनजीत सिंह उर्फ चांद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की है।

### डैफोडिल स्कूल में प्रतिभावान छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

**काशीपुर :** सैनिक कॉलोनी स्थित श्री अरविंद सोसाइटी के केंद्र में शनिवार को गुरु मां के जन्मदिन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बाबा सुभाग सिंह द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में रेलवे प्राथमिक विद्यालय के प्रतिभावान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रैक सूट देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य संगीता गुप्ता द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर श्री अरविंद सोसायटी के अध्यक्ष रविंद्र सिंह नेगी, क्रिकेट कोच शैलेश कुमार सिंह, कैलाश मनराल, निर्मला मनराल, रवि साहनी सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 23 से

**काशीपुर :** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा आगामी सोमवार 23 फरवरी और मंगलवार 24 फरवरी को सुबह 9 :30 बजे से रामनगर रोड स्थित एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष लायंस गौतम मेहरोत्रा, सचिव ला. आशीष पैगिया व कोषाध्यक्ष ला. विपिन तोमर ने बताया कि लायंस क्लब काशीपुर द्वारा लगातार 36 वर्षों से निरंतर आंखों की जांच का कैंप लगाकर लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा मिसाल कायम की गई है। सर्वधर्म सद्भाव मिशन के तहत मानव सेवा की समर्पित भावना को कायम रखने के लिए लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर द्वारा नगर ही नहीं अपितु बाहर के लोगों की भी निशुल्क आंखों की जांच व ऑपरेशन करवाये गये हैं।

### काशीपुर में बाल श्रमिक को किया चिह्नित

**काशीपुर :** बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम के तहत शुक्रवार शाम को क्षेत्रांतर्गत अभियान चलाया गया। जिसमें एक बाल श्रमिक चिन्हित किया गया। अभियान के दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह के साथ अपर पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश सिंह बोहरा, कांस्टेबल गिरीश मठपाल, चाइल्ड लाइन से दीपक चन्द्रा, केस वर्कर पूनम कैड़ा तथा एनजीओ आईएसडी से संगीता गुप्ता व उवेश खान मौजूद रहे।

# गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में गुरमत समागम

## बाजपुर में संत बाबा नंद सिंह जी, बाबा ईश्वर सिंह जी एवं धन-धन बाबा कुंदन सिंह जी की याद में हुआ भव्य आयोजन



समागम में पहुंचे संत-महात्माओं को सम्मानित करते बाबा प्रताप सिंह। ● अमृत विचार



समागम में गुरुवाणी का श्रवण करतीं महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में संत महापुरुषों की पावन स्मृति में तीन दिवसीय विशाल गुरमत समागम का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया गया। यह समागम नानकसर संप्रदाय के संत बाबा नंद सिंह जी, बाबा ईश्वर सिंह जी एवं धन-धन बाबा कुंदन सिंह जी की याद में आयोजित हुआ, जिसमें संगत की भारी उपस्थिति रही। समागम के दौरान सिख पंथ के प्रख्यात कथा वाचक एवं कीर्तनकारों ने गुरबाणी विचार और संत महापुरुषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए संगत को आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। इस अवसर पर पंथ प्रसिद्ध कथा वाचक बाबा बंता सिंह जी, बाबा अमरजीत सिंह जी, भाई मनिंदर सिंह जी (फतेहगढ़), त्रिलोक सिंह जी (यूके) और भाई जोगा सिंह आजाद सहित कई विद्वान रागी एवं प्रचारक उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने संतों की शिक्षाओं, सेवा, सिमरन और मानवता के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनकी महिमा का गुणगान किया। गुरुद्वारा साहिब के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह जी द्वारा आए हुए संत महापुरुषों, प्रचारक जत्थों और सेवादारों को सम्मानित किया गया और सभी का आभार व्यक्त किया।

समागम में एसजीपीसी के प्रतिनिधि प्रताप सिंह, बाबा करनैल सिंह, महंत श्याम सुंदर शास्त्री, बाबा त्रिलोचन सिंह, भाई अनमोल सिंह, बाबा शिंदा सिंह, राजी राजेंद्र सिंह आदि भी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

समागम के दौरान गुरुद्वारा साहिब परिसर में धन-धन बाबा कुंदन सिंह जी की स्मृति में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाई रमेश सिंह, सरजीत सिंह और राजू सिंह द्वारा अरदास के उपरांत फीता काटकर किया गया। रक्तदान शिविर में युवाओं एवं संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 30 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। शिविर के आयोजक राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता जगतार सिंह बाजवा एवं आध्यात्मिक चेतना संस्था के सौरभ परमार ने सेवा चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम, संगत और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और उन्हें सम्मानित किया।

### 37 श्रद्धालुओं को अमृत पान कराया

समागम के दौरान पांच प्यारों द्वारा विधिवत गुरबाणी का पाठ करते हुए 37 श्रद्धालुओं को अमृत पान कराया गया। मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म की राह पर चलने का संकल्प दिलाया गया।

### सड़क हादसे में घायल युवक का काटना पड़ा पैर

**सितारगंज:** पीलीभीत से सितारगंज की ओर जा रहे बाइक सवार दो युवकों को एक ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज के दौरान पैर काटना पड़ा। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव काजरबोझी, जनपद पीलीभीत निवासी देवदत्त के अनुसार, 16 फरवरी को उनका पुत्र मोहन स्वरूप उर्फ राहुल अपने मित्र राजीव कुमार के साथ बाइक से पीलीभीत से सितारगंज जा रहा था। गांव बरुआबाग के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने दोनों को उप जिला अस्पताल, सितारगंज पहुंचाया। मोहन की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाद में बरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 17 फरवरी को चिकित्सकों को उसकी जान बचाने के लिए एक पैर काटना पड़ा। फिलहाल मोहन की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




काशीपुर में शिविर के शुभारंभ पर एनएसएस स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

### सात दिवसीय विशेष शिविर का किया आयोजन

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ की ओर से सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शनिवार को राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय कताई मिल में शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. डॉ. सुमिता श्रीवास्तव ने की। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक धर्मवीर सिंह चौहान और विशिष्ट अतिथि गजेंद्र पाल सिंह ने उद्घाटन किया। इसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत व लक्ष्य गीत गाया गया। पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह लता ने स्वयंसेवकों से अपने अनुभव साझा किए। छात्रसंघ अध्यक्ष जतिन शर्मा ने बताया कि निरंतर कर्मशील रहने से जीवन में ऊंचे से ऊंचे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममतेश कुमारी ने स्वयंसेवकों को शिविर में अपनाई जाने वाली समय सारणी की जानकारी दी। डॉ. पदमा वशिष्ठ ने एक सुंदर कविता के माध्यम से जीवन की सकारात्मक पहलू पर चर्चा की। इस मौके परपर डॉ. ममतेश, डॉ. कुंवर पाल सिंह, डॉ. संतोष पंत, डॉ. रीना चौरसिया, अखिलेश गिरी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**सितारगंज:** बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे लोगों की पहचान और धरपकड़ के लिए पुलिस और खुफिया विभाग ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। शुक्रवार से शुरू किए गए इस अभियान में बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने चेकिंग के दौरान वीजा समाप्ति के बाद रह रहे लोगों को चिह्नित करने के लिए खोजबीन की। इस अभियान के तहत इस्लामनगर, बलीनगर आदि क्षेत्रों में अवैध अप्रवासियों, वीजा अवधि समाप्त होने के बाद रहने वाले लोगों और जाली दस्तावेजों या अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों की पहचान की गई। इस दौरान 25 बाहरी संदिग्ध व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच की गई। इस अभियान में एलआईयू इंचार्ज भास्कर बडोला, सरकड़ा चौकी इंचार्ज पंकज कुमार, एसआई राकेश रॉकली, किरन मेहता और तारा गड़िया उपस्थित रहे।

# आरटीई में गबन का आरोप जांच में निकला फर्जी

- चार सदस्यीय टीम ने स्कूल पहुंच की मामले की जांच

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एक स्कूल की प्रबंध समिति पर आरटीई योजना की धनराशि गबन करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत पर चार सदस्यीय जांच टीम स्कूल पहुंची और जांच-पड़ताल की, जिसमें सब कुछ ठीक-ठाक पाया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि शिकायत फर्जी थी।

खंड शिक्षा अधिकारी को मोहल्ला काजीबाग निवासी एक व्यक्ति की ओर से शिकायत पत्र भेजकर कहा गया था कि आरटीई योजना की धनराशि में मोहल्ले के एक स्कूल की प्रबंध समिति ने गबन किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि विद्यालय की पूर्व समिति अध्यक्ष इदरीश अंसारी, प्रबंधक दिलशाद हुसैन, वर्तमान समिति अध्यक्ष राशिद अली और प्रबंधक अनवर हुसैन मदनी ने आपसी मिलीभगत से धन का गबन किया है।



काशीपुर में स्कूल की जांच करने पहुंची टीम। ● अमृत विचार

आरोपों में यह भी कहा गया था कि गरीब और पात्र बच्चों के हित में उपयोग होने वाली राशि का सही उपयोग नहीं हुआ और लेखा-जोखा, बिल-बाउचर व कार्य विवरण पारदर्शी रूप से उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए बीईओ धीरेंद्र कुमार साहू ने चार सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया। इसमें प्रतापपुर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दीपक कुमार गंगवार, जोशी मझरा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवेंद्र कुमार शर्मा, गुलजारपुर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जसवंत सिंह और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुदामालाल के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश सिंह शामिल थे। टीम ने शनिवार को स्कूल पहुंचकर आरटीई से संबंधित अभिलेखों की जांच की। साथ ही शिकायतकर्ता सुनील पाल को मौके पर बुलाया गया। शिकायतकर्ता ने टीम को लिखित स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उसके नाम से झूठी शिकायत की गई है और उसके हस्ताक्षर भी फर्जी हैं। जांच टीम ने पाया कि सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड सही और नियमानुसार थे। स्कूल के प्रबंधक अनवर हुसैन मदनी ने जांच में सहयोग देते हुए आरोपों को खारिज किया और बताया कि आरटीई निधि का उपयोग पूर्णतः नियमानुसार किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2019 में भी उनके खिलाफ फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से शिकायत की जा चुकी थी।



खटीमा में शिक्षकों को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

### पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू जीआईसी में दो शिक्षक सम्मानित

**खटीमा :** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी भैरव दत्त भट्ट को अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 26 से 28 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित होगी। साथ ही, विद्यालय के शैलेश मटियानी पुरस्कार प्राप्त शिक्षक नरेंद्र सिंह रौतेला को हाल ही में देवभूमि एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किए जाने पर शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने दोनों सम्मानित व्यक्तियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धियां विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय हैं। समारोह में विवेक जोशी, केडी जोशी, अजय कुमार अवस्थी, ममता चौहान, महेंद्र सिंह धामी, मेवा राम, ललित जोशी, मनीषा कल्पासी, मीनू खेतवाल, प्रमोद सिंह राणा, नरेंद्र दिगारी, नवीन चंद उपाध्याय, रमेश लाल कालाकोटी, डॉ. बीडी पंत, नम्रता तिवारी, हरीश सिंह, नवीन जोशी आदि ने भी बधाई दी।



बाजपुर में सम्मेलन को लेकर सुप्रसिद्ध सर्जन डॉ. हरिओम पांडेय को आमंत्रित करते कार्यकर्ता।

### विश्व मातृभाषा दिवस पर पंजाबी भाषा संरक्षण को लेकर गोष्ठी

**बाजपुर :** विश्व मातृभाषा दिवस के अवसर पर बाजपुर में पंजाबी भाषा के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार को लेकर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लखविंदर सिंह ने की। मुख्य वक्ता बल्ली सिंह चीमा ने मातृभाषा के महत्व पर विचार रखते हुए पंजाबी की समृद्ध विरासत पर प्रकाश डाला और कविता पाठ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता जगतार सिंह बाजवा ने किया। गोष्ठी में पंजाबी भाषा के प्रचार-प्रसार, नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने और सामाजिक-सांस्कृतिक स्तर पर भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। उपस्थित वक्ताओं और प्रतिभागियों ने मातृभाषा के संवर्धन हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहा के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू, दलजीत सिंह रंधावा, हरदयाल सिंह, ज्ञानी सुरजीत सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### बाजपुर में विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारी

**बाजपुर:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 24 फरवरी को चीनी मिल स्थित श्रीरामलीला मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसे सफल बनाने के लिए हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

शनिवार को मातृशक्ति और युवाओं की टोलियों ने घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व की जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार, संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 24 फरवरी को प्रातः 9 बजे श्रीरामभवन धर्मशाला से चीनी मिल ग्राउंड तक भव्य मंगल शोभायात्रा निकाली जाएगी।



जसपुर में छात्राओं को शिकायत पेटी की जानकारी देती महिला एसआई।

### पुलिस ने स्कूल में लगाई शिकायत पेटी

**जसपुर :** बालिकाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए स्थानीय पुलिस ने एक नई पहल की शुरुआत की है। पुलिस आपके द्वार विशेष जागरूकता अभियान चलाकर स्थानीय पुलिस द्वारा स्कूल में शिकायत पेटी लगाई गई तथा टीम द्वारा सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। अभियान के तहत शनिवार को पुलिस टीम महुवाडाबरा स्थित साईं इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज एवं एक मटर प्लांट पर पहुंची। यहां टीम द्वारा छात्राओं को बढ़ते महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह, बच्चों से संबंधित अपराध, नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। छात्राओं को गौरा शक्ति एप तथा जरूरी टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान टीम ने विद्यालय में छात्राओं के लिए शिकायत पेटिका लगाकर जागरूक किया गया। यहां एसआई रुचिका चौहान, सीमा आदि रहे।

**मांग** | उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी परिषद के सदस्यों ने एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपा

# बाजपुर के आंदोलनकारियों का जल्द हो चिह्नीकरण

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी परिषद ने खटीमा की तर्ज पर बाजपुर के राज्य आंदोलनकारियों का चिह्निकरण किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में परिषद की ओर से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बाजपुर को सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान में शासनादेश के अनुसार राज्य आंदोलनकारियों का चिह्निकरण किया जा रहा है तथा वर्ष 2021 तक प्राप्त आवेदनों पर विचार किया जा रहा है। परिषद का कहना है कि बाजपुर क्षेत्र के आंदोलनकारियों ने भी समय पर आवेदन किए थे और राज्य आंदोलन के दौरान दिए गए अपने योगदान के प्रमाणस्वरूप समाचार पत्रों की प्रतियां, शपथ-पत्र एवं अन्य दस्तावेज संलग्न किए थे।



बाजपुर में एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी परिषद के सदस्य।

परिषद पदाधिकारियों ने उल्लेख किया कि खटीमा में जिन साक्ष्यों के आधार पर आंदोलनकारियों का चिह्निकरण किया गया है, उन्हीं मानकों के आधार पर बाजपुर के आंदोलनकारियों का भी चिह्निकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि पात्र आंदोलनकारियों को शीघ्र प्रमाण-पत्र एवं परिचय-पत्र जारी किए जाएं।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि लंबे समय से आंदोलनकारी अपने सम्मान और अधिकारों के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन अभी तक कई आवेदनों पर निर्णय लंबित हैं। परिषद ने शासन-प्रशासन से इस मामले में सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। ज्ञापन में पूर्व अध्यक्ष मकसूद अहमद, हरीश भट्ट, बहादुर सिंह भंडारी, लाल सिंह, देवेंद्र प्रसाद, रमेशनाथ गोस्वामी, नंदलाल कंबोज, विकास गुप्ता, राजेंद्र ठक्कर, जयपाल रावत, जगदीश कांत, महेंद्रपाल शर्मा, देवेंद्रपाल शर्मा, प्रवीण सक्सेना, तनवीर खान आदि के नाम अंकित हैं।

### सार्वजनिक स्थानों से सात नशेड़ी दबोचे

**काशीपुर:** जन सम्मेलन के दौरान एसएसपी के समक्ष लोगों द्वारा नशे को लेकर की गई शिकायतों के बाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर नशा करते सात नशेड़ियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों का पुलिस एक्ट में चालान कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। बता दें बीती 19 फरवरी को जिले के नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा कोतवाली में जन सम्मेलन आयोजित किया गया था। इस दौरान मौजूद जनता ने प्रिया मॉल से लेकर चीमा चौराहे तक नशेड़ियों का अड्डा बना होने की बात कहते हुए कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद कटोराताल चौकी पुलिस ने चीमा चौराहे से प्रिया मॉल तक नशा करने वालों पर कार्यवाही करते हुए सात नशेड़ियों को पकड़ा। पुलिस ने काउंसलिंग कर 81 पुलिस एक्ट में चालान किया।

# कार्यशाला में दी कौशल की जानकारी




काशीपुर में कार्यक्रम के समापन के बाद अतिथियों के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** बाजपुर रोड स्थित सत्येंद्र चंद गुड़िया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज में इम्प्लीमेंटेशन ऑफ द एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम विषय पर आयोजित एक सप्ताहीय कार्यशाला का शुक्रवार को सफल समापन हुआ। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यशाला महिंद्रा एंड महिंद्रा की सीएसआर पहल महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला में बीबीए, बीसीए, बीकॉम (ऑनर्स) और एमबीए द्वितीय व अंतिम वर्ष की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन रिसोर्स पर्सन सीए प्रभात दिवाकर ने किया। उन्होंने छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशल के साथ जीवन कौशल, सौम्य कौशल, संचार कौशल एवं प्रस्तुतीकरण कौशल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के अंतिम दिन 36 छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इनमें बीबीए की 11, बीसीए की 18 और बीकॉम (ऑनर्स) की 7 छात्राएं शामिल रहीं।

# चूड़ी तेरा हाथ मा राइफल मेरी कानी मा...गीत पर थिरके दर्शक

## चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव के तीसरे दिन इंदर आर्या और बेबी प्रियंका के संग सुरों से सराबोर हुई टनकपुर की शाम, श्वेता माहरा ने डांस से जमाया रंग

संवाददाता, टनकपुर


प्रस्तुति देते लोक गायक इंदर आर्या।


टनकपुर में प्रस्तुति देती कलाकार श्वेता माहरा। ● अमृत विचार


प्रस्तुति देती लोक कलाकार बेबी प्रियंका।

**अमृत विचार:** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के तीसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या यादगार बन गई। लोक संस्कृति, आधुनिक संगीत और जनभागीदारी का अनूठा संगम इस स्टार नाइट में देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध लोक कलाकार बेबी प्रियंका की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ। उनके मंच पर आते ही दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कुमाऊँ की लोकप्रिय धुनों ने वातावरण को पारंपरिक रंगों से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात युवा और ऊर्जावान गायक इंदर आर्या ने अपनी जोशीली आवाज से समा बांध दिया।

"चूड़ी तेरा हाथ में", "राइफल मेरी कानी मा" और "लुणा रोटी खून" जैसे सुपरहिट कुमाऊनी गीतों पर दर्शक अपनी सीटों पर नहीं टिक पाए और तालियों की गूंज से पूरा परिसर गूंजायमान हो उठा।

दोनों कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कुमाऊँ की लोकधुनों को नए उत्साह के साथ मंच पर जीवंत कर दिया।

श्वेता महारा की धमाकेदार एंट्री ने पूरे कार्यक्रम स्थल में ऊर्जा की नई लहर दौड़ा दी। श्वेता ने कुमाऊनी के साथ-साथ हरियाणवी और भोजपुरी सुपरहिट गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत कर कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। उनकी आकर्षक मंच उपस्थिति और जीवंत अदायगी ने हर आयु वर्ग के लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उनके साथ ताल मिलाई और माहौल पूर्णतः उत्सवमय हो गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़, लगातार बजती तालियां और मोबाइल की रोशनी ने चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के तीसरे दिन की स्टार नाइट को यादगार और ऐतिहासिक बना दिया, जहां उत्साह, ऊर्जा और संगीत का संगम देर रात तक पूरे टनकपुर को झंकृत करता रहा।

पारंपरिक परिधानों और स्थानीय बोली के गीतों ने दर्शकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का कार्य किया। युवाओं के साथ-साथ बुजुर्ग और महिलाएं भी लोकसंगीत की इन धुनों पर थिरकते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन भैरव दत्त राय ने किया।

### प्रतिभागियों ने सीखीं मॉडर्न पेंटिंग की बारीकियां

**टनकपुर :** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव–2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय कला कार्यशाला में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर मधुबनी कला एवं मॉडर्न पेंटिंग की विभिन्न शैलियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का शुभारंभ वरिष्ठ चित्रकार एवं कला पत्रिका संपादक डॉ. अवधेश मिश्र ने किया। डॉ. मिश्र ने प्रतिभागियों को रंगों के संतुलन, रेखाओं की सटीकता, विषय चयन, संरचना और अभिव्यक्ति शैली पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने अपने तीन दशकों के अनुभव साझा करते हुए कला में अनुशासन, समय प्रबंधन और नैतिक मूल्यों को सफलता की कुंजी बताया। व्यावहारिक सत्र में प्रतिभागियों ने मधुबनी और आधुनिक शैली में पेंटिंग का अभ्यास किया और आकर्षक कलाकृतियाँ तैयार कीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा। इस मौके पर डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कलाचार्य ने लोक एवं समकालीन कला की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।


महोत्सव के लिए प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार


ट्रैकिंग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पहुंचे प्रतिभागी। ● अमृत विचार

### 'जिम कॉर्बेट ट्रेल' पर रोमांचक ट्रैकिंग का आयोजन

**टनकपुर :** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव 2026 के अंतर्गत जिम कॉर्बेट ट्रेल (चौड़ाराजपुरा से फुंगर तक) पर ट्रैकिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्राकृतिक सौंदर्य, घने वनों और पहाड़ी मार्गों से होकर गुजरने वाली इस ट्रैकिंग में कुल 70 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रैकिंग के दौरान प्रतिभागियों ने प्राकृतिक परिवेश का आनंद लेते हुए साहसिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। मार्ग में सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई थीं तथा अनुभवी गाइडों की देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह आयोजन युवाओं में साहसिक पर्यटन के प्रति रुचि जागृत करने, स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जिम कॉर्बेट से जुड़ी प्राकृतिक विरासत के रूप में पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करते हुए प्रतिभागियों को न केवल रोमांचक अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और विरासत स्थलों को निकट से जानने का अवसर भी मिला।

### हुनरमंद युवा, कल का भविष्य थीम पर सजा रोजगार और मार्गदर्शन का मंच

**टनकपुर :** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव–2026 का चौथा दिन पूरी तरह युवाओं को समर्पित रहा। "हुनरमंद युवा, कल का भविष्य" थीम के अंतर्गत टनकपुर में रोजगार, कौशल विकास, नेतृत्व क्षमता और सुरक्षा जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। युवाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया। दिनभर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। सैकड़ों युवाओं ने पंजीकरण कर साक्षात्कार में हिस्सा लिया और रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त की। तकनीकी शिक्षा विभाग के करियर काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया और छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। वहीं यूथ पार्लियामेंट के माध्यम से युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।

## रोजगार मेले का आयोजन, 55 युवाओं को मिली नियुक्ति

**टनकपुर :** चम्पावत सरस कॉर्बेट महोत्सव में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग, चम्पावत द्वारा टनकपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य जनपद के युवाओं को प्रतिष्ठित निजी क्षेत्र की कंपनियों से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा।

रोजगार मेले में 18 नियोजकों व कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें टाटा मोटर्स, क्वैस कॉर्प, टीमलीज़ सर्विस, पुखराज हेल्थकेयर, लाइम फ्लेक्सी, मेराक्वी वेंचर्स, जेपीवीएमकेटी, अशोका लेलैंड, हाईटेक ग्रुप ऑफ कंपनी, जेपीपीवाई मैनेजमेंट मार्केटिंग, सारथी एडटेक स्किल अकादमी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, सहयोग मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी आदि प्रमुख रहे। मेले में प्रतिभाग के लिए कुल 329 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन किया, जिनमें से 296 अभ्यर्थी साक्षात्कार प्रक्रिया में सम्मिलित हुए। विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन प्रक्रिया के बाद 55 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया, जबकि 124 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण के साक्षात्कार हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती तथा परियोजना निदेशक, डीआरडीए द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

## दहेज हत्या के प्रयास में दोषी को 4 साल की कैद

**बाजपुर :** कोतवाली बाजपुर में पंजीकृत एफआईआर संख्या 150/22, धारा 307 आईपीसी के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी तथा विवेचक विक्रम धामी द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन के चलते आरोपी को सजा सुनाई गई। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, काशीपुर की अदालत ने शनिवार को दानिश पुत्र अब्दुल वाहिद, निवासी ग्राम कनौरी, बाजपुर, जिला ऊधम सिंह नगर को धारा 307 आईपीसी के तहत दोषसिद्ध करते हुए चार वर्ष का कठोर कारावास और 5,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। मामले के अनुसार, पीड़िता नरगिस का विवाह 28 नवंबर 2021 को दानिश के साथ हुआ था। 18 अप्रैल 2022 को आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पत्नी के गले, गर्दन, पेट और हाथ पर चाकू से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीड़िता के भाई जमीर हुसैन ने कोतवाली बाजपुर में तहरीर दी।

## सीएम ने सतीश नैनवाल को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, रानीखेत


भतरौजखान में सतीश नैनवाल को श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को भतरोजखान पहुंचे। इसके बाद वे भिकियासैंण में विधायक प्रमोद नैनवाल के दिवंगत भाई एवं ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय सतीश नैनवाल के पीपलपानी संस्कार में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वर्गीय सतीश नैनवाल सामाजिक सरोकारों से जुड़े एक सक्रिय जनप्रतिनिधि थे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वस्त किया कि राज्य सरकार शोक की इस घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रामजीशरण शर्मा, अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र, उप जिलाधिकारी याक्षी अरोड़ा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हाइवे पर चलती कार में आग, जलकर हुई खाक

**किच्छा :** कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती एक कार में अचानक आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया। कार में मौजूद चालक और उसके भाई ने समय रहते कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही देर में कार से आग की तेज लपटें उठने लगी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, देर शाम नगर के रुद्रपुर मार्ग पर हाईवे स्थित प्रेमदीप मैरिज हॉल के निकट चलती जैन कार में अचानक आग लग गई। कार में करण कुमार अपने भाई आकाश कुमार के साथ मौजूद थे। आग लगने के बाद दोनों युवकों ने तुरंत कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। प्रारंभिक संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण कार में आग लगी, जिससे पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पर दमकल टीम प्रभारी मदन सिंह फायरमैन दीपक सिंह, भवान सिंह और प्रमोद सोन के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया।

## निर्माण कार्यों की जांच करने की मांग

- छात्रसंघ पदाधिकारियों ने एसएसजे परिसर में की तालाबंदी
- जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा


एसएसजे परिसर में निदेशक के दफ्तर में तालाबंदी करते छात्रसंघ पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना परिसर में विभिन्न समस्याओं को लेकर छात्रसंघ मुखर हो गया है। शनिवार को भी आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक कार्यालय में तालाबंदी कर जमकर प्रदर्शन किया। जल्द निर्माण कार्यों की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई।

परिसर परिसर में प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कहा कि परिसर में विभिन्न समस्याओं के कारण यहां अध्यननरत छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन के माध्यम से परिसर प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। वहीं, छात्रों ने परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में अनियमताओं का भी आरोप लगाया है। कहा कि निर्माण कार्यों की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। यहां प्रदर्शन करने वालों में छात्रसंघ महासचिव विशाल सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, रोहित कुमल्टा, लक्ष्मी रानी, कमल जोशी, आशु रौतेला, निशांत पांडे, भास्कर गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## शिविर में 120 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

- प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित हुआ शिविर

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा के खंजाची मोहल्ला में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोग।

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अल्मोड़ा की ओर से शनिवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 120 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया।

शनिवार को व्यापार मंडल की ओर से नगर के खंजाची मोहल्ला में शिविर लगाया गया। इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग, हृदय रोग, जनरल फिजिशियन चिकित्सको ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं, व्यापार मंडल ने शिविर के आयोजन को लेकर उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल का आभार जताया। यहां शिविर में व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष किशन गुरुरानी, संगठन मंत्री मनीष जोशी, जिलाध्यक्ष सुशील साह, दीप चंद्र डांगी, जया साह, मुमताज कश्मीरी, शहजाद कश्मीरी, ज्योति कपूर, सुनील कपूर, संजय अग्रवाल, दिनेश चंद्र मठपाल, पवन साह, विजय भट्ट, संजीव गुप्ता, हिमांशु पेटशाली, अतुल पांडे, ललित मिश्रा, अशोक गोस्वामी, नरेंद्र कुमार, आशीष वर्मा, वकुल साह, अश्विनी नेगी, आशीष भारती पूर्व, राजेन्द्र प्रसाद, प्रत्येश पांडे, कार्तिक साह, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शारीक, डॉ. अमित कुमार, पारस रौतेला, नितिन, राकेश वर्मा, विक्रम सिंह परिहार, तरन्नुम खान आदि रहे।

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**शांतिपुरी:** गोलगेट नगला निवासी रीता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति परमेश्वर सिडकुल की अनूप रेफ्रिजरेशन कंपनी में काम करते थे।

बीती 20 जनवरी को ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर के लिए चले थे। इसी दौरान लगभग 6.15 से 6.30 बजे के बीच नगला बाईपास के करीब रुद्रपुर की ओर से आ रही सफेद रंग की कार के चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसके पति को गंभीर चोटें आईं। जिला अस्पताल रुद्रपुर में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पंतनगर कोतवाल नंदन सिंह रावत ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## औषधीय पौधों की खेती व विपणन की जानकारी दी

संवाददाता, रानीखेत


रानीखेत में आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते अतिथि।

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, रानीखेत में प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. ओम प्रकाश के मार्गदर्शन में "औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से सतत आजीविका विकास" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक सचिव अनुसंधान अधिकारी डॉ. दीपशिखा आर्या रहीं।

कार्यशाला का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं धन्वंतरी वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात डॉ. ओम प्रकाश ने स्वागत भाषण देते हुए सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया और कार्यशाला की सफलता की कामना की। अनुसंधान अधिकारी डॉ. गजेन्द्र राव ने विषय का परिचय प्रस्तुत किया। केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक प्रो. वैद्य रबीनारायण आचार्य ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती एवं विपणन की आवश्यकता पर बल दिया तथा उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता मदन सिंह बिष्ट, सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी, हल्द्वानी ने औषधीय पौधों की खेती, संरक्षण एवं विपणन पर जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. गजेन्द्र राव ने की। द्वितीय सत्र में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक इन्द्र लाल आर्या, उत्तराखंड शासन ने जैविक खेती तथा किसानों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

इस सत्र की अध्यक्षता डॉ. वीबी कुमावत ने की। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. तरुण कुमार तथा तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. हरित कुमारी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गजेन्द्र राव ने किया। कार्यशाला में 70 से अधिक महिला किसान एवं कृषकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। समापन सत्र में डॉ. ओम प्रकाश ने कहा कि औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसर सृजित किए जा सकते हैं।

**सख्ती** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए

## बाल विवाह के मामलों में माता–पिता के खिलाफ हो कार्रवाई

संवाददाता, बागेश्वर


बागेश्वर में बैठक की अध्यक्षता करती जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे ही बाल विवाह का कोई मामला सामने आए, संबंधित माता-पिता एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज की जाए।

जिलाधिकारी ने किशोरों में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग को हॉट स्पॉट स्थलों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए, ताकि वहां नियमित निगरानी रखी जा सके। जिलाधिकारी जनपद के बाल संरक्षण से जुड़े विभागों की अंब्रेला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में बच्चों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी ने बताया कि वर्तमान में 166 बच्चों को प्रवर्तक योजना का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, पोक्सो से पीड़ित छह किशोरियों को नियमानुसार सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। बैठक में प्रोबेशन विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य एवं प्रवर्तक योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी के समक्ष 17 नए आवेदनों का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों का नियमित फॉलोअप करने के निर्देश दिए। विद्यालयों में बच्चों के साथ रैगिंग एवं मारपीट की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने नीलेश्वर स्थित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय एवं वहां संचालित वृद्धाश्रम के बीच आपसी समन्वय के लिए सायंकालीन कार्यक्रम शुरू कराने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चों और वृद्धजनों को पारिवारिक वातावरण मिल सके। साथ ही सप्ताह में एक दिन सामाजिक गतिविधियां कराने को कहा।

पौसारी आपदा प्रभावित बालक एवं उसके परिजनों से निरंतर संपर्क बनाए रखने तथा मिली आर्थिक सहायता के समुचित उपयोग और पढ़ाई की निरंतरता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्ती करने और स्कूल बसों की नियमित जांच के निर्देश दिए। बैठक में जिला सहायक परिवेक्षा अधिकारी एड. संतोष जोशी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कैलाश बोरा, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शंकर नाथ, एआरटीओ विनय कुमार, चाइल्डलाइन समन्वयक संतोष टम्टा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि रहे।

## आपसी तबादला व्यवस्था लागू हो

- अल्मोड़ा में लोनिवि कर्मचारियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन
- दो सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में शनिवार को लोनिवि के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।

**अमृत विचार:** पारस्परिक स्थानांतरण समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर लोनिवि कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। शनिवार को भी कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर के बाहर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर कार्यबहिष्कार पर रहे। चेतावनी दी कि जल्द मांग पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

उत्तरांचल लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीय एसोसिएशन के बैनर तले निर्माण खंड के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। कहा कि कर्मचारी लंबे समय से पारस्परिक स्थानांतरण की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है। जिससे कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष व्याप्त है। कहा कि पूर्व में भी कई बार समस्याओं के निराकरण को लेकर शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। लेकिन समस्या अब भी तस की तस बनी हुई है। कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि जल्द मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो समस्त कर्मचारी उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में सुनील फर्त्याल, पान सिंह, अंकित तिवारी, गिरीश आर्या, अमित समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



प्रेम अगम अनुपम अमित
सागर सरिस बखान
जो आबत यहि ढिग बहुरि
जात नहीं रसखान।

रसखान कहते हैं, प्रेम का ज्ञान नहीं होता। वह अनुभव आधारित होता है। वह अथाह और अनुपम होता है। उसकी उपमा नहीं दी जा सकती। वह रस से सराबोर किए रहता है। जो इस प्रेम रूपी समुद्र के किनारे आ जाता है, वह फिर लौटकर वापस नहीं जा पाता।

# मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति

> वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है।

प्रकृति में जैव विविधता है। पशुओं के प्रति लगाव का इतिहास पुराना है। मनुष्य और पशुओं के मध्य आत्मीयता का भाव वैदिक साहित्य से लेकर आज तक प्रत्यक्ष दिखाई पड़ता है। कुत्ते हमारे स्वाभाविक परिजन हैं। उनकी सूंघने व सुनने की क्षमता विलक्षण है। संप्रति आधुनिक सभ्यों का एक वर्ग कुत्तों से चिढ़ा हुआ है। कोर्ट-कचहरी तक कुत्तों पर बहस है। कुत्तों को संसार से शून्य करना चाहता है। यह बात सही है कि जब-तब कुत्ते आक्रामक भी हो जाते हैं, लेकिन वे स्वयं अपनी ओर से कभी आक्रामक नहीं होते। उनकी आंखों में स्वाभाविक आत्मीय लगाव देखा जा सकता है। वे अपने लिए कोई संपदा नहीं चाहते। वे इस विराट संसार में अपने लिए छोटी सी जगह चाहते हैं। दौड़ाने पर वे वह जगह छोड़कर दूसरी जगह बैठ जाते हैं। पालतू कुत्तों की बात अलग है। बाकी सब भूखे-प्यासे मरते हैं।

वैदिक साहित्य में कहा गया है, 'मनुष्य और पशु दोनों में एक प्राण शक्ति है।' उनमें आत्मीयता है। बाघ आदि जानवर कभी पालतू नहीं रहे। ऋग्वेद के शिव और रुद्र पशुपति भी हैं। वैदिक इंडेक्स में लिखा है, 'ऋग्वेद में प्राणियों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी वायव्य है। इस श्रेणी में पक्षी आते हैं। दूसरी श्रेणी अरण्य है। अरण्य का अर्थ है वन। इस श्रेणी में जंगल में रहने वाले पशु आते हैं और ग्राम्य-गांव में रहने वाले पालतू पशु हैं। वैदिक काल में पशुओं के प्रति प्रेम बहुत सघन रूप में व्यक्त हुआ है। अग्नि ऋग्वेद में बड़े देवता हैं। ऋग्वेद के ऋषि के ध्यान में अग्नि की पशु जैसी चंचलता की ओर गया है। ऋग्वेद (1.65.5) में कहते हैं, 'अग्नि पशु जैसे चंचल हैं।' कभी-कभी घरेलू पशु खो जाते हैं। खोजने पर मिल जाते हैं। पशु के खो जाने और बाद में उसके मिल जाने पर प्रसन्नता होती है। ऋग्वेद में कहते हैं, 'पूषन देव हमें वैसे ही मिलते हैं, जैसे खोए हुए पशु खोजने पर मिल जाते हैं।' अनेक पशु इधर-उधर घूमा करते हैं। ऋषि ऐसे पशुओं की तुलना अग्नि देवता से करते हैं, 'अग्नि वैसे ही फैल जाता है, जैसे रक्षक के बिना पशु इधर-उधर भागता है।'

पशुओं से अपने कुल या वंश का संबंध जोड़ना सर्वविदित है। सभी पशु प्रिय हैं, लेकिन कुत्ते प्राचीन भारतीय इतिहास से लेकर आधुनिक काल तक अपनी विशेष पहचान बनाए हुए हैं। भारतीय अध्यात्म परंपरा में स्वर्ग प्राप्ति को महत्वपूर्ण बताया गया है। महाभारत के रचनाकाल में स्वर्ग अति प्रतिष्ठित धारणा थी। महाभारत की कथा के अनुसार युधिष्ठिर अपने भाई व द्रौपदी के साथ स्वर्ग की यात्रा पर निकले। कथा के अनुसार उनका कुत्ता भी साथ था। स्वर्ग की दुर्गम पहाड़ियों में एक-एक पांडव गिरते गए। मरते गए अंत में द्रौपदी के भी गिर जाने के बाद कुत्ता ही जीवित शेष रहा। महाभारत में सभी पांडवों के देहावसान के कारण बताए गए हैं। युधिष्ठिर के कुत्ते का बच जाना उसकी निष्ठा का पुरस्कार था। कुत्ते अपने पालक के प्रति निष्ठावान रहते हैं। निष्ठा भी साधारण नहीं। अपने पालक के साथ स्वर्ग तक जाने की पात्रता ध्यान देने योग्य है। स्वर्ग प्राप्ति की पात्रता आश्चर्यजनक है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

कुत्तों को मारने का फतवा ठीक नहीं। कुत्तों की आंखों में आंख डालकर झांकना चाहिए। यहां आत्मीयता है। वे निर्दोष हैं। आंखें आत्मरस से लबालब हैं। वे किसी को भी चोट नहीं पहुंचाना चाहते। अपने पालक के प्रति निष्ठा दुर्लभ है, उनमें। संसार में बड़े अनूठे जीव हैं। संसार जैव विविधता से भरा पूरा है। ऋग्वेद के एक प्रसंग में कुत्ते देवताओं की गाय चुरा लेते हैं। गायों की चोरी की घटना से देव व्यथित थे। ऋग्वेद की कथा के अनुसार देवों की कुतिया शर्मा ने चोरी गई गाय खोज निकालीं। गाय चोरी करने वालों ने शर्मा से कहा कि हम-तुम यह गोधन परस्पर बांट लें। शर्मा ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। उसकी अपनी वंश परंपरा में निष्ठा बहुत महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि इंद्र आ रहे हैं और अपनी गाय वापस ले जाएंगे। आचार्य सायण ने इस मंत्र सूक्त के आधार पर शर्मा को कुतिया होने के बावजूद देवता का सम्मान दिया है। शर्मा वैदिक देवता है।

गाय और घोड़े भी प्राचीन समाज में प्रतिष्ठित पशु रहे हैं, लेकिन तीनों की अलग-अलग प्रतिष्ठा है। गाय वैदिक समाज में माता है। घोड़ा उपयोगी है, लेकिन कुत्ते की बात ही अलग है। कुछ विद्वान बंदर को पूर्वज बताते हैं। बंदर में पूछ होती है। बाकी सब मनुष्य जैसा है। पूरी बात गले नहीं उतरती। मनुष्य में ईर्ष्या होती है। हिंसा होती है। बेईमानी होती है। पशु बेईमान नहीं होते। भारतीय समाज में जीवों को अतिरिक्त आदर दिया गया है।

गणेश गण देवता हैं। उनका वाहन एक छोटा सा पशु चूहा है। एक देवता कार्तिकेय हैं, उनका वाहन मोर है। रूद्र शिव का वाहन वृषभ है। नंदी प्रतीक की चर्चा पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया के बड़े भूभाग में प्रचलित है। वैसे भी शंकर पशुपति हैं। बिल्ली भी अपनी ओर से काटने नहीं दौड़ती। गिर जाने पर हाथ-पैर चलाती है। समूचे पशु संसार को आदर के साथ मानना भारत में ही संभव है। ऐसे प्रतीक दुनिया की किसी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। सभी जीवों के प्रति आत्मीयता के सिद्धांत में सभी मनुष्यों के प्रति आत्मीयता का भाव अंतर्निहित है। प्रायः सभी जीव अपने आचरण से हिंसक नहीं होते। वे आत्मरक्षा में गलती कर सकते हैं।

पशु भारत की सम्मानित संपदा रहे हैं। इसके विपरीत पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति प्रेम भाव नहीं रहा है। संभवतः यूरोपीय देशों में मनुष्य और पशुओं के भीतर प्रवाहमान एक ही प्राण शक्ति का दार्शनिक भावबोध नहीं था। भारतीय दर्शन में मनुष्यों और पशुओं में तथा सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति का दर्शन हुआ है। भारत के आम जनों में सभी जीवों में एक ही प्राण शक्ति के दर्शन हुए हैं। हमारे परिचित देवाजी जायसवाल व अजय प्रताप सिंह कुत्तों, बंदरों व पक्षियों के प्रति संवेदनशील हैं। यह संवेदनशीलता प्रशंसनीय है।

गीता प्रबोधन में श्रीकृष्ण ने अर्जुन से समूचे ब्रह्मांड में भिन्न-भिन्न प्रतिष्ठित प्रतीकों के उल्लेख किए हैं। कृष्ण ने अर्जुन को बताया है, 'शस्त्रधारियों में राम मैं हूं।' राम यहां भगवत्ता के प्रतीक हैं। ऐसे ही उन्होंने गाय के बारे में कहा है,' कामधेनु गाय मैं हूं। हाथियों में ऐरावत मैं हूं।' गाय सम्माननीय प्रतीक है। हाथी व सांप से लेकर सभी दिव्य प्रतीकों का उल्लेख गीता में हुआ है।

बंदर को मनुष्य का पूर्वज कहा जाता है। यह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन के विचार से लिया गया है। जहां डार्विन बंदर को पूर्वज बताते हुए प्रकृति के विकास का संकेत देते हैं। भारतीय परंपरा में हनुमान ज्ञान और बुद्धि के देवता हैं। हनुमान बुद्धि, बल और ज्ञान के देवता हैं। वे भक्ति और समर्पण का शिखर हैं। पशु ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही सम्माननीय हैं। ऋग्वेद के एक मंत्र (9.72.9) में ऋषि स्तुति करता है कि हमारा धन पशुओं से भरा पूरा हो और स्वर्ण से युक्त हो। यहां सोने की तरह पशुओं को भी धन के रूप में देखा गया है।

यूरोप के लोग मनुष्य को सोशल एनिमल मानते थे। मनुष्य उनकी दृष्टि में सामाजिक प्राणी हैं। भारत का मनुष्य अनेक संभावनाओं से भरा-पूरा है। यहां वनस्पतियां आराध्य हैं। पृथ्वी आराध्य हैं। अंतरिक्ष आराध्य हैं। शक्ति का कण-कण उपास्य है। पश्चिम एशिया और यूरोप के देशों में पशुओं के प्रति आदर भाव नहीं रहा। ऋग्वेद में पशु सहित सभी प्राणी सम्माननीय हैं। यूरोप पर भारत के दृष्टिकोण में यह आधारभूत अंतर है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# एआई इंपैक्ट समिट: वैश्विक सराहना और संभावनाएं

भारत में आयोजित हालिया एआई समिट केवल एक तकनीकी सम्मेलन नहीं था; यह 21वीं सदी के भारत की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और वैश्विक नेतृत्व की घोषणा जैसा अवसर था। नई दिल्ली के मंच पर जब दुनिया के प्रमुख नेता, उद्योगपति और तकनीकी विशेषज्ञ एक साथ बैठे, तो संदेश साफ था- भारत अब तकनीक का उपभोक्ता भर नहीं, बल्कि नीति और नवाचार का निर्माता बनना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कहा कि भारत की एआई दृष्टि 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका जोर इस बात पर था कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता कुछ देशों या कंपनियों तक सीमित शक्ति न बने, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा और शासन में आम नागरिक के जीवन को बेहतर बनाए। उन्होंने यह भी जिक्र किया कि भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आधार, यूपीआई और ओपन नेटवर्क दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है और एआई इसी आधार पर आगे बढ़ेगा।



शिवेंद्र सिंह बघेल
लेखक

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने मंच से भारत की डिजिटल क्रांति की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि एक दशक में भारत ने करोड़ों लोगों को डिजिटल पहचान और बैंकिंग से जोड़ा है और अब वही ढांचा एआई के लिए मजबूत आधार तैयार कर रहा है। मैक्रोन का यह कथन कि 'भारत ने पैमाने पर तकनीक को लोकतांत्रिक बनाया है', सिर्फ प्रशंसा नहीं, बल्कि वैश्विक मान्यता का संकेत था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी कहा कि भारत एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। उनके शब्दों में, 'अगर नवाचार और सुरक्षा साथ चलें, तो भारत वैश्विक समाधान प्रस्तुत करने की क्षमता रखता है।' तकनीकी जगत के नेताओं ने भी भारत की भूमिका को रेखांकित किया। ओपनएआई के प्रमुख सैम आल्टमैन ने भारत की प्रतिभा और डेवलपर इकोसिस्टम की सराहना करते हुए कहा कि आने वाला दशक एआई नवाचार में भारत का दशक हो सकता है, बशर्ते नीति और नैतिकता पर संतुलित दृष्टि बनी रहे।

> भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इन तमाम बयानों में एक साझा भाव था, भारत एआई के भविष्य का एक केंद्रीय स्तंभ बन रहा है। वैश्विक समुदाय भारत को संभावनाओं, प्रतिभा और नीति-निर्माण की प्रयोगशाला के रूप में देख रहा है। यह वह क्षण था, जब राष्ट्रीय आत्मविश्वास को अंतर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिल रही थी।

इसी मंच पर एक ऐसी घटना भी घटी, जिसने इस सकारात्मक विमर्श पर छाया डालने का काम किया। यूथ कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा मंच पर चढ़कर टी-शर्ट उतारकर विरोध दर्ज कराना निस्संदेह लोकतांत्रिक असहमति का एक रूप हो सकता है, परंतु उसके समय और स्थान पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। जब देश-विदेश के नेता और विशेषज्ञ भारत की तकनीकी क्षमता पर चर्चा कर रहे हों, तब इस प्रकार का प्रदर्शन मुख्य मुद्दे से ध्यान हटाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# लड़कियों की शिक्षा में बाधा बनते रास्ते

यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में माध्यमिक स्तर पर पहुंचते-पहुंचते बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं, खासकर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में। शिक्षा मंत्रालय के 2021-22 के आंकड़े बताते हैं कि दुर्गम क्षेत्रों में स्कूल छोड़ने की दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है। वहीं, नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार, किशोरियों के लिए स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित परिवहन की कमी शिक्षा में निरंतरता की एक बड़ी बाधा है।

स्कूल प्रशासन भी इन समस्याओं से अनजान नहीं है। वह जानते हैं कि किस प्रकार लड़कियां रोजाना दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होकर हर खतरों से गुजरते हुए स्कूल आती हैं। बारिश के दिनों में तो अक्सर कई दिनों तक वह अनुपस्थित रहती हैं। इसके पीछे मुख्य कारण पहाड़ के फिसलन भरे रास्तों का डर। कुछ किशोरियां तकनीकी या शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित रह जाती हैं, क्योंकि नियमित उपस्थिति संभव नहीं हो पाती। जब पढ़ाई में निरंतरता टूटती है, तो उनका मन भी धीरे-धीरे स्कूल से हटने लगता है।



सरिता अरमोली
एक्टिविस्ट

ग्रामीण इलाकों में यह स्थिति केवल भौगोलिक कठिनाइयों तक सीमित नहीं है। सामाजिक और आर्थिक कारण भी उतने ही प्रभावी हैं। कई परिवारों के लिए लड़कियों की पढ़ाई आज भी प्राथमिकता नहीं बन पाई है। गांव की कुछ महिलाएं चाहती हैं कि उनके बच्चों विशेषकर उनकी लड़कियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिले। वे मानती हैं कि पढ़ाई ही भविष्य बदलने का रास्ता है, लेकिन संसाधनों की कमी और व्यवस्थागत बाधाएं उनके इरादों के सामने दीवार बनकर खड़ी हो जाती हैं। कई बार लड़कियों को घर के कामों में मदद के लिए स्कूल जाने से रोक लिया जाता है, क्योंकि परिवार की रोज़मर्रा की ज़रूरतें पहले आती हैं।

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जैसे समग्र शिक्षा अभियान, किशोरियों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, लेकिन इन योजनाओं का लाभ तब ही प्रभावी हो सकता है, जब लड़कियों के लिए स्कूल तक सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित की जाए। सड़क, परिवहन और आवासीय विद्यालय जैसी सुविधाएं पहाड़ी क्षेत्रों में शिक्षा को सुलभ बना सकती हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट भी इस बात पर ज़ोर देती है कि दुर्गम इलाकों में शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश सबसे आवश्यक है।

इस पूरे परिदृश्य में यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। यह सम्मान, सुरक्षा और अवसर से जुड़ा प्रश्न है। जब तक किशोरियों को सुरक्षित वातावरण, स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और सामाजिक समर्थन नहीं मिलेगा, तब तक स्कूल उनके लिए अधूरा सपना बना रहेगा। यह आवश्यक है कि नीतियां जमीनी सच्चाइयों को समझते हुए बनाई जाएं और स्थानीय समुदाय को भी समाधान का हिस्सा बनाया जाए, लेकिन सवाल उठता है कि क्या आने वाले समय में इन लड़कियों की राह आसान होगी?

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# दांव पर बचपन: निर्णायक कदम की जरूरत

> इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री से कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों को क्यों परोसी जा रही हैं?

दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इंपैक्ट समिट का वह क्षण ऐतिहासिक बन गया। इमैनुएल मैक्रों मंच पर खड़े थे; आँखों में गहरी चिंता और स्वर में पिता-सी व्याकुलता। उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर देखकर कहा, 'मिस्टर प्राइम मिनिस्टर, क्या आप इस क्लब में शामिल होंगे?' यह केवल कूटनीतिक प्रश्न नहीं, एक पिता की पुकार और सभ्यता की चेतावनी थी। उन्होंने पूछा, 'जो चीजें वास्तविक जीवन में अपराध हैं, वे हमारे बच्चों के सामने क्यों परोसी जा रही हैं? फ्रांस पंद्रह वर्ष से कम आयु के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध की दिशा में बढ़ रहा है। स्पेन और ग्रीस भी आगे हैं। अब भारत को 'कोलिशन ऑफ विलिंग' में शामिल होने का आमंत्रण है, क्योंकि यह नियमों से बढ़कर हमारी सभ्यता का प्रश्न है।' उनके शब्द सभागार में गूंजे और असंख्य माता-पिताओं के हृदय तक पहुंचे। क्या हम अब भी मौन रहेंगे?

यह विमर्श अब केवल तकनीक की प्रगति का नहीं, हमारे बच्चों के मन और मर्म की सुरक्षा का प्रश्न बन चुका है। वैज्ञानिक शोध निरंतर चेतावनी दे रहे हैं कि सामाजिक माध्यम किशोरों में अवसाद, चिंता और आत्महत्या जैसे विचारों की प्रवृत्ति को बढ़ा रहे हैं। अनवरत स्क्रीन पर उंगली चलाने की आदत ऐसी जकड़ बन चुकी है कि बच्चे नींद, अध्ययन और वास्तविक संबंधों से दूर होते जा रहे हैं। भारत में पचास करोड़ से अधिक युवा इंटरनेट से जुड़े हैं, जिनमें दस से चौदह वर्ष आयु के लाखों बच्चे इंस्टाग्राम, यूट्यूब और टिकटॉक जैसे मंचों पर घंटों डूबे रहते हैं। मैक्रों इसे स्पष्ट शब्दों में 'डिजिटल अब्यूज' कहते हैं। प्रश्न यह है- क्या हम इसे अब भी मात्र 'एक्सपोजर' का नाम देकर टालते रहेंगे, या फिर समय की पुकार सुनकर अपने बच्चों को इस विशैली स्क्रीन-जगत से बचाने का साहस करेंगे?



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

भारत में यह बहस पुरानी है, पर अब निर्णायक हो चली है। आर्थिक सर्वेक्षण ने सोशल मीडिया पर आयु-आधारित सीमा की अनुशंसा की है। एआई इंपैक्ट समिट में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार मंचों से डीपफेक और आयु-नियंत्रण पर चर्चा कर रही है। आंध्र प्रदेश सोलह वर्ष से कम आयु के लिए प्रतिबंध का प्रस्ताव रख चुका है। पर प्रश्न है- क्या केवल कानून पर्याप्त होगा? फेक आईडी और वीपीएन को कैसे रोका जाएगा? ऑस्ट्रेलिया ने सोलह वर्ष से कम आयु पर प्रतिबंध लगाया, फिर भी चुनौतियां बनी रहीं। भारत जैसे विशाल देश में यह और कठिन होगा। फिर भी इमैनुएल मैक्रों का प्रश्न स्पष्ट है, क्या बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि होगी?

विरोधी पक्ष का कहना है कि पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक समाधान नहीं है। बच्चे शिक्षा, संवाद और सृजन के लिए इन मंचों का उपयोग करते हैं। कठोर प्रतिबंध उन्हें छिपे और अनियंत्रित उपयोग की ओर धकेल सकता है, इसलिए सख्त अभिभावकीय निगरानी, प्रभावी आयु-सत्यापन और सुदृढ़ सामग्री छनन को अधिक संतुलित विकल्प माना जा रहा है। डिजिटल व्यक्तिगत आंकड़ा संरक्षण अधिनियम अठारह वर्ष से कम आयु के लिए अभिभावकीय सहमति अनिवार्य करता है, किंतु प्रश्न शेष है, क्या यह पर्याप्त है? मैक्रों का स्पष्ट मत है, जब तक मंच स्वयं जवाबदेही नहीं स्वीकारेंगे, तब तक बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी। फ्रांस में विधेयक आगे बढ़ चुका है। अब प्रश्न भारत के सामने है, क्या वह प्रतीक्षा करेगा?

यह प्रश्न केवल बच्चों तक सीमित नहीं, पूरे समाज का है। सोशल मीडिया ने सूचना को जनसुलभ बनाया, पर साथ ही घृणा, उत्पीड़न और मिथ्या समाचार का खुला बाजार भी खड़ा कर दिया। सबसे आसान लक्ष्य हमारे बच्चे बनते हैं। एआई के दौर में डीपफेक और एआई जेनरेटेड कंटेंट ने खतरा दोगुना कर दिया है। ग्रोक चैटबॉट से हजारों बच्चों की सेक्शुअलाइज्ड इमेज बनने की घटना ने दुनिया को झकझोर दिया। इमैनुएल मैक्रों ने स्पष्ट कहा, 'एआई सबके लिए होनी चाहिए, पर बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है।' प्रधानमंत्री मोदी ने भी उत्तर दिया कि एआई को 'फैमिली-गाइडेड' और 'चाइल्ड-सेफ' बनाना अनिवार्य है। अब निर्णय की घड़ी आ पहुंची है। भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है; हमारी डेमोग्राफी हमारी ताकत है, लेकिन अगर हम बच्चों को डिजिटल जहर से नहीं बचाएंगे, तो यह ताकत कमजोर पड़ सकती है। मैक्रों का प्रस्ताव एक सीधी चुनौती है। क्या हम यूरोप के साथ संतुलित और नियंत्रित मार्ग चुनेंगे, या अमेरिकी मॉडल (फ्रीडम फर्स्ट) को अपनाएंगे?

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# 'हानि-लाभ जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ'

जीवन में अच्छे-बुरे दोनों अवसर आते हैं। कोई सोचे कि केवल अनुकूल और सकारात्मक ही अवसर आएंगे, तो यह एक तरह से गलत विचार ही माना जाएगा। वैसे भी गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस में 'हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश-अपयश विधि हाथ' चौपाई के जरिए अवगत कराया है कि कभी भी एक जैसा समय नहीं रहेगा। अतः व्यक्ति को दोनों परिस्थितियों को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। लाभ हो गया तो उसे प्रभु की कृपा माननी चाहिए तथा हानि हो गई तब भी भगवान की ही कृपा माननी चाहिए। इसी प्रकार अच्छा खासा जीवन जीने वाले की असमय में मृत्यु हो जाती है। किसी का वश नहीं चलता कि मृत व्यक्ति को जीवित कर दे। यश-अपयश भी ईश्वरीय देने है। जीवन में यश मिलता है तो अपयश भी मिलता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्म ग्रंथों में विसंगतियों को भगवान तक झेलने के लिए विवश हुए हैं। शिव जी के विवाह के समय उनकी अर्धांगिनी पार्वती जी की मां मैना ने विसंगतियां खड़ी कर दीं। शिव का स्वरूप देखकर वे विवाह का विरोध करने लगीं, लेकिन जब उन्हें समझाया गया कि शिव जी देवों के देव हैं तथा ईश्वर हैं, तब कहीं जाकर मैना विवाह के लिए तैयार हुईं। इसी तरह की विसंगति त्रेतायुग में भगवान श्रीराम के साथ हुई।

एक ओर उनके राज्यारोहण की तैयारी हो रही थी कि उसी समय विसंगतियां आ खड़ी हुईं। राजा दशरथ की दूसरी पत्नी कैकेई ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर रंग में भंग डाल दिया और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की जगह उन्हें 14 वर्षों का वनवास दे दिया गया। भगवान श्रीराम वनवास से जरा भी विचलित नहीं हुए और बड़ी प्रसन्नता से वनवास स्वीकार किया और यहां तक कहा, 'पिता दीन्ह मोहिं कानन राजू, जहं अब होहिं मोर बड़ काजू।' ऐसा हुआ भी।

वनवास के दौरान उन्होंने ऋषियों-संतों की रक्षा की, जबकि राक्षसों का वध किया। 14 वर्षों के इन कार्यों की वजह से वे पूज्य हो गए। उनके शासन को कोई नहीं जानता, जबकि 14 वर्षों के वनवास को सभी जानते हैं। अतः मनुष्य को विसंगतियों से नहीं घबराना चाहिए। हो सकता है कि विसंगतियां जीवन को और निखार दें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# दिल ढूंढता है फिर वही संयुक्त परिवार के सुकून भरे दिन



आधुनिक जीवन शैली ने पारिवारिक ढांचे को गहराई से प्रभावित किया है। संयुक्त परिवारों का टूटना, एकल परिवारों का बढ़ना और आपसी संवाद में कमी मानसिक तनाव को और गहरा कर रही है। रोजगार और बेहतर अवसरों की तलाश में लोग अपने घरों से दूर हो रहे हैं, जिससे पारंपरिक भावनात्मक सहारा कमजोर पड़ रहा है। आर्थिक असुरक्षा, सीमित आय, परिवार की जिम्मेदारियों का दबाव और रिश्तों में बढ़ती दूरी मन को अस्थिर कर देती है। पति-पत्नी के बीच मतभेद, पारंपरिक और आधुनिक सोच का टकराव तथा रिश्तों में अनावश्यक हस्तक्षेप पारिवारिक तनाव को जन्म देते हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौती काम नहीं, बल्कि काम से जुड़ा दबाव और समाज में बनी इमेज है। परिवार की उम्मीदें, रिश्तेदारों की तुलना और लोग क्या कहेंगे का डर इंसान को भीतर से तोड़ देता है। हम मुस्कुराते हुए भी भीतर से टूटते रहते हैं। यही मानसिक दबाव धीरे-धीरे शरीर और व्यवहार दोनों को प्रभावित करता है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

इसके लक्षण समय रहते पहचानना बेहद जरूरी है। लगातार चिंता, चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या, शारीरिक थकान, सामाजिक अलगाव और भावनात्मक असंतुलन। ऐसे संकेत लंबे समय तक बने रहें, तो उन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर परामर्श और उचित उपचार मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं। इसका सबसे गहरा असर बच्चों और युवाओं पर पड़ रहा है। पारिवारिक कलह, संवाद की कमी और माता-पिता की बढ़ती महत्वाकांक्षा उनके मन पर गहरा प्रभाव डालती है। बेहतर अंक और ऊंचे करियर की उम्मीदें कई बार बच्चों को अपनी भावनाएं दबाने पर मजबूर कर देती हैं।

समाधान की शुरुआत परिवार से ही होती है। खुला संवाद, एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और अपनापन ही मानसिक सुकून की पहली सीढ़ी है। बच्चों को तुलना नहीं, सहयोग की जरूरत होती है। युवाओं को आलोचना नहीं, विश्वास चाहिए और बुजुर्गों को उपेक्षा नहीं, सम्मान और साथ चाहिए। यदि तनाव अधिक बढ़ जाए तो विशेषज्ञों से सलाह लेने में झिझक नहीं होनी चाहिए। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए। प्रत्येक जिले में मेंटल हेल्थ क्लिनिक की स्थापना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण और उच्च तनाव वाले पेशों के लिए नियमित काउंसलिंग आज समय की मांग है।

परिवार का टूटना केवल सामाजिक ढांचे का बदलाव नहीं, बल्कि एक गहरी मानसिक पीड़ा है। संवेदनशीलता, समझ और आपसी सहयोग से ही इस पीड़ा को कम किया जा सकता है। जब समाज सफलता से पहले इंसानियत को महत्व देना शुरू करेगा, जब उपलब्धियों से पहले खुशहाली को प्राथमिकता दी जाएगी और जब संवाद को चुप्पी पर तरजीह मिलेगी, तभी मानसिक स्वास्थ्य का वास्तविक संरक्षण संभव होगा। मानसिक सुकून कोई विलासिता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है। जब तक इंसान अपने मन को समझना नहीं सीखेगा, तब तक बाहरी सफलताएं भी उसे सच्ची शांति नहीं दे पाएंगी।

मानसिक तनाव आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी परेशानी नहीं रहा, बल्कि यह एक गंभीर और तेजी से बढ़ती वैश्विक चुनौती बन चुका है। बदलती जीवन शैली, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, डिजिटल निर्भरता और सामाजिक अपेक्षाओं ने इंसान के भीतर ऐसा दबाव पैदा कर दिया है, जिसे वह रोजमर्रा की मुस्कान के पीछे छिपाकर जी रहा है। बाहर से सब कुछ सामान्य दिखाई देता है, लेकिन भीतर ही भीतर मन थक चुका होता है। यही थकान धीरे-धीरे चिंता, बेचैनी और निराशा में बदल जाती है, जो जीवन की दिशा और आत्मविश्वास दोनों को प्रभावित करती है। डिजिटल युग ने जहां जीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं मानसिक शांति को चुनौती भी दी है। मोबाइल और स्क्रीन की लगातार उपस्थिति नींद को प्रभावित कर रही है, एकाग्रता कम कर रही है और मन में अस्थिरता पैदा कर रही है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# मुख्यमंत्री ने दी विकास योजनाओं के लिए 257 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

## कुमाऊं और गढ़वाल मंडल की विभिन्न विकास योजनाओं का किया अनुमोदन

मुख्य संवाददाता, देहरादून


कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम धामी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सड़क सुधारीकरण कार्यों के साथ ही स्थानीय निकायों के तहत किए जाने वाले विकास कार्यों, जल उपचार संयंत्रों की स्थापना, ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण आदि के लिए 257 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत भीमताल में एनएच-87 पर काठगोदाम बाइपास मोटर रोड (काठगोदाम से रानीबाग खंड) के निर्माण को 4.70 करोड़, पौड़ी के विकासखंड कोट में मार्ग के पुनः निर्माण एवं सुधारीकरण को 3.86 करोड़, मसूरी में देहरादून-किमाड़ी-लम्बीधार-कार्ट मेकेन्जी कम्पनी गार्डन मोटर मार्ग के सिंगल लेन से इंटरमीडिएट लेन में परिवर्तन को अतिरिक्त पहाड़ कटान क्रॉस ड्रेन एवं दीवारों का निर्माण को 14.55 करोड़ की धनराशि और अल्मोड़ा के जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत मोरनौला जैसी मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं सुधारीकरण कार्य हेतु 4.26 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने 15वें वित आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त शहरी स्थानीय निकायों को आबद्ध अनुदान/निर्दिष्ट अनुदान के अन्तर्गत शहरी स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय किश्त हेतु 58.37 करोड़, शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत 8 नगर निकायों, नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम, नगरपालिका परिषद गौचर, नगर पंचायत महुवाखेड़ागंज, नगर पंचायत चमियाला, नगरपालिका परिषद किच्छा, नगर पंचायत नन्दप्रयाग, नगरपालिका परिषद नरेन्द्रनगर एवं नगर पंचायत तपोवन में देवभूमि रजत जयंती पार्क के निर्माण को 5.65 करोड़ की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन दिया है। मुख्यमंत्री ने पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त जिला पंचायतों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ त्रैमासिक किश्त 79.09 करोड़ रुपये के साथ ही 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र हेतु 81.57 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है। इसके अलावा, पौड़ी गढ़वाल की पौड़ी शाखा के अन्तर्गत चिनवाड़ी डांडा में 1.53 एमएलडी जल उपचार संयंत्र के निर्माण को 3.72 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ने कोटद्वार में ऑटोमेटेड डाईविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण परियोजना हेतु संस्तुत धनराशि 246.60 लाख रुपये के सापेक्ष 79.68 लाख रुपये अवमुक्त करने के साथ ही लघु सिंचाई विभागान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नवीन एसएलएएस हेतु हेतु 39.04 लाख राज्य आकस्मिकता निधि से स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### लोकतंत्र सेनानी सम्मान पेंशन मंजूर

सीएम धामी ने लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि की आवेदिका प्रेमलता वर्मा पत्नी स्व. सुरेन्द्र मोहन वर्मा निवासी हीरानगर हल्द्वानी को दिनांक 18.08.2025 से 20,000 रु प्रतिमाह लोकतंत्र सेनानी सम्मान राशि अनुमन्य करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

### यहां इतनी धनराशि स्वीकृत की

मुख्यमंत्री ने आगामी कुम्भ मेले की अवस्थापना सुविधाओं हेतु 90.36 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। अल्मोड़ा में प्राकृतिक आपदा से पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त आवासीय भवन स्वामी को 3 लाख एवं प्राकृतिक आपदा से मृत 1 व्यक्ति के विधिक आश्रित को 1 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना हेतु 3.47 करोड़ की धनराशि, दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग हेतु 19.75 लाख रुपये और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून द्वारा दिव्यांग छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क ऑनलाईन कोचिंग हेतु 19.75 लाख की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# साइबर से जैविक खतरों तक बदल रहा सुरक्षा परिदृश्य

- **सीडीएस अनिल चौहान ने श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में छात्रों को दिया राष्ट्रीय सुरक्षा का संदेश**
- **बोले-ऑपरेशन सिंदूर नई सामान्य स्थिति स्थापित करने की दिशा में कदम**

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीडीएस अनिल चौहान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में शनिवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं होती, बल्कि जागरूक नागरिक भी राष्ट्र की पहली रक्षा पंक्ति होते हैं। नागरिक खतरों की पहचान कर उन्हें रिपोर्ट करते हैं, राष्ट्रीय चेतना को मजबूत बनाते हैं और सरकार को जवाबदेह बनाए रखते हैं।

सीडीएस ने मेडिकल छात्रों को समाज का स्वास्थ्य रक्षक बताते हुए कहा कि आपदा, महामारी और आपात परिस्थितियों में उनकी भूमिका सीधे राष्ट्रसेवा से जुड़ी होती है। इस तरह वे भी राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। कहा कि आज राष्ट्रीय सुरक्षा का स्वरूप अधिक जटिल हो गया है और खतरे पारंपरिक सैन्य क्षेत्रों से आगे बढ़कर साइबर, आर्थिक, तकनीकी और जैविक क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। तेज तकनीकी प्रगति ने चुनौतियों को बहुआयामी बनाया है, इसलिए संपूर्ण राष्ट्र दृष्टिकोण के तहत हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

जनरल चौहान ने राष्ट्र-राज्य की अवधारणा को भूमि, लोग और विचारधारा एवं संस्थाओं पर आधारित बताते हुए कहा कि वैश्वीकरण और तकनीकी परिवर्तन के कारण पारंपरिक सुरक्षा अवधारणाएं बदल रही हैं। उन्होंने वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के प्राकृतिक चयन सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि जो बदलाव के साथ अनुकूलित होता है वही आगे बढ़ता है।

सीडीएस ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कार्रवाई प्रतिशोध नहीं बल्कि आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर नई सामान्य स्थिति स्थापित करने की दिशा में उठाया गया कदम था। सीडीएस ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जागरूक नागरिक राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं और आप जैसे चिकित्सा छात्र राष्ट्र निर्माण और सुरक्षा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं।

कार्यक्रम में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि एमबीबीएस के छात्र भी सेना में जाने के इच्छुक होते हैं, तो उनके मार्गदर्शन से छात्रों को प्रेरणा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने छात्रों को ऑपरेशन सिंदूर की याद दिलाते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सबसे बड़ा काम सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने किया है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना और छात्रों ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान और उनकी धर्मपत्नी अनुपमा चौहान का स्वागत किया।

### सीडीएस का संबोधन रहा प्रेरणादायी

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के मेडिकल कॉलेज आगमन से छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। एमबीबीएस की छात्रा इशिता, शिखा और शीतल ने कहा कि सीडीएस का संबोधन हमारे लिए बेहद प्रेरणादायी रहा। उन्होंने जिस तरह मेडिकल छात्रों की भूमिका को राष्ट्रीय सुरक्षा और आपदा प्रबंधन से जोड़ा, उससे हमें अपने पेशे की जिम्मेदारी और महत्व का अहसास हुआ। उनके अनुभव और विचारों से हमें न केवल देश सेवा के लिए प्रेरणा मिली, बल्कि भविष्य में बेहतर डॉक्टर बनकर समाज और राष्ट्र के लिए योगदान देने का संकल्प भी मजबूत हुआ।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

संवाददाता, रुद्रपुर



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देते छात्र।

**अमृत विचार:** सरस आजीविका मेले के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के थीम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं और समाज में बालिकाओं और महिलाओं के प्रति कुरीतियों की दूर करना था। साथ ही उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करना था।

शनिवार को गांधी पार्क में द्रोण कॉलेज और यूनिटी लॉ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। डायटीशियन जिला चिकित्सालय रुद्रपुर डॉ. अंशुल टंडन ने महिलाओं को उचित पोषण और हाइजीन के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बताया कि आयरन की कमी को कैसे पौष्टिक आहार के माध्यम से पूर्ण किया जा सकता है। इस दौरान महिलाओं को कैल्शियम आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। पंतनगर विश्वविद्यालय की डॉ. अर्चना कुशवाहा और डॉ. नीतू ने मिलेट और ग्लूटेन फ्री खाने के फायदे के संबंध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त पॉटरी स्टूडियो हल्द्वानी की ओर से मिट्टी के बर्तन एवं कलाकृति बनाने के संबंध में लाइव कार्यशाला भी आयोजित की गई।, जिसके माध्यम से आम जन मानस को मिट्टी के बर्तन एवं कलाकृति बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी तोमर, बाल विकास परियोजना अधिकारी रुद्रपुर शहर आशा नेगी समेत सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां रहीं।

# नेता प्रतिपक्ष ने महेंद्र भट्ट के बयान पर किया पलटवार

संवाददाता, बाजपुर



**अमृत विचार:** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के उस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिसमें कांग्रेस पर विधानसभा सत्र के दौरान हंगामा करने का आरोप लगाया गया।

आर्य ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष पर आरोप लगाना सबसे आसान काम है, लेकिन जनता के सवालों का सामना करना सबसे कठिन। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर स्पष्ट जवाब देने से बचती है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से जुड़े लगभग 40 महत्वपूर्ण विभागों के प्रश्नों के जवाब नहीं दिए जाते, तो विपक्ष का आवाज उठाना स्वाभाविक है। इसे हंगामा कहना लोकतांत्रिक परंपराओंका अपमान है। सवाल उठाया कि क्या विधानसभा सत्र केवल सरकारी उपलब्धियों के बखान व पूर्व-लिखित भाषणों के पाठ के लिए बुलाया जाता है। क्या बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं, शिक्षा की चुनौतियां, बढ़ता भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दे सदन में नहीं उठाए जाएंगे। कहा कांग्रेस न तो डरने वाली है और न ही झुकने वाली। जनता के अधिकारों और जवाबदेही के लिए संघर्ष सदन के भीतर भी होगा और सड़क पर भी।

# खेल समारोह में बच्चों ने दिखाया दम

संवाददाता, रामनगर



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रूट्स ग्लोबल स्कूल तथा शैमरॉक अर्ली बर्डस का द्वि-दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह के दौरान विद्यालय के नन्हे बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए अभिभावकों का दिल जीता।

बच्चों ने 50 मीटर, 80 मी., 100 मी. व 200 दौड़ में प्रतिभाग करते मेडल झटके। रुट्स ग्लोबल स्कूल भवानीपुर खुल्वे में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी ने बच्चों को मैडल प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों का बचपन से ही खेलों के प्रति बच्चों को जा जागरूक करने की जिम्मेदारी शिक्षकों से ज्यादा अभिभावकों की है। ताकि मोबाइल की लत छोड़कर बच्चे खेलों में व्यस्त रह सकें। इससे पूर्व मुख्य अतिथि मनोज तिवारी, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह नेगी, राजेन्द्र सिंह गुसांई द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही मार्च पास्ट की सलामी भी ली। प्रतियोगिता में शामिल सभी सदनों के बाल खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रबंध निदेशक निधि लिंगवाल, मनीष लिंगवाल एवं प्रधानाचार्य रुचि मनराल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अभिभावकों को अवगत कराया कि शिक्षा के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों को खेलो के लिए प्रोत्साहित करना उनके विद्यालय की प्राथमिकी में शामिल है।


प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में जलाभिषेक करते मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व अन्य।

### रुद्राभिषेक कर की सुख-शांति और समृद्धि की कामना

**दिनेशपुर:** प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया एवं पुजारन मंटू देवी के सानिध्य में पुरोहित मोहन चंद्र ने रुद्राभिषेक पाठ संपन्न कराया। श्रद्धालुओं ने गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी से शिवलिंग का अभिषेक किया। मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया ने बताया कि मेले के शांतिपूर्ण समापन तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना से रुद्राभिषेक पाठ कराया गया। उन्होंने मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष रविंद्र बिष्ट, मेला प्रभारी एसआई प्रदीप शर्मा, मंदिर मेला कमेटी एवं जनता का आभार व्यक्त किया। रविवार को पूजा समिति के तत्वावधान में हवन-यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य बाबू सिंह, मेला कमेटी संरक्षक राकेश सिंह तोमर, व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल, सचिव किशोर मल्लिक, पुजारी किशोर सिंह, जसोदा देवी, लक्ष्मी देवी, गगन सिंह, अभि सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अरुण विश्वास, दीनबंधु विश्वास, विजय ढाली रहे।

# विधायक बेहड़ ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा



किच्छा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते विधायक तिलक राज बेहड़।

**अमृत विचार:** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 52 लाख रुपए की लागत से निर्मित विकास कार्यों का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विकास कार्य कराए जाने पर विधायक बेहड़ का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया।

विधायक बेहड़ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अपने विधायक निधि से ग्राम कुरैया में करीब 18.90 लाख रुपए की लागत से 6 सीसी सड़कों का लोकार्पण किया। इसके अलावा ग्राम सैंजना में 4.90 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण, लगभग 1.65 लाख रुपए की लागत से वाटर कूलर स्थापना, और ग्राम धाधा फॉर्म में चार लाख रुपए की लागत से मंदिर परिसर में टीन शेड एवं फर्श निर्माण का लोकार्पण किया। साथ ही, ग्राम बखपुर में करीब चार लाख रुपए की लागत से शमशान घाट में फर्श एवं टीन शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। इसके अतिरिक्त, विधायक बेहड़ ने जिला पंचायत के माध्यम से निर्मित 18.50 लाख रुपए लागत की दो सीसी सड़कों का लोकार्पण भी किया और जनता को समर्पित किया। विधायक ने कहा कि उनके 4 वर्षों के कार्यकाल में पिछले 10 वर्षों की तुलना में अधिक विकास कार्य कराए गए हैं और हर वर्ग को साथ लेकर क्षेत्र का संतुलित विकास प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य किसी जाति, वर्ग या धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान रूप से किए जाने चाहिए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। मौके पर राजेश प्रताप सिंह, दर्शन कोहली, सर्वेश सिंह, प्रेम आर्य, मेजर सिंह, राजेंद्र सिंह, तुलसी देवी, रोशनी देवी, मनवीर सिंह, शुभम सुखीजा, जाकिर अली, शाहनवाज खान, हरविंदर सिंह, सुंदर सिंह, फजरूद्दीन, मोहम्मद मियां, नूर अहमद, फरियाद हुसैन, रमेश लाल, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।


भोपाल के लिए रवाना होने के दौरान कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम। ● अमृत विचार

### कुविवि की पुरुष-महिला वुडबॉल टीम भोपाल रवाना

**रुद्रपुर:** कुमाऊं विवि नैनीताल की पुरुष और महिला वुडबॉल टीम मध्यांचल विवि भोपाल के लिए रवाना हो गयी है। टीम भोपाल में 22 से 28 फरवरी तक होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी। कुमाऊं विवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि टीम प्रशिक्षण शिविर के बाद मध्यांचल विश्वविद्यालय भोपाल के लिए रवाना हो हुई है। डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि टीम में महिला वर्ग में 8 और पुरुष वर्ग में 8 कुल 16 खिलाड़ी कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिला वर्ग टीम में गरिमा राणा, सुनैना, काशीष शर्मा, डोली, आस्था बोरे, कशिश, प्रिया पडियार और प्रिया गोस्वामी का चयन कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम में शामिल हैं। इसी तरह पुरुष वर्ग में दीपक अधिकारी, राजा सिंह राठौड़, तेजस्वी कुमार, ललित सिंह मेहरा, हेमराज विश्वकर्मा, संदीप, रौनक और निखिल जोशी का चयन कुमाऊं विश्वविद्यालय की टीम में हुआ है। टीम मैनेजर-कोच लोकेश पांडे, श्वेता भाकुनी, योगेश पांडे, एनपी शर्मा रहे।

**आक्रोश** | एआई इम्पैक्ट समिति में कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया शर्मनाक, कार्यकर्ताओं ने इसे देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य बताया

# अल्मोड़ा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस का पुतला

संवाददाता, अल्मोड़ा


अल्मोड़ा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर कांग्रेस का पुतला फूंका।

**अमृत विचार:** एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन को भाजयुमो ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। शनिवार को आक्रोशित भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदर्शन को देश की छवि को धूमिल करने वाला कृत्य बताया।

नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंका। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज भाकुनी ने कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए अर्धनग्न विरोध प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और देश की वैश्विक छवि को धूमिल करने वाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर राष्ट्र की गरिमा के खिलाफ एक सोची-समझी साजिश की गई है। कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। यहां पुतला फूंकने वालों में मेयर अजय वर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष नीरज सांगा, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री हरीश कनवाल, मंडल अध्यक्ष लमगड़ा गौरव बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, नवीन बिष्ट, शुभम रौतेला, त्रिलोक रौतेला, राजेंद्र भंडारी, अभिषेक तिवारी, खजान पांडे, चंद्रशेखर पालीवाल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपाइयों ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन, पुतला फूंका

**टनकपुर/ चम्पावत:** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई ग्लोबल सम्मेलन स्थल पर अर्धनग्न होकर किए गए प्रदर्शन से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न स्थानों पर कांग्रेस और राहुल गांधी के विरुद्ध प्रदर्शन किया और उन पर देशद्रोह का मामला पंजीकृत करने की मांग की। शनिवार को इस घटना के विरोध में चम्पावत मोटर स्टेशन में भाजयुमो ने कांग्रेस का पुतला दहन किया। इससे पूर्व उन्होंने बस स्टेंड से लेकर मुख्य बाजार तक जुलूस निकाला। वक्ताओं ने कहा कि ग्लोबल एआई सम्मेलन को लेकर भारत मंडपम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का घुसना और अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करना कांग्रेस पार्टी की घटिया हरकत को प्रदर्शित करता है। भाजपाईयों ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह घटिया हरकत की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, कैलाश अधिकारी, प्रकाश पांडेय, मुकेश महाराना, हिमेश कलखुड़िया, प्रकाश बिनवाल, नंदन तड़ागी, सूरज कुमार मौजूद थे। टनकपुर के चड्ढा चौराहे में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन करने से पूर्व जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष तुलसी कुंवर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश जोशी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनीष बिष्ट, वरिष्ठ नेता शिवराज सिंह कठायत, जिला महामंत्री पूरन सिंह मेहरा, मंडल महामंत्री हरीश कलौनी, कुमुद जोशी, रीता कलखुड़िया, विनोद गड़कोटी, सौरभ पांडेय, जतिन देउपा, अनीता यादव, रवि प्रजापति, बबीता गोस्वामी, अमजद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# कैबिनेट में बग्गा चौवन पर भी हो चर्चा

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में एसडीएम कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते बग्गा चौवन के लोग।

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत सरपुड़ा बग्गा चौवन के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर वन ग्रामों में रहने वाले परिवारों को मालिकाना अधिकार दिलाने की मांग की है। ज्ञापन में 2018 के विधायकी कार्यकाल के दौरान ग्राम बग्घा को राजस्व ग्राम बनाने के संबंध में भेजे गए प्रस्ताव का भी स्मरण कराया गया है। एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में बिन्दु खत्ता, बग्गा 54, सुन्दर खाल, पुनछड़ी, मानधन चौड़ आदि ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाए जाने की अपेक्षा जताई गई है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय से इस विषय पर मामला समाप्त होने की जानकारी मिली है और अब इसे सरकार की नीतियों के अनुसार हल किए जाने की आवश्यकता है। वर्ष 2007 में भूमि नोडल अधिकारी ने भी स्वीकार किया था कि ग्राम बिन्दु खत्ता, बग्गा, सुन्दर खाल, पनछड़ी, मानधन चौड़ को राजस्व ग्राम बनाए जाने की उम्मीद थी। लेकिन पूर्व की सरकारों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण यह विषय अब तक लंबित है।

ग्राम प्रधान सरपुड़ा चौवन सहित उत्तराखंड के वन ग्राम वासियों ने वनाधिकार अधिनियम या मलिन बस्ती अधिनियम 2016 के तहत 25 को होने वाली कैबिनेट बैठक में बिन्दु खत्ता के साथ बग्गा चौवन को भी सम्मिलित करने की मांग की है। बिन्दु खत्ता के साथ ही बग्गा चौवन के 1014 परिवारों को मालिकाना हक मिलने की संभावना है। प्रधान रमेश लाल, धर्म सिंह दसोनी, मोहन सिंह चुफाल, नंदन रिहार, प्रकाश कोहली, आलम रावत, वीरेन्द्र रहे।

## नवी मुंबई हवाई अड्डे ने डिजियात्रा सुविधा शुरू की

**मुंबई, एजेंसी :** नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) ने वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लगभग दो महीने बाद डिजियात्रा सेवा शुरू करने की घोषणा की है। निजी हवाईअड्डा संचालक ने एक बयान में शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा देश के पांच अन्य हवाईअड्डों के साथ नागर विमानन मंत्रालय के राष्ट्रव्यापी डिजी यात्रा कार्यक्रम में डिजिटल रूप से शामिल हो गया है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, रविवार, 22 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन** – तुलसी 2565, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2390, रविन्द्रा 2490, फॉर्चुन 13kg 2110, जय जवान 2080, सचिन 2090, सूरज 2080, अवसर 1940, उजाला 2060, गृहणी 13 kg 1945, क्लासिक (kg) 2280, मोर 2275, चक्र टिन 2330, ब्लू 2185, आशीर्वाद मस्टर्ड 2380, स्वास्तिक 2520

**किराना**– महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000–21000, धनिया 11000–12000, अजवायान 14000–20000, मेथी 7000–8000 सौंफ 10000–20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 800–1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350–400, मखाना 950–1100

**चावल**– (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन**– मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली, 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी**– पीलीभीत 4430, बहेड़ी 4270

**बरेली सर्राफा** – (प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 157500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 153500, सिल्वर (पक्की) 2560 (अनुमानित)

## इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारी 2 मार्च को करेंगे हड़ताल

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज बैंक अधिकारी संघ ने बैंक प्रबंधन के कथित तौर पर दमनकारी निगरानी उपायों और कार्यस्थल नियमों के विरोध में दो मार्च को एक-दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल की घोषणा की है। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) की कार्यसंस्कृति में गंभीर और चिंताजनक बदलाव आए हैं।

# आधुनिक उपकरणों को दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत की नींव आत्म-निर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित सेमीकंडक्टर चिप का होना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का ऑनलाइन माध्यम से शिलान्यास करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान छोटी चिप की कमजोर आपूर्ति श्रृंखला ने कई अर्थव्यवस्थाओं के विकास को रोक दिया था और विभिन्न कारखानों में काम ठप हो गया था।

प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर बनेगा। इसके लिए भारत में बनी चिप बहुत जरूरी हैं। इस दशक में भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जो भी कर रहा है, वह 21वीं सदी में हमारी क्षमता की नींव बनेगा।" उन्होंने कहा कि भारत में चिप का निर्माण होने से हमारे आधुनिक उपकरणों के उत्पादन के लिए देश को अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान चिप की आपूर्ति बाधित हुई, तो कारखाने ठप पड़ गए और वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। भारत ने उस संकट से सबक लिया और उसे एक अवसर में बदल दिया। हमने चिप विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया और इसके लिए हम देश में एक संपूर्ण सेमीकंडक्टर परिवेश तैयार कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रेटर नोएडा में शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर पार्क के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए। ● एजेंसी

एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उद्यम इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड' ग्रेटर नोएडा के जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अंतर्गत एक आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओसैट) संयंत्र स्थापित करेगा। एचसीएल और फॉक्सकॉन की यह संयंत्र प्रौद्यागिकी के लिए एक 'शक्ति के केंद्र' के रूप में उत्तर प्रदेश की पहचान को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश से सांसद के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का सांसद होने के नाते, यह मेरे लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। यह सेमीकंडक्टर संयंत्र उत्तर प्रदेश और पूरे भारत के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने इस बात को स्वीकार किया कि भले ही भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी यात्रा थोड़ी देरी से शुरू की है, लेकिन अब यह अत्यंत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने तेल और प्रौद्योगिकी के बीच के ऐतिहासिक बदलाव का जिक्र करते हुए कहा कि 20वीं सदी में जिन देशों के पास तेल था, उनके पास समृद्धि और शक्ति थी। लेकिन 21वीं सदी में यह शक्ति एक छोटी सी 'चिप' में समाहित है। अब शक्ति का केंद्र वे कौशल और सामग्रियां हैं, जो इस चिप से जुड़ी हुई हैं।

इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड 60:40 हिस्सेदारी वाला एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। इस उन्नत ओसैट संयंत्र का परिचालन वर्ष 2028 तक शुरू होने की उम्मीद है। कंपनी ने अगले कुछ वर्षों में इस परियोजना पर 3,700 करोड़ रुपये निवेश की योजना बनाई है। इस निवेश से 3,500 से अधिक प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला के विकास और सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में पारिस्थितिकी भागीदारों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। इस संयंत्र में प्रति माह 20,000 वेफर यानी सिलिकॉन प्लेट के प्रसंस्करण की क्षमता होगी।

इस इकाई का भारत की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और आत्मनिर्भर, सुदृढ़ सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने का इरादा है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, "पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के एक 'शक्ति-केंद्र' के रूप में स्थापित किया है। भारत अब इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात करने वाले दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो गया है। इस संयंत्र से हर महीने 3.6 करोड़ चिप का उत्पादन होगा।

## उद्योग जगत में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (आइमा) के अध्यक्ष टी. वी. नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में कृत्रिम मेधा (एआई) और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती अहमियत के बीच भारत की समृद्धि बनाए रखने के लिए उद्योग जगत की हस्तियों के पास प्रौद्योगिकी को समझने और उसे लागू करने की क्षमता होनी जरूरी है। नरेंद्रन ने आइमा के 70वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय व्यवसाय और उनके नेतृत्वकर्ता राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं।

टाटा स्टील के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नरेंद्रन ने कहा कि घरेलू कंपनियां आज दुनिया भर में व्यवसायों का अधिग्रहण कर रही हैं और भारतीय प्रबंधक विश्व के कुछ सबसे जटिल संगठनों का संचालन कर रहे हैं। उन्होंने एआई के संदर्भ में कहा कि कृत्रिम मेधा अब केवल चर्चा का एक छोटा हिस्सा नहीं रह गया है।

## अकाली दल वाघा, फाजिल्का बॉर्डर खोलने को वचनबद्ध

**अटारी, एजेंसी**

● **सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार प्रभावित: बादल**

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को घोषणा की कि 2027 में अकाली दल की सरकार बनने पर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मध्य एशियाई देशों के साथ व्यापार के लिए वाघा और फाजिल्का बॉर्डर खोले जायें और सीमावर्ती क्षेत्र में एक विशेष औद्योगिक ज़ोन बनाया जाये।

पंजाब बचाओ मुहिम के तहत वरिष्ठ नेता गुलजार सिंह रणीके की ओर से यहां आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए श्री बादल ने कहा कि सीमाएं बंद होने से सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक बार हम चुने गये तो हम वाघा और फाजिल्का बॉर्डर को फल, सब्जियों और अन्य वस्तुओं के मध्य एशियाई देशों को निर्यात को खोलेंगे। इस निर्यात से अमृतसर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का केंद्र बन जाएगा और पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। बादल ने जोर देकर कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र में उद्योग स्थापित करना भी बहुत जरूरी है, खासकर तब जब उद्योग पहाड़ी राज्यों में मिल रही रियायतों के कारण वहां चले गए हैं।

## क्लीनमैक्स ने एंकर निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुलने से पहले एंकर (प्रमुख) निवेशकों से 921 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एंकर निवेश दौर में टेमासेक होल्डिंग्स, नोमुरा एसेट मैनेजमेंट, एसबीआई लाइफ, टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्प, एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एडीआईए, एसबीआई जनरल, प्रेमजी इन्वेस्ट और फ्रैंकलिन टेम्पलटन सहित विदेशी और घरेलू संस्थान शामिल हुए।

## इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो में उमड़े उद्यमी

**संवाददाता, मेरठ**

● **व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया उद्घाटन**

**अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन मेरठ चैप्टर द्वारा आयोजित इंडिया सोलर एंड ई-व्हीकल एक्सपो 2026 का शनिवार को आईआईए भवन, मोहकमपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय (21 से 23 फरवरी) इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि आईबी सोलर कंपनी के फाउन्डर डायरेक्टर अभिनव महाजन ने आभार जताया।

एक्सपो में उद्यमियों, छात्र-छात्राओं और आमजन में भारी उत्साह देखा गया। युवाओं ने कैरियर की संभावनाएं तलाशीं। एक्सपो में सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल के 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। सोलर सेल, मॉड्यूल, हाइब्रिड वाहन, ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन और अत्याधुनिक बैटरी तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। आईआईए पदाधिकारियों ने बताया कि इस 10वें सोलर एक्सपो और 4 ई-व्हीकल एक्सपो का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई इकाइयों को हरित ऊर्जा और टिकाऊ परिवहन समाधानों से जोड़ना है। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल ने मेरठ को क्रांति की धरती बताते हुए पुनः हरित क्रान्ति के लिए संकल्पित बताया। विशेष आकर्षण वियतनाम की विनफास्ट ई-वी कार रही। सोलर कम्पनियों माइक्रोकटेक ल्यूमिनस के एवीपी, आईबी सोलर के तकनीकी हेड रिगनेन्ट के चेरयमैन के सेल्सनिड, लूनो के स्टेट हैड, वी एस सोलर के हैड, आईडीएफसी के सोलर लोन एक्सपर्ट ने सोलर बिजनेस अवसर पर गहन चर्चा की। संचालन सोलर कमेटी चेयरमैन तारिक हसन नकवी ने किया। अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता, अशोक अग्रवाल को सम्मानित किया गया। संजीव मित्तल और संजीव गुप्ता भी मौजूद रहे।



मेरठ में एक्सपो का उद्घाटन करते व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल।



# दिल्ली में लश्कर-ए-तैयबा के हमले की चेतावनी, चांदनी चौक में सुरक्षा सख्त

### एक मंदिर और लालकिले के आसपास सुरक्षा क्षेत्रों में हमले की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **प0000000000000**

दिल्ली में भीड़भाड़ वाले धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों को निशाना बनाने की पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की साजिश की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। खुफिया सूचनाओं के अनुसार, विशेष रूप से चांदनी चौक स्थित एक मंदिर और लाल किले के आसपास के उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों में आईईडी के माध्यम से हमले की आशंका जताई गई है।

ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आतंकी लाल किले के निकटवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य उच्च-सुरक्षा वाले इलाकों में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के इस्तेमाल की योजना बना रहे हैं। इस अलर्ट के मद्देनजर चांदनी चौक के मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत कड़ी कर दी गई है और निरंतर निगरानी व सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) की तैनाती की गई है। सुरक्षा के ये कड़े इंतजाम पिछले साल नवंबर में लाल किले के पास हुए भीषण कार बम धमाके के मद्देनजर किए गए हैं। उस समय लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास विस्फोटकों से भरी एक कार में हुए ब्लास्ट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गयी थी और 20 से अधिक लोग घायल हुए थे। जांच में सामने आया था कि उस धमाके में अमोनियम नाइट्रेट आधारित विस्फोटकों का प्रयोग किया गया था। अधिकारियों ने बाद में उस वाहन के चालक की पहचान उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के रूप में की थी।

नबी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा एक डॉक्टर था। जांच एजेंसियां इस पहलू पर भी गौर कर रही हैं कि क्या लश्कर-ए-तैयबा का यह संभावित कदम इस महीने की शुरुआत में इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर किए गए आतंकी हमले को दोहराने की मंशा से प्रेरित है। ज्ञात हो कि गत छह फरवरी को इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित इमाम बारगाह क़सर-ए-खदीजतुल कुबरा मस्जिद में हुए आत्मघाती विस्फोट में 32 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। इस हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने ली थी।

भारत के विदेश मंत्रालय ने उस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा था कि इस्लामाबाद की मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है और भारत इसमें हुई जनहानि पर संवेदना व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तान अपने सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाली आंतरिक समस्याओं के समाधान के बजाय अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों पर दोष मढ़कर स्वयं को भ्रम में रख रहा है। भारत ऐसे सभी आरोपों को खारिज करता है, जो पूरी तरह निराधार और अर्थहीन हैं।

## राहुल भिवंडी की अदालत में पेश हुए सपकाल को नया जमानतदार बनाया

**ठाणे/मुंबई, एजेंसी**

● **मानहानि मामले की अगली सुनवाई 4 अप्रैल को**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की ओर से उनके खिलाफ दायर मानहानि के मामले में नया जमानतदार पेश करने के लिए शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत में पेश हुए। उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को अपना नया जमानतदार नामित किया। राहुल के महाराष्ट्र के ठाणे जिले की ओर जाते समय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने मुलुंड टोल प्लाजा पर उन्हें काले झंडे दिखाए, नारे लगाए और कांग्रेस पर दिल्ली में एआई इंपैक्ट समिट में युवा कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के माध्यम से भारत की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

संयुक्त दीवानी न्यायाधीश और प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमएफसी) पीएम कोलसे की अदालत ने राहुल के नये जमानतदार से संबंधित प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मानहानि मामले की अगली सुनवाई चार अप्रैल के लिए तय की। आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंते की ओर से दायर मामले में कांग्रेस नेता को पहले ही व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी जा चुकी है। कुंते ने अदालत में शिकायत दायर कर आरोप लगाया है कि राहुल ने 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान सोनाले गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि महात्मा गांधी की हत्या के पीछे संघ का हाथ था। अदालत ने राहुल से इस मामले में एक नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा था, क्योंकि पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का 12 दिसंबर 2025 को निधन हो गया था, जो उनके जमानतदार थे।

जब राहुल 2016 में अदालत के समक्ष पेश हुए थे, तब पाटिल उनके जमानतदार बने थे, जिसके बाद अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। शनिवार को नया जमानतदार बनाने की कार्यवाही को त्वरित प्रक्रिया के तहत लगभग 15 मिनट में पूरा कर लिया गया। अदालत ने महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के जमानत पत्र औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिए हैं।

## भिंड में बस और वैन की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**भिंड।** मध्यप्रदेश के भिंड-ग्वालियर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 719 पर बस और वैन की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं 7 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें ग्वालियर रेफर किया गया है। शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात लगभग तीन बजे हुई ये टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन पूरी तरह पिचक गई। उसमें सवार लोग अंदर ही फंस गए। हादसा गोहद चौराहा थाना अंतर्गत छींमका गांव के पास हुआ।

गोहद चौराहा थाना प्रभारी मनीष धाकड़ के अनुसार, ईको वैन ग्वालियर से सवारियों को लेकर भिंड की ओर आ रहा था, जबकि बस ग्वालियर की ओर जा रही थी। अभी दो मृतकों की पहचान हुई है। दोनों भिंड जिले के है। इनके नाम अतुल शिवहरे निवासी फूप और जगदीश भदौरिया निवासी स्योढ़ा गांव अकोड़ा है। बाकी के शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## द्रमुक ने सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए टी आर बालू के नेतृत्व में समिति गठित की

**तमिलनाडु चुनाव**

**चेन्नई, एजेंसी**

● **चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट देने की संभावना**

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने आगामी विधानसभा चुनावों में सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता टी आर बालू की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की।

डीएमडीके को गठबंधन में शामिल करने के इस कदम ने उसकी प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक को झटका दिया है, जो आगामी विधानसभा चुनाव में द्रमुक का सामूहिक रूप से मुकाबला करने के लिए विजयकांत द्वारा स्थापित पार्टी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल करने का प्रयास कर रही थी।

द्रमुक के एक सूत्र ने बताया कि पार्टी 22 फरवरी से अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू कर सकती है। डीएमडीके को समायोजित करने के अलावा पार्टी के इस चुनाव के लिए कांग्रेस को अधिक सीट आवंटित करने की संभावना है। तमिलनाडु में गठबंधन सरकार की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए द्रमुक के सहयोगी एमडीएमके प्रमुख वाइको ने कहा कि द्रविड़ पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। वाइको ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि द्रमुक अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन 2026 के विधानसभा चुनाव जीतकर फिर से सरकार बनाएंगे।

वाइको ने शनिवार को दक्षिणी जिले तिरुनेलवेली में पत्रकारों से कहा कि आगामी चुनाव शक्ति प्रदर्शन की बड़ी परीक्षा नहीं होंगे। द्रमुक ज्यादातर सीट पर जीत हासिल करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमारे नेता (स्टालिन) ने सहयोगी दलों को चुनावी माहौल के लिए तैयार कर दिया है।

## अगरतला-कोलकाता बस सेवा बहाल करने के प्रयास

**अगरतला, एजेंसी**

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने की पहल का शनिवार को स्वागत किया। बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण रॉयल-मैत्री अंतर्राष्ट्रीय बस सेवा पिछले एक साल से निलंबित है, जिससे वीजा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। स्थिति में सुधार होने के साथ, बस संचालक अब सेवा को पुनः शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं और इसके लिये परीक्षण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि मैं कोलकाता को ढाका के रास्ते अगरतला से जोड़ने वाली भारत-बांग्लादेश बस सेवा को फिर से शुरू करने के कदम का स्वागत करता हूं। बांग्लादेश में निर्वाचित सरकार के गठन के साथ अनिश्चितता समाप्त हो गई है। भारत-बांग्लादेश बस सेवा के निलंबन के एक साल बाद संचालक ने सेवा को फिर से शुरू करने के लिए ढाका से पश्चिम त्रिपुरा के कृष्णानगर डिपो में एक बस मंगवाई। बस सेवा के प्रबंधक मनोरंजन देवनाथ ने बताया कि पड़ोसी देश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण भारत-बांग्लादेश बस सेवा को एक वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया था।

## गोलपाड़ा से विस्थापितों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करें: कोर्ट

**गुवाहाटी, एजेंसी**

● **कोर्ट में 60 लोगों ने दायर की थी रिट याचिका**

गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने असम सरकार को निर्देश दिया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि पिछले साल जून में गोलपाड़ा जिले में बेदखली अभियान से प्रभावित परिवारों को पीने योग्य पानी, बुनियादी चिकित्सा और स्वच्छता सुविधाएं तथा उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने कहा कि जीवन के अधिकार में गरिमापूर्ण जीवन जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार, साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति देवाशीष बरुआ के नेतृत्व वाली पीठ ने 16, 17 और 18 जून, 2025 को हाशिला बील (आर्द्रभूमि) क्षेत्र में की गई बेदखली से प्रभावित 60 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर एक रिट याचिका पर दिया।

याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि बच्चों सहित 566 परिवारों को कुछ अन्य व्यक्तियों से संबंधित पट्टा भूमि के एक छोटे से भूखंड में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि याचिकाकर्ताओं सहित प्रभावित परिवार आठ महीने से अधिक समय से घोर अभाव की स्थिति में रह रहे हैं, जहां पीने योग्य पानी, स्वच्छता, भोजन या उचित चिकित्सा देखभाल की कोई उपलब्धता नहीं है। न्यायमूर्ति बरुआ ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादियों के अधिवक्ताओं द्वारा प्रस्तुत तर्कों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि इस न्यायालय की राय है कि जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जीने का अधिकार, पीने योग्य पानी का अधिकार, स्वच्छता का अधिकार और साथ ही बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं का अधिकार शामिल है। इस न्यायालय की यह भी राय है कि 2013 के अधिनियम के तहत पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किए जाने हैं। यहां '2013 के अधिनियम' से तात्पर्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 से है।

# निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल में करेगा 480 कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती

- विस चुनाव की घोषणा से पहले दो चरणों में किए जाएंगे तैनात

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही निर्वाचन आयोग राज्य में केंद्रीय सशस्त्र बलों की तैनाती शुरू कर देगी। गृह मंत्रालय से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह तैनाती दो चरणों में होगी। शुरुआत में राज्य में कुल 480 कंपनियां तैनात की जाएंगी।

पहले चरण में एक मार्च तक 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इनमें सीआरपीएफ की 110 कंपनियां, सीमा सुरक्षा बल की 55 कंपनियां, आईटीबीपी की 27 कंपनियां, एसएसबी की 27 कंपनियां और सीआईएसएफ की 21 कंपनियां शामिल हैं। दूसरे चरण में 10 मार्च तक अतिरिक्त 240 कंपनियों को तैनात किया जाएगा। इस जत्थे में सीआरपीएफ की 120 कंपनियां, बीएसएफ की 65, आईटीबीपी की 20, एसएसबी की 19 और अन्य केंद्रीय बलों की 16 कंपनियां शामिल होंगी। गृह मंत्रालय ने औपचारिक रूप से राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को तैनाती योजना की जानकारी दे दी है और राज्य प्रशासन को आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

## शांतमनु बने जम्मू कश्मीर के ईसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राज्य चुनाव आयुक्त (ईसी) के रूप में शपथ लेने वाले पूर्व नौकरशाह शांतमनु ने इस केंद्र शासित प्रदेश में लंबे समय से लंबित पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के महत्व पर जोर दिया। यहां लोक भवन में आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी को पद की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल जवाबदेही भी हुई सुनिश्चित

डिजिटल युग में तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उदय ने एक नई और जटिल चुनौती पेश कर दी है। आज एआई के माध्यम से ऐसी सामग्री बनाना संभव है जो हूबहू वास्तविक लगती है। यह तकनीक न केवल किसी व्यक्ति की छवि को धूमिल कर सकती है, बल्कि सामाजिक शांति और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी प्रभावित कर सकती है। इसी खतरे को भांपते हुए, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 के तहत सख्त दिशा-निर्देश और परामर्श जारी किए हैं जो 20 फरवरी से लागू भी हो गए हैं। इन नियमों का प्राथमिक उद्देश्य डिजिटल विश्वास और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स केवल कैरियर नहीं रह सकते, उन्हें प्लेटफॉर्म पर मौजूद सामग्री की शुद्धता के लिए जिम्मेदार बनाया गया है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस




### सिंथेटिक सामग्री की पहचान

- कानूनी परिभाषा : नए आईटी नियमों के तहत पहली बार 'सिंथेटिक रूप से उत्पन्न जानकारी' (एसजीआई) को औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। इसमें ऐसी ऑडियो, विजुअल या ऑडियो-विजुअल सामग्री शामिल है जो एल्गोरिदम या एआई के जरिए बनाई या बदली गई हों, और जो वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं के जैसी दिखाई देती हों। यानी डीपफेक एडिटेड या डिजिटली एडिटेड तस्वीरें या वीडियो। हालांकि, सामान्य संपादन (रूटिन एडिटिंग), सुलभता उपकरण (जैसे नेत्रहीनों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच), शैक्षणिक सामग्री और सद्भावपूर्ण तकनीकी सुधारों को इन नियमों से बाहर रखा गया है, शर्त ये है कि वे सामग्री के अर्थ को न बदलें।

### यूजर्स की नई जिम्मेदारियां

- अनिवार्य घोषणा : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए अब यह जरूरी है कि वे यूजर्स से यह घोषणा लें कि उनके द्वारा अपलोड की गई सामग्री एआई से तैयार की गई है या नहीं।
- ईमानदारी की जरूरत : नई नियमावली के अनुसार, कंटेंट की प्रकृति के बारे में सच बोलने की जिम्मेदारी अब सीधे यूजर पर है। हालांकि प्लेटफॉर्म्स भी जांच करेंगे।
- लेबल और मेटाडाटा के साथ छेड़छाड़ पर रोक : यूजर्स को उन लेबल या स्थायी मेटाडाटा को हटाने, दबाने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है, जो प्लेटफॉर्म की तरफ से एआई की पहचान के लिए लगाए जाते हैं।
- कानूनी कार्रवाई को लेकर जागरूकता : प्लेटफॉर्म्स को अब हर तीन महीने में कम से कम एक बार यूजर्स को यह चेतावनी देनी होगी कि नियमों का उल्लंघन करने या एआई का गलत इस्तेमाल करने पर उन्हें सजा भुगतनी पड़ सकती है।

### प्लेटफॉर्म्स के लिए जिम्मेदारियां

- उपयोगकर्ता घोषणा : लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने उपयोगकर्ताओं से यह घोषणा लेनी होगी कि अपलोड की गई सामग्री सिंथेटिक है या नहीं।
- सत्यापन : प्लेटफॉर्म्स को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से इन घोषणाओं की सटीकता की जांच करनी होगी।
- सुरक्षा उपाय : बाल यौन शोषण सामग्री, गैर-सहमति वाली अंतरंग तस्वीरें, धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले डीपफेक को रोकने को ऑटोमैटिक एआई फिल्टर लगाने होंगे।
- तीन घंटे में निष्कासन : सरकार या अदालत के आदेश के बाद, प्लेटफॉर्म्स को अवैध एआई सिंथेटिक सामग्री को 3 घंटे के अंदर हटाना होगा। पहले 36 घंटे दिया जाता था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे में 19 झुग्गियां जलकर खाक

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे के हडपसर इलाके में बने राम मनोहर लोहिया उद्यान के पास एक श्रमिक बस्ती में कल देर रात भीषण आग लगने से 19 झुग्गियां और तीन दोपहिया वाहन जलकर राख हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यह घटना पुणे-सोलापुर रोड पर उद्यान के पीछे स्थित अस्थायी बस्ती में तड़के करीब 2 :30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि आग एक झुग्गी से शुरू हुई और तेजी से आसपास की झोपड़ियों में फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे।

### हमलों में मारे गए तीन हिजबुल्लाह कमांडर

**बेरूत।** इज़राइल की ओर से लेबनान के पूर्व में किए गए हवाई हमलों में हिज़्बुल्लाह समूह के तीन कमांडर और आठ सैनिक मारे गए, जबकि 35 अन्य घायल हो गए। लेबनान की सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने शुक्रवार को शुरुआती आंकड़ों की रिपोर्ट दी, जिसमें कहा गया कि पूर्वी लेबनान के रियाक में एक बिल्डिंग पर हुए हवाई हमलों में 10 से ज़्यादा लोग मारे गए और 30 से ज़्यादा घायल हो गए। लेबनान नागरिक रक्षा के एक सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है।

### यूनान में प्रवासियों की नाव पलटने से 5 मरे

**एथेंस।** यूनान के सबसे बड़े द्वीप क्रीट के दक्षिण में शनिवार तड़के दर्जनों लोगों को ले जा रही एक लकड़ी की नाव के पलट जाने से पांच प्रवासियों की मौत की पुष्टि हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब प्रवासी समुद्र के रास्ते यूरोप में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। यूनानी तटरक्षक बल द्वारा बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है ताकि लापता लोगों का पता लगाया जा सके। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नाव पर कुल कितने लोग सवार थे।

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में लोअर कैथू क्षेत्र स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक मृत पाए गए। मृतक की पहचान इंग्लैंड के 46 रटलैंड रोड निवासी बैरी एल्विन मॉस के रूप में हुई है। दोपहर करीब 12 बजे कैथू स्थित चितकारा पार्क के पास रहने वाले स्थानीय निवासी सूर्यवंशी ने सूचना दी कि उनके होटल के कमरा संख्या 103 में ठहरे एक विदेशी अतिथि अचेत पड़े हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान पर सीमित सैन्य हमला करने पर कर रहे विचार

## ईरानी विदेश मंत्री ने कहा- कुछ ही दिनों में तैयार कर लेंगे परमाणु समझौते का मसौदा

- ईरान ने कहा-क्षेत्र में अमेरिकी सेना की अधिक तैनाती गैरजरूरी

तेहरान/ वाशिंगटन, एजेंसी



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ संभावित परमाणु समझौते का मसौदा दो-तीन दिन में तैयार कर लेगा, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान पर सीमित सैन्य हमले करने पर विचार कर रहे हैं। अराघची ने एमएसएनबीसी चैनल को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि मेरा अगला कदम एक संभावित समझौते का मसौदा अपने अमेरिकी समकक्षों को सौंपना है।

यह मसौदा अगले दो से तीन दिनों में तैयार हो जाएगा। मसौदा पश्चिमी एशिया में अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ़ को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों को एक अच्छे निष्कर्ष की ओर काम करने से पहले एक और चर्चा के दौर की जरूरत होगी। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने मंगलवार को हुए अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर में कहा था कि ईरान ने अपने देश में यूरेनियम संवर्धन खत्म करने का प्रस्ताव नहीं रखा है, न ही अमेरिका ने ऐसी कोई मांग की है। अराघची ने कहा कि एक न्यायपूर्ण और बराबरी वाला समझौता हो सकता है, लेकिन पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सेना की बढ़ती उपस्थिति बिल्कुल अनावश्यक है। दूसरी ओर, ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर समझौता करने के लिए दबाव बनाने की खातिर सीमित हमला करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा, ऐसा कह सकते हैं कि मैं इसपर विचार कर रहा हूं। अराघची ने ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के बारे में नवीनतम जानकारी देने के लिए अपने मिस्र और रूसी समकक्षों के साथ फ़ोन पर बातचीत की।

### रूस-मिस्र ने किया कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत

मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने ईरान और अमेरिका के बीच चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया का स्वागत किया। उन्होंने आग्रह किया कि शामिल पार्टियों के लिए एक स्वीकार्य खाका हासिल करने के लिए बातचीत जारी रहें। एक अलग फ़ोन कॉल में, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि वह ऐसी बातचीत का समर्थन करते हैं, जिसका मकसद अप्रसार संधि के सिद्धांतों के तहत ईरान के वैध अधिकारों के सम्मान के आधार पर बराबर राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान ढूंढना है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र (संरा) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संरा ईरान के हालात को लेकर बहुत चिंतित है।

### जापान ने जारी की 50 से अधिक देशों के लिए यात्रा चेतावनी

**टोक्यो।** जापान ने शनिवार को पश्चिम एशिया में हाल के तनाव के मद्देनजर 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों के लिए यात्रा पर सतर्कता चेतावनी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि हालात में अचानक बदलाव होने की संभावना बनी हुई है और इससे अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं, न केवल पश्चिम एशिया बल्कि अमेरिका और यूरोप सहित अन्य भागों में भी। पश्चिम एशिया से बाहर, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्र सहित अप्रत्याशित घटनाएं हो सकती हैं। यदि तनाव और बढ़ता है तो इससे हवाई मार्गों के बंद होने और हवाई अड्डों के अस्थायी रूप से बंद हो जाने की संभावना है।

# सर्वसम्मति पर आधारित होगा हिंद महासागर में संयुक्त समुद्री तंत्र

- गोवा समुद्री सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर बोले नौसेना प्रमुख

पणजी, एजेंसी

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने शनिवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में प्रस्तावित कोई भी संयुक्त समुद्री तंत्र भागीदार देशों के बीच आम सहमति पर आधारित होगा। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने इसके साथ ही क्षमता निर्माण प्रयासों में भागीदार देशों के लिए भारत के समर्थन का आश्वासन दिया। एडमिरल त्रिपाठी ने गोवा समुद्री सम्मेलन (जीएमसी) 2026 के दौरान एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन के पहले सत्र में हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें संयुक्त कार्य बल जैसी व्यवस्था की संभावना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, जीएमसी आम सहमति पर आधारित है। सभी देशों के बीच आम सहमति होनी चाहिए। सभी देशों के बीच सहमति होना जरूरी है। हम सबकी क्षमताएं अलग-अलग हैं, इसलिए हर देश जो योगदान दे सकता है, उसे ध्यान में रखना होगा। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नजदीकी परिचालन सहयोग का विचार सर्वमान्य है और संयुक्त कार्य बल के तौर तरीके पर सामूहिक रूप से काम करना होगा। उन्होंने एक पिछली पहल का उल्लेख करते हुए इंडियन ओशन शिप (आईओएस) एसएजीएआर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) का उल्लेख किया, जिसके तहत पिछले साल हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 10 देशों के कर्मी एक भारतीय नौसैना के प्लेटफार्म पर सवार हुए और 41 दिनों तक एकसाथ सफर करते हुए पूरे क्षेत्र के बंदरगाहों का दौरा किया।

नौसेना प्रमुख ने कहा कि विभिन्न देशों के समुद्री और राजनीतिक नेतृत्व सहित हमें जो अनुभव और प्रतिक्रिया मिली, वह बहुत सकारात्मक थी। इसी के आधार पर हमने इस वर्ष आईओएस एसएजीएआर 2.0 आयोजित करने का निर्णय लिया है। हम तिथि तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल, जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) देशों के अधिकारी और नाविक एक साथ नौकायन और काम करते हैं, समुद्री वातावरण की एक साझा समझ विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि जब वे एकसाथ नौकायन करते हैं और मिलकर काम करते हैं, तो वे जिस समुद्री वातावरण को देखते हैं चाहे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से या अपनी आंखों से वह एक समान होता है। इसलिए, उनके बीच एक साझा समझ होती है, जिससे स्वाभाविक रूप से एक-दूसरे के विचारों की अधिक स्वीकृति होगी और सहभागी देशों के बीच अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी।



### मादक पदार्थ ट्रेड बड़ी समुद्री चुनौती

क्षेत्र में उभरती चुनौतियों पर, एडमिरल त्रिपाठी ने कहा कि हिंद महासागर का विशाल विस्तार जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है, लगातार निगरानी को एक बड़ी चुनौती बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से मादक पदार्थ के व्यापार, मानव तस्करी और समुद्री आतंकवाद जैसे मुद्दों से निपटने के लिए वास्तविक समय में सूचनाओं के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर बल दिया।

## महाराष्ट्र में परीक्षा से पहले ही 12वीं का पेपर आउट

**नागपुर।** महाराष्ट्र बोर्ड द्वारा नागपुर में आयोजित 12वीं के रसायन विज्ञान की परीक्षा होने से पहले प्रश्नपत्र के कथित तौर पर सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद पुलिस पेपर लीक के एक संदिग्ध मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि परीक्षा में कदाचार का यह मामला बुधवार को एक माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में सामने आया। उनके मुताबिक, एक छात्रा के बार-बार शौचालय जाने से संदेह उत्पन्न हुआ। परीक्षकों ने छात्रा के फोन की जांच की तो पता चला कि परीक्षा शुरू होने से पहले ही एक व्हाट्सएप समूह पर प्रश्नपत्र साझा किया गया था। उसी समूह में संभावित उत्तरों को भी साझा किया गया था।

## नहर में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 7 जवान घायल

- जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास हुआ हादसा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के पास शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वाहन के नहर में गिर जाने से सात जवान घायल हो गए। यह हादसा सुबह डागपोरा-उमरहेयर रोड पर अहमदनगर क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण गाड़ी सड़क से फिसलकर नहर में जा गिरी। घटना के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया और सभी घायल जवानों को तुरंत श्रीनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद नहर से सीआरपीएफ वाहन को बाहर निकालने के लिए भी अभियान चलाया गया।

### गांदरबल में सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय किया आईईडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि आईईडी को एक बैग में रखकर जिले के सफापोरा इलाके में कोहेस्तान कॉलोनी के पास गुलाब शेख मोहल्ले में सड़क किनारे रखा गया था।

## दक्षिणी नेपाल के रौतहट जिले में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू।** दक्षिणी नेपाल में मधेस प्रांत के रौतहट जिले में दो गुटों के बीच हुई झड़पों के बाद तनाव बढ़ने पर कुछ हिस्सों में शनिवार को कर्फ्यू लगा दिया गया। गुरुवार शाम को एक विवाद के बाद दो समुदायों के बीच झड़पें शुरू हुईं, जिसके बाद शुक्रवार और शनिवार सुबह तक जारी रही हिंसा में आठ लोग घायल हो गए। मुख्य जिला अधिकारी दिनेश सागर भुसाल के अनुसार, शनिवार दोपहर एक बजे से जिला मुख्यालय गौर और अन्य हिस्सों में अगले आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने बताया कि यह निर्णय रौतहट जिला सुरक्षा समिति द्वारा लिया गया है। जिला प्रशासन ने कर्फ्यू क्षेत्र में लोगों की आवाजाही, सभाओं, रैलियों और प्रदर्शनों पर रोक लगा दी है।

## अजित पवार विमान दुर्घटना मामले में साजिश की जांच हो

- विधायक रोहित पवार ने पीएम मोदी और गृहमंत्री को भेजा पत्र

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को आरोप लगाया कि बड़े व्यवसायी और नेता 28 जनवरी को पुणे के बारामती में हुए विमान दुर्घटना की जांच में विलंब और उसे नियंत्रित करने की साजिश कर रहे हैं जिसमें उनके चाचा एवं महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मौत हो गई थी।

दो बार के विधायक पवार ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखा है, जिसमें उनसे तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू को हटाने की अपील की गई है, जो सत्ताधारी भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की साझेदार है।

रोहित पवार ने मीडिया से कहा, मैं मोदी जी से आग्रह करता हूं कि नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के मामले में तुरंत कार्रवाई करें। वीएसआर कंपनी और उनकी पार्टी के बीच रिश्तों पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इन रिश्तों की जांच एक स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी से होनी चाहिए। अगर ज़रूरी हो तो अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जांच होने तक राम मोहन नायडू को मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा जाए।

## विमान खरीदने पर मरियम नवाज पर साधा निशाना

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज अपने निजी इस्तेमाल के लिए 11.7 अरब पाकिस्तानी रुपये का एक आलीशान विमान खरीदने के मामले में कड़ी आलोचनाओं का सामना कर रही हैं। स्ट्रैटकॉम ब्यूरो के अनुसार, पंजाब सरकार ने वीआईपी परिवहन के लिए 2019 में निर्मित एक नया गल्फस्ट्रीम जी500 विमान खरीदा है। विमान की अनुमानित कीमत लगभग 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि मरियम नवाज प्रशासन ने प्रस्तावित एयर पंजाब बेड़े के हिस्से के रूप में 19 सीट वाला वीआईपी विमान हासिल किया है। विपक्षी दलों ने मरियम नवाज की विलासितापूर्ण जीवन शैली की कड़ी आलोचना की है।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 22 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 11.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- अश्विनी 17 .54 तक तत्पश्चात भरणी।

**मेष** — आज एकाग्र होकर अपनी परेशानियों के विषय में विचार करें। किंतु समस्याओं को किसी बाहरी व्यक्ति से शेयर न करें। आपका मन कुछ नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकता है। परिवार में आपको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** — आज आपके ऊपर काम का दबाव अचानक से बढ़ सकता है। उधार दिए हुए धन की वापसी को लेकर समस्या हो सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार धन लाभ नहीं होगा। पेटदर्द की समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों में टकराव देखने को मिल सकता है।

**मिथुन** — आज अपनी सेहत को लेकर अत्यधिक सजग रहेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। मित्रों की सलाह से लाभ होगा। आवश्यक कार्यों को कल पर न टालें। व्यवहार में विनम्रता के कारण लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के पूर्वार्ध में कर लें। ऑनलाइन व्यवसाय से अत्यधिक लाभ मिल सकता है। राजनीति में आपका रुझान बढ़ सकता है। घर में मेहमान आ सकते हैं। निजी रिश्तों में दूरियां बढ़ने की संभावना है।

**सिंह** — आज निजी समस्याओं को लेकर आपको शुभचिंतकों से उत्तम सलाह मिल सकती है। व्यापार से आपको अपेक्षित लाभ मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अत्यधिक सक्रिय हो सकते हैं। मन में दूसरे कार्यों के कारण भटकाव हो सकता है।

**कन्या** — आज उच्च अधिकारियों से आपको प्रशंसा मिलेगी। आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी रहने वाली है। दिखावे के चक्कर में आपको नुकसान हो सकता है। वित्तीय मामलों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**तुला** — आज आप कुछ नया सीखने को लेकर उत्साहित रहेंगे। कोई विरोधी आपकी प्रशंसा कर सकता है। मन का भय दूर होगा। आप किसी पुराने केस को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपको योजनाओं से हटकर काम करना पड़ सकता है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग अत्यधिक आकर्षित होंगे। पारिवारिक कामों में आपको धन खर्च करना पड़ेगा। अपने शत्रुओं को नजरअंदाज न करें।

**धनु** — आज अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। अपने ज्ञान के दायरे को बढ़ाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में अनुशासन कम हो सकता है। वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय रहेगा। संतान के व्यवहार से आपका मन आनंदित रहेगा।

**मकर** — आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक होने की संभावना है। संतान के व्यवहार से मन आनंदित रहेगा। कार्यशैली में बड़ा सुधार कर सकते हैं। उच्च शिक्षा की परेशानियां दूर होंगी। माता-पिता से सलाह लेकर नया काम शुरू करें।

**कुंभ** — आज आप दूसरों की परेशानियों को समझकर उनकी सहायता करेंगे। कारोबार में आयवृद्धि होगी। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मीन** — आज आपको धैर्य रखना होगा। कार्यक्षेत्र के वातावरण से असहज हो सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से मन व्यथित हो सकता है। अति आत्मविश्वास के कारण नुकसान झेलना पड़ सकता है। व्यवसाय में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

## सुडोकू -69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |



> यह एक जबरदस्त मैच होने वाला है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका कोई आसान टीम नहीं है, वे पक्का मुकाबला करेंगे। और यह 2024 के वर्ल्ड कप फाइनल का रिपीट है, इसलिए हर कोई इसका इंतजार कर रहा है।
>
> – रवि शास्त्री


# स्टेडियम

हल्द्वानी, रविवार, 22 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| इंग्लैंड-श्रीलंका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### वीनस विलियम्स को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड मिला

**इंडियन वेल्स (अमेरिका)।** सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस विलियम्स को अगले महीने दक्षिणी कैलिफोर्निया में होने वाले बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल और युगल ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। यह 45 वर्षीय खिलाड़ी 2024 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। उस समय भी उन्हें वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था लेकिन वह पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। वीनस तीन बार इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। उन्होंने 2001 की एक विवादित घटना के बाद 2002 से लेकर 2016 तक इस प्रतियोगिता का बहिष्कार किया था।

### संन्यास के नौ साल बाद वापसी करेंगे मेवेदर

**लॉस एंजिलिस।** दिग्गज मुक्केबाज फ्लॉयड मेवेदर ने कहा है कि वह नौ साल के अपने संन्यास को समाप्त करके इस साल गर्मियों में प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी करेंगे। मंगलवार को 49 वर्ष के होने वाले मेवेदर ने 2017 के बाद से कोई पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबला नहीं लड़ा है। तब उन्होंने कॉनर मैकग्रेगर को हराया था। इस मुकाबले के बाद मेवेदर (50-0, 27 नॉकआउट) ने अपने करियर में तीसरी बार संन्यास की घोषणा की थी। पांच बार के पूर्व विश्व चैंपियन मेवेदर का रिंग में कोई सानी नहीं है। उन्होंने अब तक हर पेशेवर मुकाबला जीता है। संन्यास लेने के बाद भी वह प्रदर्शनी मुकाबलों में हिस्सा लेते रहे हैं।

### बांठिया-डोंस्की ने युगल का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के सिद्धांत बांठिया और बुल्गारिया के अलेक्जेंडर डोंस्की की जोड़ी ने दिल्ली ओपन युगल खिताब जीत लिया। एकल ड्रॉ में पांचवीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड का सामना यूनान के गैर वरीय स्टेफानोस साकेलारिडिस से होगा। बांठिया और डोंस्की ने दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के निकी पूनाचा और इंडोनेशिया के प्रूय्या इसारो को 4-6, 6-4, 12-10 से हराया। यह बांठिया के कैरियर का दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब है। उन्होंने दोनों खिताब डोंस्की के साथ ही जीते हैं।

### अर्जेंटीना के एचेवेरी सेमीफाइनल में

**रियो डी जेनेरियो।** अर्जेंटीना के आठवें सीडेड टॉमस मार्टिन एचेवेरी शुक्रवार को पुर्तगाल के जैमे फारिया को 7-6 (7-4), 6-4 से हराकर रियो ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए। एचेवेरी ने अपने पहले सर्व पर 80% पॉइंट जीते और नौ एस लगाकर जॉकी क्लब ब्रासीलीरो की आउटडोर क्ले कोर्ट पर दो घंटे और चार मिनट में मैच अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड नंबर 147 फारिया अपने पांच ब्रेक पॉइंट मौकों में से किसी को भी भुना नहीं पाए और 21 अनफोर्स्ड गलतियां कीं। एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एचेवेरी का मुकाबला 87वीं रैंक के विट कोप्रिवा से होगा, जिन्होंने अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल को 6-4, 6-4 से हराया।

# तिलक और सूर्यकुमार को संभालनी होगी जिम्मेदारी

## टी-20 विश्व कप : द. अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 का मैच आज



एडेन मार्करम (कप्तान)

**अहमदाबाद, एजेंसी**

ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतकर खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत करने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की बड़े शॉट खेलने के बजाय स्थिर बल्लेबाजी करने की बदली हुई रणनीति की परीक्षा होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, केशव महाराज और एडन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

दोनों टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सलामी बल्लेबाज ईशान किशन (दो अर्धशतक और 202 का स्ट्राइक रेट) को छोड़कर शीर्ष चार में शामिल अन्य तीन बल्लेबाजों ने अभी तक कोई खास कमाल नहीं दिखाया है। अभिषेक शर्मा लगातार तीन मैच में शून्य पर आउट हो चुके हैं और उन्हें टूर्नामेंट में अपने पहले रन का इंतजार है। सूर्यकुमार और तिलक ने हालांकि सूत्रधार की भूमिका निभाई है लेकिन इन दोनों ने ऐसी पिचों पर सहज प्रदर्शन नहीं किया है जहां गेंद रुककर आ रही हो। भारत रन बनाने के लिए हार्दिक पंड्या (स्ट्राइक रेट 155) और शिवम दुबे (स्ट्राइक रेट 178) पर भी काफी हद तक निर्भर रहा है। टीम को इन दोनों ऑलराउंडर से फिर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अभिषेक के लगातार दो बार ऑफ स्पिनरों के हाथों आउट हुए हैं और इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मार्क्रम पावरप्ले में ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं या नहीं। भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

### टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं : कप्तान

**अहमदाबाद।** भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ओपनर अभिषेक शर्मा का साथ दिया है, जो अभी चल रहे टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, क्योंकि टीम रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले सुपर 8 मैच की तैयारी कर रही है। सूर्यकुमार ने साफ किया कि टीम मैनेजमेंट अभिषेक के लगातार कम स्कोर से परेशान नहीं है। भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के इस बल्लेबाज की काबिलियत पर अपना भरोसा दोहराया और उम्मीद जताई कि टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ ही टॉप रैंक वाला टी20 बल्लेबाज जल्द ही अपनी फॉर्म में वापस आ जाएगा। सूर्या ने कहा मुझे उन लोगों की चिंता है जो अभिषेक के फॉर्म को लेकर परेशान हैं; मुझे उनकी चिंता है। वे अभिषेक के फॉर्म को लेकर इतने परेशान क्यों हैं? लेकिन मैं उन टीमों के बारे में सोचता हूं जो उसके खिलाफ खेलने वाली हैं।

● दक्षिण अफ्रीका के पास है मजबूत गेंदबाजी आक्रमण, जो लेगा भारत की कठिन परीक्षा

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

### काली मिट्टी की पिच पर होगा मैच, स्पिन की उम्मीद कम

**अहमदाबाद।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को सुपर आठ चरण का मैच नियमित काली मिट्टी पर खेला जाएगा, जिससे स्पिनरों को शायद मदद नहीं मिले और इससे टीम प्रबंधन के सामने दुविधा हो गई है कि अतिरिक्त स्पिनर को चुने या तेज गेंदबाज का। अक्षर पटेल टीम में वॉशिंगटन सुंदर की जगह ले सकते हैं। डैथ ओवरों में अर्शदीप सिंह की उपयोगिता को देखते हुए भारतीय टीम तीसरे स्पिनर के तौर पर कुलदीप यादव को शामिल करने से पहले काफी सोच विचार करेगी। मोटेरा मैदान पर सभी तीन तरह की पिचें हैं, लाल मिट्टी, काली मिट्टी और मिश्रित मिट्टी की। इस मैच के लिये काली मिट्टी की पिच तैयार की गई है जिससे अच्छा उछाल मिलेगा। इससे घास पूरी तरह से छांट दी गई है। मोटेरा में क्रिकेट खेलते आये गुजरात के एक पूर्व कप्तान ने कहा कि इससे स्पिनरों को टर्न नहीं मिलेगी।



सूर्यकुमार यादव (कप्तान)

# सुपर-8 का पहला मुकाबला बारिश से रद्द

**पल्लेकल, एजेंसी**

न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप दो का मैच शनिवार को बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बगैर रद्द कर दिया गया। इससे दोनों टीमों को एक एक अंक बांटना पड़ा। हल्की बूंदाबांदी के बीच पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था। लेकिन अचानक तेज बारिश होने लगी जिससे मैच रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

पाकिस्तान ने टीम में ख्वाजा नफे की जगह फखर जमां को शामिल किया था। वहीं न्यूजीलैंड टीम में तीन बदलाव किये गए थे। कप्तान मिचेल सेंटनेर पेट के संक्रमण से उबरकर टीम में लौटे जबकि लॉकी फर्ग्यूसन और ईश सोढी को भी अंतिम एकादश में शामिल किया गया। अब पाकिस्तान को 24 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। न्यूजीलैंड टीम 25 फरवरी को श्रीलंका से खेलेगी।

मैच रद्द होने से न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के लिए राह कठिन हो सकती है जिन्हें सुपर आठ में दो दो मैच और खेलने हैं। श्रीलंका के मौसम को देखते हुए अगर आगे कोई मैच रद्द होता है या हार का सामना करना पड़ता है तो सेमीफाइनल के रास्ते बंद हो सकते हैं।



टॉस के बाद बारिश शुरू होने के कारण मैदान को ढक दिया गया।

● पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को मिला 1-1 अंक

### एक हार पड़ सकती है दोनों टीमों के लिए भारी

अगर पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड की टीम अपने अगले दो मैच जीत जाती है तो वह सेमीफ़ाइनल में पहुंच जाएंगे लेकिन एक हार उन्हें तीन अंकों तक सीमित कर सकती है, जिससे उनपर बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा।

# श्रीलंका के खिलाफ पिछली शृंखला के प्रदर्शन से प्रेरणा लेगा इंग्लैंड

**पल्लेकल (श्रीलंका), एजेंसी**

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट से पहले शृंखला में क्लीन स्वीप करने के प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड ने इसी महीने की शुरुआत में श्रीलंका को टी20 शृंखला में 3-0 से हराया था और वह सुपर आठ के मैच में अपने इस प्रदर्शन को जारी रखने की कोशिश करेगा।

इंग्लैंड का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन अभी तक प्रभावशाली नहीं रहा है। उसे एसोसिएट देशों के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था जबकि पूर्व चैंपियन वेस्टइंडीज से उसे हार मिली थी। सह-मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड और ओमान पर जीत के साथ शुरुआत की। उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके उसे आठ विकेट से हराया। लेकिन गुरुवार को कोलंबो में अपने आखिरी ग्रुप मैच में जिम्बाब्वे से हारने के बाद श्रीलंकाई टीम की लय बिगड़ गई। दोनों टीमों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जिसमें श्रीलंका घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। दूसरी तरफ इंग्लैंड उस स्थान पर अपनी लय वापस हासिल करने की कोशिश करेगा जहां उसने कुछ दिन पहले अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड ने लीग चरण के अपने सभी मैच भारत में खेले हैं और श्रीलंका लौटकर खुश होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद शतक जड़ने वाले श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। वह इस टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले तीन खिलाड़ियों में से एक हैं।





श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका और इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक।

### टीम

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रुक (कप्तान), टॉम बैंटन, जोस बटलर, बेन डकेट, फिल साल्ट, जैकब बेथेल, सैम करेन, लियाम डॉसन, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

**श्रीलंका :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, पथुम निसांका, कुसल परेरा, पवन रत्नायके, चैरिथ असालंका, दुशान हेमंथा, जेनिथ लियानगे, कामिंदु मेंडिस, दुशमंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन, महीश तीक्षाना, डुनिथ वेललागे।

# टी-20 शृंखला में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक जीत

**एडिलेड, एजेंसी**

भारत ने उप कप्तान स्मृति मंधाना (82 रन) और करिश्माई बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स (59 रन) के बीच शतकीय साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को यहां निर्णायक तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया पर 17 रनों से शिकस्त देकर इस मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक दशक में पहली द्विपक्षीय टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला अपने नाम की।

मंधाना (55 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के) और रोड्रिग्स (46 गेंद में चार चौके) ने मिलकर 121 रन की साझेदारी निभाकर भारत को छह विकेट पर 176 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचाया। फिर भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की जिसमें युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल (22 रन देकर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी की अगुआई करने वाली रेणुका सिंह (29 रन देकर एक विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को झकझोरते हुए स्कोर तीन विकेट पर 32 रन कर दिया।

इन शुरुआती झटकों ने भारत के दबदबे भरे प्रदर्शन की शुरुआत की और अंत में उसने मेजबान टीम को 20 आवेर में नौ विकेट पर 159 रन पर रोककर टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज में 2-1 से यादगार जीत दर्ज की। इस तरह भारत ने 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीती। बाएं हाथ की युवा स्पिनर श्री चरणी (तीन विकेट) ने भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाते हुए तीन विकेट प्राप्त किए।



जीत का जश्न मनाती भारतीय महिला टीम।

### जेमिमा के रवैये से लय हासिल करने में मिली मदद: मंधाना

**एडीलेड।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि जेमिमा रौड्रिग्स के साहसी रवैये से उन्हें धीमी शुरूआत के बाद लय हासिल करने में मदद मिली जिसके दम पर भारत ने आस्ट्रेलिया को तीसरे टी20 मैच में शनिवार को 17 रन से हराया। मंधाना ने 82 रन बनाये जबकि जेमिमा ने 59 रन की पारी खेली और दोनों ने 121 रन की साझेदारी करके भारत को छह विकेट पर 176 रन तक पहुंचाया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया को नौ विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। मंधाना ने मैच के बाद कहा जब वह आई तब मैं 16 गेंद पर 15 रन बनाकर खेल रही थी। उसने आकर तीन चार चौके लगाये और मुझे लय हासिल करने के लिये समय मिल गया। उन्होंने कहा ये छोटी छोटी चीजें हैं जिन पर ध्यान नहीं जाता।

**कलह** | विश्व कप न खेलने का मलाल, बोले-तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया गया

# पूर्व खेल सलाहकार पर भड़के बांग्लादेश के सहायक कोच

**ढाका, एजेंसी**

बांग्लादेश के सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन ने पूर्व खेल सलाहकार आसिफ नजरुल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया है कि उन्होंने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और मौजूदा टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी के संबंध में अपना रुख बदल दिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के फैसले को स्वीकार करना बेहद मुश्किल था। उन्होंने दावा किया कि टीम के दो सदस्य मानसिक रूप से बुरी तरह टूट गए थे।

नजरुल ने शुरू में यह दावा किया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत की यात्रा न करने का फैसला सरकार ने लिया था। लेकिन अपने पद से इस्तीफा देने के बाद वह इससे मुकर गए और उन्होंने कहा था कि यह फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड और खिलाड़ियों ने लिया था।

सलाहुद्दीन ने पत्रकारों से कहा उन्होंने सरासर झूठ बोला। मैं भी एक शिक्षक हूं और शिक्षक आम तौर पर कम झूठ बोलते हैं। वह इस तरह खुलेआम झूठ बोलेंगे। मैं सचमुच इसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं खिलाड़ियों को अपना चेहरा कैसे दिखाऊंगा। उन्होंने तो एकदम यू-टर्न ले लिया। सलाहुद्दीन ने कहा कि फैसला लेने में खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने कहा, वह ढाका विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं। मेरे देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान का कोई व्यक्ति इस तरह का झूठ बोल रहा है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। हम इसे कैसे स्वीकार कर सकते हैं। उन्होंने पहले कुछ कहा और बाद में अपने बयान से पलट गए। बांग्लादेश ने अपने मैच खेलने के लिए भारत आने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में उसकी जगह शामिल किया गया था। सलाहुद्दीन ने कहा कि टी20 विश्व कप से बाहर किए जाने के बाद खिलाड़ी बेहद निराश थे। उन्होंने कहा विश्व कप में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है और उनका सपना एक पल में चकनाचूर हो गया। मैं जानता हूं कि हमारे दो खिलाड़ी पांच दिन तक सदमे में रहे। वे पूरी तरह से टूट चुके थे।



सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन।

### आईसीसी का राजस्व मॉडल है प्रतिकूल : नीदरलैंड्स

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड क्रिकेट बोर्ड के सदस्य राशिद शाह का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का मौजूदा वाणिज्यिक मॉडल एसोसिएट देशों के प्रतिकूल है क्योंकि इसमें अधिकांश हिस्सा टेस्ट खेलने वाले देशों को दिया जाता है। वर्ष 2024 से 2027 तक के चक्र में आईसीसी के राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत यानी अनुमानित 231 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष भारत को मिलेगा। आईसीसी अपने राजस्व का सबसे बड़ा हिस्सा भारत से हासिल करता है जिसमें मीडिया अधिकार प्रमुख हैं। शाह ने हालांकि बीसीसीआई की उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।